दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — जिला प्रशासन ने नशेड़ियों और...

4 अभिव्यक्ति — राजनैतिक स्वार्थों की भेंट...

9 मनोरंजन/व्यापार — शार्ट फिल्म में काम करने में अधिक...

11 खेल — आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड ने की...

www.navpradesh.com

रायपुर, शनिवार 14 दिसम्बर, 2019, कृषणपक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-299 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

हैदराबाद में रेपिस्टों के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद भी देश में दुष्कर्मियों के हौसले बुलंद है। उत्तर प्रदेश के बागपत में एक पीड़िता को आरोपी ने उसके घर के बाहर पोस्टर लगाकर खुलेआम धमकी दी है कि अगर उसने कोर्ट में बयान दिया तो उसका हश्र उन्नाव की पीड़िता के अंजाम से भी ज्यादा भयानक होगा। लगता है कि अपराधियों में कानून का कोई खौफ ही नहीं है। हो भी कैसे? जब निर्भया कांड के आरोपी छह साल बाद भी जेल में मुफ्त की रोटियां तोड़ रहे हो तो ऐसे कानून से कौन डरेगा? जागो सरकार जागो।

नागरिकता संशोधन बिल: कई राज्यों की तरह दिल्ली हुकूमत की बात मानने से छत्तीसगढ़ सरकार का इंकार

दिल्ली कूच से पहले सीएम दहाड़े, बोले यहां नहीं लागू होगा कैब

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भारत बचाओ आंदोलन के लिए रवाना
- भारतीय पासपोर्ट में कमल निशान पर बोले स्तर बेहद नीचे गिरा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। लोकसभा में बहुमत और राज्यसभा में *शेष पृष्ठ 8 पर*

बघेल और सिंहदेव के कैब बिल पर एक सूर

उन्होंने यह बयान स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के ट्विट के जवाब में कही है. मंत्री सिंहदेव ने ट्विट करते हुए कहा था कि संवैधानिक मूल्यों पर हमले की इस बिल को हम अपने राज्य में लागू नहीं होने देंगे। सीएम भूपेश ने पासपोर्ट में कमल का निशान छापे जाने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का स्तर इतना नीचे गिर गया है. पार्टी सिंबोल कमल को पासपोर्ट में छापवा रही है. इससे और कितना नीचे गिरेगी. सुबह मंत्री सिंहदेव ने भी ट्वीट के जरिए सवाल उठाते हुए पूछा था कि क्या भाजपा का पार्टी चिन्ह अब पासपोर्ट पर राष्ट्रीय प्रतीक की जगह लेने जा रहा है? टीएस सिंहदेव ने इस बात पर भी सवाल उठाए था कि अब देश में आगे क्या होगा?

सिंहदेव का सीएम से आग्रह न करें बिल लागू

नागरिकता संशोधन विधेयक को देश के दोनों सदनों ने मंजुरी दे दी है और अब विधेयक कानून का रुप से चुका है। ऐसे में इस कानून के साथ ही इसे लागू नहीं किए जाने को लेकर बातें सामने आ रही हैं। सबसे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी फिर पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने यह कहा है। कोई भी कानून जो धार्मिक आधार पर लोगों को विभाजित करने का प्रयास करता है, वह अवैध, अनैतिक और असवैधानिक है। भारत की ताकत इसकी विविधता में निहित है और सीएबी बिल-2019 संविधान के मूल सिद्धांत का उल्लंघन करता है। इसलिए मेरी सरकार बिल को पंजाब में लागू नहीं होने देगी। मंत्री सिंहदेव ने ट्वीट में कहा वे बिल के खिलाफ हैं और छग.में लागू न करें इसके लिए सीएम से आग्रह करेंगे।

क्राइम ग्राफ पर सीएम का बड़ा बयान

कहा घटनाएं तो घटती हैं, लेकिन पुलिस बखूबी दायित्व निभा रही, तत्काल आरोपी पकड़े जा रहे

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों को लेकर हर कोई चिंतित है. चिंता इस बात को लेकर है कि लगातार हो रही घटनाओं पर लगाम कैसे लगे? इस सवाल का जवाब जब पत्रकारों ने सरकार से किया तब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि घटनाएं तो घटती हैं, लेकिन पुलिस तो मुस्तैद है। अपराधी तत्काल पकड़े जा रहे हैं और पुलिस अपना दायित्व बखूबी निभा रही है। उन्होंने पुलिस की तारीफ करते हुए ये *शेष पृष्ठ 8 पर...*

खास खबर

निर्भया की मां ने सुको में दायर की हस्तक्षेप याचिका

नई दिल्ली, (वार्ता)। दिल्ली में 2012 के सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता निर्भया की मां आशा देवी ने मामले के एक दोषी अक्षय कुमार सिंह की पुनर्विचार याचिका के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में हस्तक्षेप की अर्जी दी है। पीड़िता की मां की तरफसे पेश हुए वकील ने मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली एक पीठ के समक्ष इस मामले का विशेष उल्लेख किया और इस मामले के एक दोषी अक्षय की पुनर्विचार याचिका का विरोध किया।

सबरीमाला विवाद: सुको ने कोई आदेश देने से किया इंकार

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने केरल के सबरीमला मंदिर में जाने से रोक दी गई महिला रेहाना फातिमा और बिंदु अम्मिनी की याचिकाओं पर कोई आदेश देने से शुक्रवार को मना कर दिया। मुख्य न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि कुछ मुद्दे ऐसे हैं जिनसे देश में हालात विस्फोटक हो सकते है, यह मुद्दा भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा, हम कोई हिंसा नहीं चाहते, मंदिर में पुलिस की तैनाती कोई बहुत अच्छी बात नहीं है।

एडीआर की याचिका पर चुनाव आयोग को सुको का नोटिस

नई दिल्ली, (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने वोटों की गिनती में गड़बड़ी संबंधी एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर चुनाव आयोग को शुक्रवार से जवाब तलब किया। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए उससे जवाब तलब किया। मामले की सुनवाई अब अगले साल फरवरी में होगी।

राहुल के बयान पर बीजेपी का हंगामा, माफी की मांग

स्मृति ने जताया विरोध, दंडित करने की मांग

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा में आज राहुल गांधी के रेप को लेकर दिए गए बयान को लेकर जमकर हंगामा हुआ। बीजेपी की महिला सांसदों स्मृति इरानी, लॉकेट चटर्जी और अन्य सांसदों ने राहुल के बयान को लेकर नाराजगी जाहिर की। बीजेपी की ओर से राहुल गांधी की माफी की मांग की गई। स्मृति इरानी ने कहा कि गांधी खानदान के बेटे ने, सदन के सांसद ने महिला के बलात्कार का आह्वान किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी राहुल के बयान को आहत करनेवाला बताया। बीजेपी ने स्पीकर से राहुल की सदस्यता रद्द करने की मांग की जबकि कांग्रेस ने बोलने का मौका देने का अनुरोध किया। हंगामे के बाद आखिरी दिन 2 बार लोकसभा को पहले आधे घंटे और फिर 15 मिनट के लिए स्थगित किया गया, इसके बाद स्पीकर ने सत्र के समापन का ऐलान कर दिया। बीजेपी की ओर से रेप को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के दिए बयान के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज किया गया।

मैं इनसे माफी कभी नहीं मागूंगा : राहुल गांधी

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यह सच्चाई है कि भारतीय जनता पार्टी देश के जिन राज्यों में शासन में हैं वहां महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाएं लगातार हो रहीं हैं और उन्होंने अपने बयान में इसी हकीकत को उजागर किया है इसलिए वह माफी नहीं मांगेंगे। श्री गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि उन्होंने देश के समक्ष वास्तविकता रखी है और उसको बयां किया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की राजधानी दिल्ली को 'रेप कैपिटल' कह चुके हैं। उन्होंने कहा मैं इनसे माफी कभी नहीं मांगने वाला हूँ। उन्होंने कहा श्री मोदी ने कहा था कि मेक इन इंडिया होगा। हमने सोचा कि अखबारों में मेक इन इंडिया, मेक इन इंडिया, मेक इन इंडिया दिखाई देगा, मगर आज जब हम अखबार खोलते हैं, हमें सब जगह रेप इन इंडिया दिखाई देता है। कोई भी स्टेट नहीं है, जहाँ भाजपा का शासन हो और वहाँ महिलाओं पर बलात्कार नहीं हो रहा है। श्री गांधी ने कहा कि आज असली मुद्दा पूर्वोत्तर का है जो श्री मोदी और अमित शाह के कारण जल रहा है।

ईसी पहुंचीं स्मृति, दर्ज कराई शिकायत

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सहित भाजपा महिला सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफबलात्कार को लेकर उनकी टिप्पणी के लिए कठोरतम कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, 'हमने राहुल गांधी की टिप्पणी के खिलाफअपनी आपत्ति दर्ज कराई है। चुनाव आयोग ने हमें आश्वासन दिया है कि वे कानूनी प्रक्रिया का पालन करेंगे और न्याय करेंगे।' इससे पहले, लोकसभा में बीजेपी सदस्यों ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की झारखंड के गोड्डा में एक रैली में बृहस्पतिवार को की गयी टिप्पणी को लेकर भारी हंगामा किया।

सदन और देश से माफी मांगे राहुल गांधी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि कांग्रेस सदस्य राहुल गांधी को सरकार के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम की आपत्तिजनक तुकबंदी के लिए सदन और पूरे देश से माफी मांगनी चाहिये। दोपहर बाद 12 बजे जैसे ही कार्यवाही दुबारा हुई असम के मुद्दे पर कांग्रेस सदस्यों की नारेबाजी के बीच श्री सिंह ने कहा सारा विश्व जानता है कि पीएम मेक इन इंडिया पर जोर दे रहे हैं ताकि आयातक के रूप में जाना जानेवाला हमारा देश निर्यातक के रूप में खड़ा हो सके और नौजवानों को बड़ी संख्या में रोजगार मिल सके।

आंध्रप्रदेश विधानसभा में पास 'दिशा' बिल

रेप हो या गैंगरेप सिर्फ सजा-ऐ-मौत

21 दिन में होगा ट्रायल, रेप-गैंगरेप की सजा मौतराज्य कैबिनेट ने एक दिन पहले ही किया था पास

राज्य कैबिनेट ने एक दिन पहले ही किया था पास

हैदराबाद (ए.)। आंध्र प्रदेश विधानसभा ने शुक्रवार को दिशा बिल पास कर दिया है। इसके साथ ही रेप के मामले में मौत की सजा का प्रावधान देने वाला आंध्र प्रदेश पहला राज्य बन गया है। गौरतलब है कि हैदराबाद में महिला डॉक्टर से गैंगरेप, हत्या और फिर शव जला देने की दिल दहला देने वाली घटना के बाद से ही राज्य समेत पूरे देश में आक्रोश था। इसके बाद आंध्र प्रदेश ने यह कदम उठाया है। दिशा बिल को आंध्र प्रदेश क्रिमिनल लॉ (संशोधन) ऐक्ट 2019 भी कहा गया है। इस विधेयक के *शेष पृष्ठ 8 पर*

सिंहदेव को धमकी, इंडिया में अभी गोडसे बहुत हैं

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव को एक युवक ने धमकी भरा ट्वीट संदेश भेजा है। जिसे लेकर कांग्रेसजनों ने उक्त युवक के खिलाफ थाने में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामला कुछ ऐसा है। श्री सिंहदेव ने एक ट्विट किया था जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को क्रमशः आधुनिक युग का जिन्ना और सावरकर निरुपित करते हुए लिखा था श्री मोदी व श्री शाह एक बार फिर से हमारे सामाजिक ताने-बाने को धार्मिक तर्ज पर बांटना चाहते हैं। वे भारत के विचार के लिए खतरा हैं। हम उनके विभाजनकारी एजेंडे को कभी सफल नहीं होने देंगे। श्री सिंहदेव के इस ट्विट पर रिषभ वर्मा नामक युवक ने 10 दिसंबर को रात करीब 7.30 बजे इसका जवाब में ट्विट करते हुए लिखा है कि आप खुद को गांधी मत समझना क्योंकि इंडिया में अभी गोड़से बहुत हैं जो इंडिया के लिए आप जैसे कई गांधी को रास्ता दिखा सकते हैं। श्री सिंहदेव *शेष पृष्ठ 8 पर*

कर्ज में दबे दो परिवारों के नौ लोगों ने की आत्महत्या



डिंडीगुल/विल्लुपुरम (ए.)। तमिलनाडु में शुक्रवार को दिल दहलाने वाली घटनाओं में दो परिवारों के नौ लोगों ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विल्लुपुरम जिले में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत जहरीला पदार्थ सायनाइड खाने से हुई है और डिंडीगुल जिले में एक ही परिवार के चार लोगों ने ट्रेन के सामने कूद कर आत्महत्या कर ली। सूत्रों ने बताया कि विल्लुपुरम जिले में एक दंपति प्रतिबंधित तीन नंबर की लाटरी में काफी लंबे समय से पैसा लगा रहा था और उन पर 30 लाख रुपए का कर्ज हो गया था। पहले इस दंपति ने अपने तीनों बच्चों को सायनाइड खिलाया और बाद में खुद भी सायनाइड खाकर जान दे दी। यह घटना विल्लुपुरम *शेष पृष्ठ 8 पर*

राज्यों को नागरिकता कानून लागू करने से इनकार करने का हक नहीं है : केंद्र

नई दिल्ली (ए.)। राज्य सरकारों को नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 को लागू करने से इनकार करने का अधिकार नहीं है क्योंकि यह कानून संविधान की सातवीं अनुसूची की केंद्रीय सूची के तहत बनाया गया है। यह बयान तब आया है जब पश्चिम बंगाल, पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने घोषणा की कि यह कानून 'असंवैधानक' है और उनके संबंधित राज्यों में इसके लिए कोई जगह नहीं है। गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी ने कहा, '' राज्यों को ऐसे किसी भी केंद्रीय कानून को लागू करने से इनकार करने का अधिकार नहीं है जो संघ सूची में है।

महाराष्ट्र और एमपी समेत 6 राज्यों में नहीं लागू होगा नागरिकता कानून?

- प. बंगाल, केरल और पंजाब के बाद अब महाराष्ट्र व एमपी में भी मिल रहे नहीं लागू होने के संकेत

मुंबई(ए.)। एक ओर जहां नागरिकता संशोधन कानून को लेकर पूर्वोत्तर में हिंसक प्रदर्शन जारी है, वहीं कुछ राज्य सरकारों ने इसे अपने सूबे में लागू करने से ही इनकार किया है। पश्चिम बंगाल, केरल और पंजाब के बाद अब महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश सरकार ने संकेत दिया है कि वह इस कानून को लागू नहीं करने का फैसला कर सकते हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष और उद्धव सरकार में मंत्री बाला साहेब थोराट के साथ एमपी के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इस बात के संकेत दिए हैं।

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि नागरिकता (संशोधन) विधेयक को संसद में पारित करके और इसके कानून बना कर केंद्र सरकार हमें इसे मानने के लिए बाध्य नहीं कर सकती है। उधर, छत्तीसगढ़ ने भी अब इसे नहीं लागू करने का संकेत दिया है। ऐसे में अब कुल 6 राज्य ऐसे हो गए हैं, जो इस कानून के सीधे विरोध में दिख रहे हैं।

पंजाब और केरल में लागू नहीं होगा नागरिकता कानून

इससे पहले पंजाब के सीएम कैप्टन सिंह के ऑफिस की ओर से गुरुवार को यह ऐलान किया गया कि राज्य में इसे लागू नहीं किया जाएगा। वहीं, केरल के सीएम पिनरई विजयन ने भी कहा है कि उन्हें भी यह स्वीकार नहीं है। विजयन ने इसे असवैधानिक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार भारत को धार्मिक आधारों पर बांटने की कोशिश कर रही है।

अमित शाह ने अपना शिलॉन्ग दौरा किया रद्द, उत्तर-पूर्वी राज्यों में तनाव है कारण?

नई दिल्ली (ए.)। नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर छिड़ा बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने गृह मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से कहा है कि गृह मंत्री अमित शाह ने अपना शिलॉन्ग प्रोग्राम कैंसल कर दिया है। वह नॉर्थ ईस्ट पुलिस अकैडमी के दौरे पर रविवार को शिलॉन्ग जाने वाले थे। हालांकि मंत्रालय की तरफ से अभी तक दौरा रद्द करने का अधिकारिक कारण नहीं बताया गया है। बताया जा रहा है कि अमित शाह कल और सोमवार को झारखंड में होंगे।

सुरक्षा — दुनिया में हर बड़े आतंकी हमले के तार पीके से ही जुड़ते हैं

यूएन में पाकिस्तान को जमकर लताड़

आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए भारत ने कहा कि दुनिया में किसी भी बड़े आतंकी हमले का तार उससे जुड़ता है जहां बेगुनाहों की जान लेने के लिए आतंकियों को ट्रेनिंग और सुरक्षित पनाहगाह मिलती है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान से पैदा हो रहा आतंकवाद वैश्विक शांति को अस्थिर कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र (वार्ता)। पाकिस्तान द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा में जम्मू-कश्मीर का मसला उठाने और हालिया नागरिक संशोधन कानून का जिक्र करने पर भारत ने तगड़ा पलटवार किया है।

पाक दुष्प्रचार को लेकर दुनिया को किया आगाह

संयुक्त राष्ट्र में भारत के परमानेंट मिशन में फर्स्ट सेक्रटरी पालोमी त्रिपाठी ने गुरुवार को महासभा में 'शांति की संस्कृति' पर बहस के दौरान कहा, 'सहयोग की भावना ही शांति की संस्कृति का सार है। इस अजेंडा का दुरुपयोग और राजनीतिक दुष्प्रचार के लिए इसके महत्व को कम नहीं किया जाना चाहिए। हमें तब और सावधानी की जरूरत है जब लोमड़ी मुर्गियों के दरबे का पहरेदार हो।'

पाक प्रतिनिधि ने उठाए थे भारत के आंतरिक मुद्दे

त्रिपाठी पाकिस्तान के प्रतिनिधि मुनीर अकरम के उस बयान पर जवाब दे रही थीं, जिसमें अकरम ने जम्मू और कश्मीर, आर्टिकल 370 को निष्प्रभावी किए जाने, नागिरकता संशोधन विधेयक, एनआरसी और अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले संबंधी भारत के आंतरिक मसलों को उठाया था।

'राजनीतिक फायदे के लिए झूठा नैरेटिव सेट करने की कोशिश में पाक'

त्रिपाठी ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए उस पर राजनीतिक फायदे के लिए झूठा नैरेटिव सेट करने की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने पड़ोसी देश पर तीखा पलटवार करते हुए कहा, 'असल में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की हर बड़ी घटना के तार इस देश से जुड़ते हैं। बेगुनाह लोगों की जान लेने के लिए **शेष पृष्ठ 8 पर**

दिसंबर में खोई थी लाडली, परिजन चाहते हैं इसी महीने हो दरिंदों को फांसी

निर्भया के पिता ने कहा, 'दोषी फांसी के फंदे से कुछ कदम ही दूर हैं, उम्मीद है कि जल्दी ही डेथ वॉरंट जारी हो जाएगा

नई दिल्ली (ए.)। गैंगरेप और हत्या का शिकार हुई निर्भया के पिता ने अदालती कार्रवाई से संतुष्टि जताते कहा कि दरिंदगी के दोषी मौत से कुछ कदम ही दूर हैं। 16 दिसंबर, 2012 की रात जघन्य वारदात का शिकार हुई निर्भया के पिता ने शुक्रवार को कहा, 'दोषी फांसी के फंदे से कुछ कदम ही दूर हैं। उम्मीद है कि जल्दी ही डेथ वॉरंट जारी हो जाएगा।' निर्भया के पिता बदरीनाथ ने कहा, 'मुझे संतुष्टि है कि अदालत की ओर से प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। दोषी अब मौत से दूर नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि एक दोषी अक्षय ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन इसलिए दाखिल की है ताकि फांसी की सजा को कुछ दिनों के लिए टाला जा सके। उसकी याचिका पर 17 दिसंबर को सुनवाई होनी है। इससे पहले निर्भया की मां ने दरिंदगी करने वालों में से एक दोषी के सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन के खिलाफ याचिका दाखिल की। फांसी की सजा पाए चार आरोपियों में से एक अक्षय ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दायर की है।

मां बोलीं- दिसंबर में ही हो दरिंदों को फांसी

उन्होंने कहा कि हमारी ओर से उठाया गया हर कदम देश की महिलाओं की सुरक्षा के लिए है। निर्भया की मां आशा देवी ने भी कहा कि वह 7 साल से न्याय का इंतजार कर रही हैं और एक सप्ताह और कर सकती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोषियों के खिलाफ18 दिसंबर को डेथ वॉरंट जारी होगा। हम चाहते हैं कि उन्हें इसी महीने में फांसी दी जाए। आशा देवी ने कहा कि मैंने अपनी बेटी को दिसंबर में खोया था और उन्हें भी इसी महीने में सजा होनी चाहिए।

स्वाति से की मुलाकात, अनशन तोड़ने की भावुक अपील

नई दिल्ली (ए.)। गैंगरेप के दोषियों को फैसला सुनाए जाने के छह महीने के भीतर फांसी दिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल 11वें दिन भूख हड़ताल पर हैं। उधर, निर्भया की मां और उनके पिता ने शुक्रवार को स्वाति से राज घाट जाकर मुलाकात की। दोनों ने बेहद भावुक लहजे में उनसे अनशन समाप्त करने की मांग की। आशा देवी ने केंद्र सरकार को भी चिट्ठी लिखी है जिसमें अपील की गई है कि वह स्वाति की मांग मानकर उनका अनशन समाप्त कराए। निर्भया की मां आशा देवी ने स्वाति से कहा, 'हमने इतनी बच्चियों को खो दिया है। उन्हें इंसाफ दिलाना है। आपने देश की बच्चियों के लिए अपने 11 दिन कुर्बान किए। अब बहुत हुआ आप अपना अनशन समाप्त कर दें।' निर्भया के पिता ने कहा, 'देश के नेता का आप कुछ नहीं कर सकते। उन्हें आपसे मतलब नहीं है, लेकिन आम जनता को आपसे मतलब है। आपने इतना काम किया है और आगे आपको और काम करना है।' उन्होंने आगे कहा, 'आप जहां कहेंगी आप हमें अपने साथ पाएंगी। अब आप अनशन समाप्त कर दें, क्योंकि देश की लड़कियों को आपकी जरूरत है।'

आशा देवी ने केंद्र सरकार को भी चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने अपील की है कि वह स्वाति की मांग को मानकर उनका अनशन तुड़वाए। हम उनको इस हाल में बिल्कुल नहीं देख सकते। उन्होंने लिखा, 'मुझे दुख है कि सरकार के किसी भी प्रतिनिधि ने यहां आकर उनकी सुध नहीं ली।

बीजेपी सांसद का चाणक्य के बहाने राहुल पर हमला

'विदेशी माता की संतान राष्ट्रभक्त नहीं हो सकता'

राहुल गांधी के रेप इन इंडिया बयान को लेकर आज संसद में जोरदार हंगामा हुआ

- **बीजेपी सांसदों ने की आलोचना करते हुए स्पीकर से दंडित करने की भी मांग की**
- **बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि मैं इनसे कोई माफी नहीं मांगनेवाला**

नई दिल्ली (ए.)। राहुल गांधी के रेप इन इंडिया बयान का विरोध आज लोकसभा में बीजेपी सांसदों ने जोरदार अंदाज में किया। आज राहुल का विरोध करते हुए पश्चिमी चंपारण से बीजेपी सांसद संजय जायसवाल ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को विदेशी माता की संतान बताया। उन्होंने चाणक्य का हवाला देते हुए कहा कि 2000 साल पहले यह कहा था कि विदेशी माता की संतान कभी राष्ट्रभक्त नहीं हो सकता है।

राजनाथ ने भी कहा, 'राहुल के बयान से आहत हूं'

इसके बाद जायसवाल के बयान को शायद रेकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया इसलिए वह कुछ कहते दिख रहे हैं, लेकिन आवाज सुनाई नहीं दे रही। हालांकि, जब वह यह बयान दे रहे थे उस वक्त केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन उनसे कुछ कहते भी नजर आए। बाद में लोकसभा में राजनाथ सिंह ने भी इस बयान की आलोचना करते हुए कहा कि इस बयान से आहत हैं। रक्षा मंत्री ने राहुल की सदस्यता रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे बयान देनेवाले नेता को संसद का सदस्य बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है।

राहुल के बयान पर संसद में जोरदार हंगामा

रेप इन इंडिया बयान को लेकर बीजेपी ने आज संसद में जोरदार हंगामा किया। स्मृति इरानी ने कहा कि राहुल गांधी ने पूरे देश की महिला का अपमान किया है। इरानी ने कहा, 'उन्होंने खुले तौर पर रेप जैसे संगीन अपराध के लिए देश के पुरुषों का आह्वान किया है। गांधी खानदान के बेटे ने ऐसा बयान दिया है। अध्यक्ष जी मैं आपसे उन्हें दंडित करने की मांग करती हूं।'

बीजेपी सांसद ने राहुल को बताया विदेशी

लोकसभा में स्मृति इरानी और अन्य बीजेपी सांसद राहुल के बयान का जोरदार विरोध कर रहे थे। इसी दौरान बीजेपी सांसद जायसवाल अपने स्थान पर खड़े हुए। उन्होंने कहा, 'आज से 2000 साल पहले चाणक्य ने कहा था विदेशी माता की संतान कभी राष्ट्रभक्त नहीं हो सकती। अध्यक्ष जी राहुल गांधी ने जो बयान दिया है उसकी जितनी भर्त्सना की जाएगी कम है। जिस पार्टी की अध्यक्ष खुद महिला हैं, उनके पुत्र ने ऐसा बयान दिया...।'

सोनिया गांधी तो खेद प्रकट करे : प्रह्लाद जोशी

नई दिल्ली (वार्ता)। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'रेप इन इंडिया' बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि उन्हें तो समझ नहीं है लेकिन उनकी माता और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को इस पर खेद प्रकट करना चाहिए। श्री गांधी ने झारखंड में एक रैली में सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'मेक इन इंडिया' का जिक्र करते हुए कहा था कि इसको लेकर बड़ी बातें कही जा रही थी लेकिन अब जहां देखो वहां मेक इन इंडिया नहीं 'रेप इन इंडिया' है। कांग्रेस नेता के इस बयान को लेकर आज संसद के दोनों सदनों में सत्ता पक्ष ने जबरदस्त हंगामा किया। शीतकालीन सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने के बाद श्री जोशी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री गांधी का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है और यह महिलाओं तथा पूरे देश का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह भी निंदनीय है कि कांग्रेस इस पर खेद व्यक्त करने के बजाय इसका बचाव कर रही है। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने अध्यक्ष के चेंबर में इस मुद्दे पर बातचीत के दौरान कहा कि श्री गांधी ने यह बयान संसद के बाहर दिया है।

सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

तीन पड़ोसी देशों पाक, बंगलादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के कारण यहां आने वाले गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों को नागरिकता देने संबंधी विवादास्पद विधेयक, विशेष सुरक्षा समूह और किन्नर अधिकार संरक्षण विधेयक समेत 15 विधेयकों को पारित करने के साथ संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को अनिश्चित काल के स्थगित कर दिया गया। अट्ठारह नवंबर से शुरू हुए शीतकालीन सत्र के दौरान नागरिकता विधेयक पर दोनों सदनों में गर्मागर्म बहस हुई तथा सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। लोक सभा में करीब नौ घंटे तक चली बहस के उपरांत आधी रात के बाद यह विधेयक पारित किया गया जबकि राज्य सभा में भी आठ घंटे तक चली चर्चा के बाद इसे पारित किया गया।

शीतकालीन सत्र में लोकसभा का काम 115 फीसदी बढ़ा : बिरला

नई दिल्ली, (वार्ता)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सदन के शीतकालीन सत्र में कुल 20 बैठकों में नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 तथा विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) सहित कुल 14 विधेयक पारित कराए गये और सदन के कामकाज में 115 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। श्री बिरला ने शुक्रवार को सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के स्थिगित करने की घोषणा करते हुए कहा कि इस अवधि में 18 सरकारी विधेयक पेश किए गये और सदस्यों ने 28 गैर सरकारी विधेयक पुनःस्थापित किए। सत्र के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर 28 घंटे 43 मिनट चर्चा चली। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सदस्यों की क्षमता निर्माण की नयी पहल की गयी जिसके तहत सदस्यों के लिए विधायी कार्यों को लेकर नौ ब्रीफिंग सत्र आयोजित किए गये। इसका उद्देश्य सभा के समक्ष महत्वपूर्ण विधायी कार्यों पर मुद्दों तथा विधेयक के संबंध में सदस्यों को जानकारी देना होता है। इस दौरान संबंधित मंत्रालय तथा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहते हैं।

अध्यक्ष ने कहा कि सत्र के दौरान140 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गये और औसतन प्रतिदिन 7.36 प्रश्नों के उत्तर दिए गये। इसके अलावा प्रतिदिन औसतन 20.42 अनुपूरक प्रश्नों के उत्तर दिए गये और 27 नवंबर को सभी 20 तारांकित प्रश्न सदन में लिए गये।

250 वां सत्र ऐतिहासिक एवं सार्थक : नायडू

नई दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडु ने सदन के 250 वें सत्र को ऐतिहासिक एवं सार्थक करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि इसकी कार्यप्रणाली से पूरे देश में सकारात्मक संदेश गया है। श्री नायडू ने सदन के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन अपने समापन वक्तवय में कहा कि राज्यसभा का यह सत्र कई मायनों में ऐतिहासिक एवं सार्थक रहा है। इस सत्र में सभी पक्षों के सदस्यों ने अपनी प्रतिबद्धता और कर्मठता से कई महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित किया और लोक महत्व के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। इन विधेयकों में उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोगों के लिए लोकसभा एवं विधानसभाओं में आरक्षण तथा ई. सिगरेट प्रतिबंधित करने समेत 15 विधेयक शामिल रहे।

समापन वक्तव्य पर विपक्ष का हंगामा दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली (वार्ता)। संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने लोकसभा अध्यक्ष के समापन वक्तव्य के दौरान विपक्षी सदस्यों के हंगामे की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि संभवतः यह पहला मौका है जब सत्र के समापन से पहले अध्यक्ष के वक्तव्य के दौरान सदन में शांति नहीं रही और शोर शराबा होता रहा। शीतकालीन सत्र की समाप्ति के बाद श्री जोशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सदन की कार्यवाही स्थगित किये जाने से पहले जब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समापन वक्तव्य दे रहे थे तो विपक्ष के सदस्य हंगामा करने में लगे थे। उनकी याद में यह पहला मौका है जब अध्यक्ष के समापन वक्तव्य के दौरान विपक्ष ने इस तरह से हंगामा किया।

सीएम सोनोवाल ने दी चेतावनी, हिंसा बंद करें नहीं तो बरतेंगे सख्ती

गुवाहाटी (ए.)। असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को सख्त रुख अपनाते हुए चेतावनी दी कि हिंसा और आगजनी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में तोड़फोड़ के लिए कोई जगह नहीं है। सोनोवाल ने यह भी कहा कि राज्य के मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए वह कृतसंकल्प हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को समझाएं कि वे ऐसे किसी भी आंदोलन में शामिल न हों जो हिंसक रूप ले सकता है। उन्होंने मीडिया से कहा, 'हम हिंसा बर्दाश्त नहीं करेंगे। तोड़फोड़ में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।' मुख्यमंत्री नागरिकता (संशोधन) विधेयक 2019 के खिलाफ राज्य में दो दिन से जारी हिंसा के संबंध में बोल रहे थे।

'मूल निवासियों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे'

सोनोवाल ने कहा, 'मैं यहां के मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हूं और आश्वासन देना चाहता हूं कि मूल निवासियों के हितों को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा।' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार को अहिंसक लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर कोई ऐतराज नहीं है लेकिन जो लोग तोड़फोड़ कर रहे हैं, प्रदर्शनों का फायदा उठा रहे हैं, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।

विधेयक बन चुका है कानून

लोकसभा और राज्यसभा से पारित होने और राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद अब यह विधेयक कानून का स्वरूप ले चुका है। असम के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शनकारियों ने बड़े पैमाने पर हिंसा को अंजाम दिया, सड़कों पर टायर जलाए और वाहनों पर पत्थर फेंके तथा तोड़फोड़ की। दो रेलवे स्टेशनों पर आगजनी की और कई विधायकों के घरों पर हमला किया गया। सोनोवाल के निजी आवास पर भी भीड़ ने हमला किया।

'असम समझौते के तहत होगी अधिकारों की रक्षा'

सोनोवाल का कहना था, 'कुछ लोग गलत जानकारी फैलाकर लोगों को भ्रमित करना चाहते हैं और हालात को बिगाड़ना चाहते हैं। मैं सभी से अपील करता हूं कि ऐसा कुछ न करें जिससे शांति भंग होती हो।' सोनोवाल ने राज्य के लोगों से कहा कि वह संशोधित नागरिकता कानून के बारे में चिंता न करें।

अनुच्छेद 370 : मिनाक्षी की याचिका का सुप्रीम कोर्ट ने किया निपटारा

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निष्प्रभावी बनाए जाने के बाद वहां बच्चों को हिरासत में रखने संबंधी याचिका का शुक्रवार को निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति एन वी रमन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने याचिकाकर्ता मिनाक्षी गांगुली की याचिका का निपटारा उस वक़्त कर दिया जब उच्च न्यायालय के चार न्यायाधीशों की इस संबंध में पेश रिपोर्ट में बच्चों की हिरासत की बात से इनकार किया। खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की रिपोर्ट पर संतोष जताया। गौर तलब है कि जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के चार जजों ने राज्य की विभिन्न जेलों का दौरा करके खंडपीठ के समक्ष रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में कहा गया है, राज्य में बच्चो को हिरासत में रखने का आरोप ग़लत है।

अभियान | सीएम केजरीवाल ने कहा कि इससे लड़के समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझेंगे

लड़कों को महिलाओं से दुर्व्यवहार न करने की दिलाई जाएगी शपथ

- **हाल के समय में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है**

नई दिल्ली (ए.)। महिला सुरक्षा की दिशा दिल्ली सरकार ने एक अनोखे अभियान की शुरुआत का फैसला किया है जिसके तहत स्कूलों और कॉलेजों में लड़कों को शपथ दिलाई जाएगी कि वे महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार नहीं करेंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इससे लड़के अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को समझेंगे। उन्होंने इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के मसले पर अनशन पर बैठी डीसीडब्ल्यू चीफ स्वाति मालीवाल से भूख हड़ताल खत्म करने की भी अपील की।

सीएम केजरीवाल ने कहा, 'महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि मानसिक दुराचार को दिखाता है। इसलिए हमने यह अभियान को शुरू करने का फैसला किया है। हर स्कूल और कॉलेज में लड़कों को शपथ दिलाई जाएगी कि वे किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार नहीं करेंगे। यह लड़कों को उनकी जिम्मेदारी समझने में मदद करेगी।'

सीएम ने बताया, 'सभी लड़कियों से कहा जाएगा कि वे अपने भाइयों से कहें कि वे कबी किसी महिला से दुर्व्यवहार न करें और अपने भाइयों से शपथ दिलाएं। अगर वह कुछ गलत करता है, वह लड़की अपने भाई से कहे कि मैं तुमसे सारे रिश्ते खत्म करती हूं।' उल्लेखनीय है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की आए दिन होने वाली घटनाओं से पूरा देश जहां उबल रहा है, वहीं इन घटनाओं को देखते हुए अलग-अलग राज्य की सरकारें कदम उठा रही हैं।

इसी दिशा में आंध्र प्रदेश विधानसभा ने विधेयक पारित किया जिसके तहत महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों का निपटारा 21 दिनों में होगा। यह विधेयक हाल ही में देश को हिला देने वाले हैदराबाद गैंगरेप व मर्डर की घटना के सामने आने के बाद आया है।इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के मसले पर अनशन पर बैठी डीसीडब्ल्यू चीफ स्वाति मालीवाल से भूख हड़ताल खत्म करने की भी अपील की।

उन्नाव के समय कुंभकरण की नींद में थीं स्मृति, उनके पास निर्भया कोष पर जवाब नहीं: कांग्रेस

नई दिल्ली। बलात्कार को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के कथित बयान को लेकर संसद में भाजपा सदस्यों के हंगामे के बाद कांग्रेस ने सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं पर देश में फैली अराजकता'' से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया और दावा किया कि उन्नाव की घटनाओं पर महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी कुंभकरण की नींद में थीं और निर्भया कोष की विफलता पर उनके पास कोई जवाब नहीं है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भाषण का संक्षिप्त वीडियो शेयर करते हुए ट्वीट किया कि मोदी को माफी मांगनी चाहिए। पार्टी प्रवक्ता सुष्मिता देव ने संवादाताओं से कहा, ''राहुल जी इस मुद्दे पर बोल चुके हैं, लेकिन मैं ये जरुर कहूँगी कि अगर हम रैली में किसान की बात कर सकते हैं, युवाओं की बेरोजगारी की बात कर सकते हैं तो महिलाओं पर बढ़ते हुए अत्याचार के ऊपर रैली में बोलने पर कोई रोक क्यों है?'' उन्होंने स्मृति ईरानी पर पलटवार करते हुए कहा, ''अगर भारत और विदेश के अखबारों आज भारत में हो रहे बलात्कार यानि 'रेप इन इंडिया' हैडलाइन में है तो राहुल जी ने गलत क्या कहा है।

संसद पर आतंकवादी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, (वार्ता)। संसद पर आज से 18 साल पहले हुए आतंकवादी हमले में मारे गए सुरक्षाकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश और अन्य नेताओं ने शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में सदन के नेता थावरचंद गहलोत, विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, सांसद आदि भी मौजूद थे। उन्होंने भी इन शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा राज्य सभा और लोकसभा के महासचिव क्रमशः देश दीपक वर्मा और स्नेहलता श्रीवास्तव भी इस मौके पर मौजूद थे। सबने शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण किया और उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहीदों के परिजन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से रक्त दान शिविर भी आयोजित किया गया जिसमें सांसदों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया। तेरह दिसम्बर 2001 को हुए हमले में नौ सुरक्षाकर्मी एवं कर्मचारी आतंकवादी हमले में मारे गए थे। इनमें जगदीश प्रसाद यादव, मतबार सिंह, श्रीमती कमलेश कुमारी, नायक चंद, रामपाल, ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह, घनश्याम और देशराज शामिल हैं।

रायपुर में कार्गो लॉजिस्टिक योजना का संसद में उठा मुद्दा

■ सांसद सुनील सोनी ने याद दिलाया पुराना टर्मिनल का प्रस्ताव

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। रायपुर एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को लेकर सांसद सुनील सोनी ने लोकसभा में किया सवाल केंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस सवाल का जवाब दिया

संसद के शीतकालीन सत्र में रायपुर एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को लेकर सांसद सुनील सोनी ने सवाल किया है। सांसद सुनील सोनी राज्य सरकार से कार्गो टर्मिनल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर जानकारी मांगी है। केंद्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस सवाल का जवाब दिया। राज्यमंत्री हरदीप सिंह ने अपने जवाब मे बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पुराने टर्मिनल को एयर कार्गो के रूप में विकसित करने इच्छा जताई थी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण कार्गो लॉजिस्टिक एंड एलाइड सर्विसेज लिमिटेड ने 945 वर्ग मीटर के पुराने टर्मिनल को परिवर्तित करके अंतर्देशीय एयर सुविधा का निर्माण किया गया है। जो अनप्रचालित है।

बस्तर की ईमली और यहां के सामानों को मिलनी थी पहचान

जब स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण स्वरूप ले रहा था उस वक्त पूर्ववर्ती सरकार ने एयरपोर्ट के भूमिपूजन में आए केंद्रीय विमानन मंत्री प्रफुल्ल भाई पटेल से कार्गो लॉजिस्टिक एंड एलाइड सर्विसेज लिमिटेड का प्रस्ताव रखा था। उन्हों ने कहा भी था कि पुराने टर्मिनल भवन को परिवर्तित करके अंतर्देशीय एयर सुविभा और अंतर्राष्ट्रीय सेवाएं शुरु होने के बाद छत्तीसगढ़ के कई उत्पादों को देश और विश्व में पहचान दिलाएंगे। लेकिन वक्त के साथ ही पुरानी योजना और सरकार का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया।

सरकार से पैसा कैसे लिया जाता है ये हम दिखाएंगे-अमर अग्रवाल

■ निकायों से अधिकार कोई नहीं छिन सकता

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। उद्योग मंत्री कवासी लखमा के बयान पर भाजपा नेता और पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री अमर अग्राव ने पलटवार किया है। उद्योग मंत्री को करारा जवाब देते हुए पूर्व मंत्री अग्रवाल ने कहा कि निकाय के लिए सरकार से पैसा कैसे लिया जाता है, ये हम दिखाएंगे। कोई चाहकर भी विकास का पैसा रोक नहीं सकता है।

अमर अग्रवाल ने लखमा को ही जवाब देते हुए कहा कि लखमा हो या मंत्रिमंडल का कोई अन्य सदस्य निकायों से अधिकार कोई नहीं छिन सकता। फिर पूरी की पूरी सरकार की क्यों न हो ? हमने 15 वर्षों तक सरकार चलाया है। हमें पता है विकास की राशि पर किसी का व्यक्तिगत अधिकार नहीं होता, वह जनता का पैसा वह कहाँ आएगा, जाएगा यह मंत्री तय नहीं करेंगे। आपको बता दे कि कवासी लखमा में कहा था कि अगर जनता निकाय चुनाव में कांग्रेस को नहीं जिताया सारा फंड सुकमा ले जाएंगे।

■ न्यूज गैलरी

अगले 24 घन्टे में राज्य के कई स्थानों में हो सकती है बारिश

रायपुर। पश्चिमी विक्षोभ के चलते सरगुजा का मौसम बदल गया है। शुक्रवार को इलाके में कोहरा छाने के कारण दिन का तापमान भी गिर गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान सरगुजा जिले में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत का इलाका पश्चिमी विक्षोभ से प्रभावित है और इसका असर छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों पर पड़ सकता है।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

रायपुर। अवैध शराब बेचने के जुर्म में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से 32पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को शक्ति तालाब पारागांव में छापा मारकर अवैध शराब बेचने के जुर्म में सारन बरवे 55 वर्ष पिता दर्शन बरवे को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध 32 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत कानूनी कार्रवाई किया है।

जिला प्रशासन ने नशेड़ियों और मजनुओं के खिलाफ उठाया कदम

महिला सुरक्षा और अवैध कारोबार पर सरकार की नजर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महिलाओं की सुरक्षा के लिए खतरा माने जाने वाले ठिकानों पर जिला प्रशासन ने अभियान छेड़ दिया है। नशेड़ियों और खासकर स्कूल-कॉलेज के सामने जुटने वाली असामाजिक तत्वों की जमघट के खिलाफ पुलिस और आबकारी विभाग ने एक साथ अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। बता दें कि शराब दुकानों के आसपास एक निश्चित दूरी के अंदर चखना ठेलों व दुकानों पर प्रतिबंध है। क्योंकि शराब के शौकीन लोग यहीं जाम छलकाते हैं और चखना सेंटर पर ही भीड़ जुटती है। सड़क किनारे होने वाले इस कारोबार में गुजरने वाली महिलाओं व राहगिरों को परेशानी के साथ ही सुरक्षा का खतरा भी बना रहता है। इसी तरह लगातार छेड़छाड़ और एकतरफा प्यार की जानलेवा घटना के परिणामस्वरूप पुलिस ने भी चौक-चौराहों, स्कूल-कॉलेजों के सामने झुंड लगाकर बैठने वाले युवाओं को टारगेट में लिया है। महज 24 घंटे की कार्रवाई में आबकारी विभाग ने एक दर्जन चखना सेंटरों को और पुलिस ने 200 सड़कछाप मजनूओं को टारगेट किया।

ऑपरेशन मजनू में सपड़ाए 200 लड़के, कान पकड़े तब छूटे

रायपुर। पुलिस का ऑपरेशन मजनू, स्कूल-कॉलेज के सामने बेवजह खड़े लड़को को उठक- बैठक कराया। रायपुर पुलिस ने ऑपरेशन मजनू अभियान छेड़ रखा है। इसके तहत स्कूल-कॉलेज के सामने और चौक-चौराहों में बेवजह बैठने तथा झुंड लगाने वालों को टारगेट किया। रायपुर पुलिस ने स्कूल-कॉलेज खुलने के साथ ही ऑपरेशन मजनू शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को पुलिस ने शहर के आधा दर्जन स्कूल- कॉलेज में सुबह छापा मारकर कार्रवाई की। स्कूल-कॉलेज के बाहर खड़े लड़कों को वहां से खदेड़ा, जो बेवजह वहां बैठे रहते हैं। कई लड़कों को सड़क पर ही उठक-बैठक कराया। उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया है। अभियान के तहत पुलिस ने कालीबाड़ी स्कूल, दानी कन्याशाला, डिग्री गर्ल्स कॉलेज, महंत लक्ष्मीनारायण कॉलेज समेत आधा दर्जन जगहों पर पुलिस का ऑपरेशन मजनू का आगाज किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान पुलिस महानिदेशक के निर्देश के बाद अब बार-बार किया जाएगा। ताकि झुंड बनाकर आती जाती महिलाओ के लिए ये दिक्कत न बनें। बताते हैं कि पुलिस की गाड़ी को देखते ही कुछ मजनू वहां से भाग खड़े हुए और कुछ पुलिस के हत्थे चढ़ गए। बता दें कि इन स्थानों से छात्राओं को परेशान करने, कमेंट्स करने और छेड़ने की शिकायत पुलिस को मिली थी। पुलिस के मुताबिक आए दिन अचानक ऑपरेशन मजनू चलाया जाएगा।

अवैध चखना ठेलों से समाग्री समेत शराब जप्त, नशेड़ी भागे

रायपुर। उपायुक्त आबकारी अधिकारी नोहर सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार जिला रायपुर की आबकारी टीम द्वारा जिसमें सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजीव झा,आबकारी उप निरीक्षक सुश्री कल्पना राठौड़, जेबा खान,उमेश अग्रवाल, पंकज कपूर,मलय जी शामिल रहे। उक्त टीम द्वारा आमानाका ओवरब्रिज के नीचे देशी मंदिरा दुकान महोबाबाजार के पास लगे ठेलों पर सक्त कार्यवाही की गई। जिसमे नवल रामचंद्र, नागेश, रफीक, बहादुर सिंह, गौरव कुमार के विरुद्ध आबकारी अधिनियम सामग्री एवं शराब बरामद की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जा रही है। विशाल रेड्डी, विशाल नायक ठेलों में शराब पीते पाए गये इनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36 के तहत मामला दायर कर कार्यवाही की गई। जिला रायपुर आबकारी टीम द्वारा की गई उक्त कार्यवाही से मोहल्ले एवं कालोनीवासियों में हर्ष व्याप्त है। आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि ये अभियान निरन्तर चलाया जाएगा। नगर निगम द्वारा भी तत्काल रूप से सभी गन्दगी हटाकर कचरा साफ कराया गया। उक्त समय मारुति विहार के रहवासी, स्काई ऑटो मोबाइल से कर्मचारी उपस्थिति थे।

पहली बार अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में रायपुर चैप्टर का होगा प्रतिनिधित्व

रायपुर। हैदराबाद में आयोजित होने जा रहे 41वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में रायपुर चैप्टर के चैयरमैन डॉ. शाहिद अली सम्मिलित होने जा रहे है। 13 से 15 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में यह पहली बार है जब छ्त्तीसगढ़ से पी.आर.एस.आई रायपुर चैप्टर का प्रतिनिधित्व होगा। डॉ. अली लगभग 25वर्षों से शिक्षा और मीडिया के क्षेत्र सक्रिय योगदान दे रहे है। वर्तमान में वह कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में जनसंचार विभागाध्यक्ष है।

वही पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया रायपुर चैप्टर के प्रथम चैयरमैन है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ में जनसंपर्क के क्षेत्र को मजबूत करने के साथ ही यहां के जनसंपर्क कर्मियों को संगठित करने में अहम भूमिका निभा रहे है।

सम्मेलन में इस बार का विषय सीएसआर ए ब्रांड बिल्डिंग गेटवे फॉर कॉर्पोरेट पर रख गया है। जिसमें भारत के सभी जनसंपर्क कर्मी, मीडिया जगत की हस्तियां, पत्रकार, अकादमिक विद्धवान, समाजिक कार्यकर्ता, मीडिया के छात्र, पी.आर.एस.ई के सदस्य आदि शामिल होगें। सम्मेलन में जनसंपर्क के क्षेत्र में उन्नत कार्य के लिए जनसंपर्क कर्मियों को सम्मान भी दिया जायेगा।

राजधानी के 3 अलग-अलग संस्थानों में इनकम टैक्स विभाग ने दी दबिश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के गणेश राम नगर की 3 संस्थानों में इनकम टैक्स ने दबिश दी है. अम्बे सेल्स, परमार थ्रेड हाउस, कन्हैया थ्रेड हाउस के दफ्तरों में इनकम टैक्स विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार इन तीनों संस्थानों में वित्तीय लेन देन का सर्वे चल रहा है. संस्थानों का धागे और सिलाई संबंधित सामान का बड़ा कारोबार है. इनकम टैक्स विभाग की टीम अंदर जाकर दस्तावेजों की जांच कर रही है. फिलहाल अभी तक क्या कुछ कार्रवाई हुई इसका पता नहीं चल सका है।

10वां नेशनल एक्सपो का उद्घाटन उद्योगपति कमल सारडा ने किया

रायपुर। नेशनल एक्सपो (स्टील एंड पावर) का 10 वां संस्करण आज से गद्यस मेमोरियल ग्राउंड, आकाशवाणी चौक रायपुर में शुरू हुआ। एक्सपो का उद्घाटन श्री कमल सद्यरडद्य उद्योगपति और सद्यरडद्य ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने किया। अन्य Shri R.K. Agrawal MD Indore Infoline Pvt. Ltd. ,श्री विक्रम जैन- सचिव उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, और अन्य एसोसिएशन के नेता इस अवसर पर उपस्थित थे। श्री कमल सारदा ने लगातार 10 वर्षों तक लगातार आयोजन के लिए शो इंदौर के आयोजकों और उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के आयोजकों को बधाई दी। वह पूरे भारत से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों को देखने और 5000 से अधिक उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए बहुत खुश था। बड़ी संख्या में लोगों ने शो का दौरा किया और विनिर्माण क्षेत्र में नवीनतम तकनीक को जानने के लिए बहुत उत्साहित हैं। प्लाज्मा कटिंग मशीन, प्रदूषण नियंत्रण उपकरण, सौर उपकरण और कई अन्य उत्पादों के लाइव प्रदर्शन बड़ी संख्या में आगंतुकों को आकर्षित करते हैं। औद्योगिक स्वचालन से संबंधित उत्पाद, कूलिंग टॉवर, ऊर्जा बचतकर्ता, बड़ी मशीनों के लिए बड़े असर, औद्योगिक कूलर, सामग्री हैंडलिंग उपकरण, ट्रांसमिशन उपकरण, हाथ उपकरण, मशीनों के उपकरण प्रदर्शन पर हैं। यह शो प्रतिदिन 11-7 बजे तक खुला रहता है और सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

संदिग्ध पेड न्यूज प्रकाशन पर 6 प्रत्याशियों को नोटिस

रायपुर। रायपुर नगर पालिक निगम के पार्षद चुनाव में 6 प्रत्याशियों को विभिन्न समाचार पत्रों में उनके छपे समाचार के आधार पर संदिग्ध पेड न्यूज मान करा नोटिस जारी किया गया है।

जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति ने नियमित रुप से किए जा रहे मीडिया मानिटरिंग के दौरान यह पाया कि प्रत्याशियों को वार्ड भ्रमण के दौरान मिल रहे व्यापक जन समर्थन जैसे शीर्षकों जैसे समाचार प्रकाशित किये गए है। ऐसे प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा नोटिस जारी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रत्याशियों को विज्ञापन के माध्यम से इलेक्ट्रानिक मीडिया, ऑडियो-विडियो और सोशल मीडिया में प्रचार- प्रसार के लिए रायपुर के कलेक्टोरेट कार्यालय के जिला पंचायत भवन में स्थित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति से अनुप्रमाणन कराना अनिवार्य है। इसी तरह सभी मुद्रकों के लिए अनिवार्य है कि वे अपने मुद्रंण सामग्री की प्रति दर सहित उपलब्ध कराएं तथा सभी मुद्रणों के मुख पृष्ठ पर प्रकाशक और मुद्रंक का नाम तथा मुद्रंण प्रति की संख्या अंकित करें।

पत्नी करती थी मोबाइल पर लंबी बात, पति ने की हत्या

■ हत्यारे पति पर था चरित्र पर संदेह

रायपुर। मोबाईल पर ज्यादा बात करने से नाराज पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परहदा थाना खरोरा निवासी प्रहलाद यादव आयु 28 वर्ष अपनी पत्नी पिंकी उर्फ तारा बाई व 2 साल 6 माह का बेटा वेद के साथ किराये के मकान में नुरानी चौक नई बस्ती रोड जुबेदा बेगम की मकान में रहकर रोजी मजदूरी का काम करता है। पत्नी आस-पास के घरों चौका बर्तन करने का काम करती थी। बीति रात करीब 2.30 बजे मोबाईल पर पत्नी के द्वारा अपने रिस्तेदारों व अन्य लोगों से बात करने को लेकर मृतिक से उसका विवाद होने लगा व विवाद बढ़ जाने से आरोपी ने मृतिका के सिर पर घर में रखे रसोई गैस सिलिंडर को उठाकर उसके सिर पर तीन-चार बार वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सुबह अपने बेटे को अपने रिस्तेदार रवि को घटना की जानकारी देकर बच्चे को उसके हवाले कर खुद थाने में आकर घटना के संबंध में

जानकारी दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर राजातालाब स्थित मृतिका के घर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। आरोपी की शादी 4 साल पहले ग्राम कोटनी थाना मंदिर हसौद रायपुर में हुआ था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि पत्नी को मोबाईल पर बातचीत करते देख चरित्र पर संदेह के चलते उसकी हत्या कर दी।

मेनोपास सोसायटी द्वारा द्वितीय वार्षिक सेमीनार का आयोजन 14 व 15 को

रायपुर। रायपुर मेनोपॉज़ सोसाइटी के द्वारा राज्य स्तरीय वार्षिक, द्वितीय संगोष्ठी-÷ मेनोपॉज़ कॉन-2019÷ का आयोजन, होटल बेबीलाइन इन रायपुर में दिनांक 14-15 दिसम्बर 2019 को किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रोफे. आभा सिंग (डीन, पं जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर), विशिष्ट अतिथि डॉ. नीलम अग्रवाल (अध्यक्ष, राष्ट्रीय मेनोपॉज़ सोसायटी एवं आर्गनाइजिंग चेयर पर्सन) डॉ. मनोज चेलानी (अध्यक्ष, मेनोपॉज़ सोसाइटी, रायपुर) होंगे। इस कार्यक्रम के ओर्गनइजिंग चेयरपर्सन ज्योति जैस्वाल है जो रायपुर मेनोपॉज़ सोसाइटी की पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसूति रोग विभाग मे प्रोफेसर है। कार्यक्रम मे शहर के प्रसिद्द प्लास्टिक सर्जन, स्किन स्पेशलिस्ट व कॉस्मेटोलॉजिस्ट भी शामिल होंगे.

इस वर्ष 'मेनोपॉज़ कॉन - 2019' का आयोजन लगातार दूसरे वर्ष हो रहा है। इस सोसायटी के कार्यकारी समिति के अध्यक्षता में, निरंतर महिलाओं के मेनोपास की अवस्था में होनेवाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर कार्य किया जा रहा है। मेनोपॉज़ महिलाओं को 40-50 वर्ष की आयु में होनेवाली ऐसी प्राकृतिक अवस्था है जिसमें प्रजनन से संबंधित हार्मोन्स के बनने की प्रक्रिया में लगातार कमी होती जाती है। मेनोपॉज़-2019 में छत्तीसगढ़ के साथ ही दिल्ली, मुम्बई, हैदाराबाद, नागपुर, चंड़ीगढ़ तथा रायपुर के 200-250 विशेषज्ञ चिकित्सक भाग लेंगे।

÷मेनोपॉज़-2019÷ संगोष्ठी में 14 व 15 दिसम्बर को विभिन्न विषयों पर रिसर्च पेपर्स, परिचर्चा व प्रशिक्षण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। 14 दिसम्बर को संगोष्ठी के प्रारंभ के पहले सत्र में डॉ तृप्ति नागरिया की अध्यक्षता मे कोलोस्कोपी वर्कशॉप होगी जिसमे चिकित्सकों को यूटेरस केंसर की जांच व सरल शल्य किया द्वारा उसका डायग्नोसिस के बारे में बतलाया जायेगा- साथ ही कोलपोस्कोपी का प्रशिक्षण भी किया जावेगा। इसी दिन संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रम 'ब्यूटीकॉन' प्रस्तुत किया जायेगा, जिसकी थीम - 'ब्यूटी रिडाफाइन' रखी गई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की अध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक सौंदर्य को बल देना है।

इस संगोष्ठी में ही, एक परिचर्चा में 40-50 वर्ष की आयु की महिलाओं की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं-हड्डियों में कमजोरी, मेनोपास, यूटेरस केंसर के शुरूआती लक्षणों एवं उसके त्वरित उपचार पर भी चर्चा की जायेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 30 विभिन्न चिकित्सकों द्वारा स्टेज पर, बालिकाओं की रक्षा, महिलाओं पर हिंसा को रोकना, महिलाओं के साथ छेड़-छाड़ को रोकने का सामजिक संदेश दिया जायेगा।

कार्यक्रम के दूसरे दिन 15 दिसम्बर को जनता के लिए स्वास्थ्य संबंध जागरूकता के लिए कैम्प तथा मेनोपास व हड्डियो के स्वास्थ्य पर योग, प्राणायाम तथा व्यायाम के प्रभाव को समझाया जायेगा।

महापौर की नाकामी की भेंट चढ़ गया रायपुर का विकास: भाजपा

■ भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा नैतिकता होती तो महापौर नहीं लड़ते पार्षद चुनाव

■ पूछा महापौर, सांसद चुनाव लड़ने के बाद फिर क्यों पार्षद बनने खड़े हो गए

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला अध्यक्ष राजीव कुमार अग्रवाल ने आरोप लगाया हैं कि कांग्रेसियों को जनता की सेवा से कोई सरोकार नहीं है, वह सिर्फ सत्ता की लोभी है। इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण यह है कि पिछले 5 वर्षों में रायपुर के महापौर प्रमोद दुबे ने शहर की जनता की भलाई के लिए एक भी कार्य नहीं किए। जिसका प्रतिफल जनता ने उन्हें लोकसभा चुनाव में लगभग साढे तीन लाख मतों से पराजित करके दिया ।

प्रमोद दुबे कांग्रेसी महापौर की अलोकप्रियता का यह आलम था कि, जिस वार्ड में वे रहते हैं ,वहां से वे पराजित हुए, यहां तक कि वे जिस बूथ के निवासी है वहां से भी उन्हें पराजय मिली। यह परिणाम बताता है कि महापौर से शहर की जनता जबरदस्त तरीके से नाखुश है । परंतु इन बातों को नजरअंदाज कर व जनादेश को अस्वीकार कर महापौर जी सत्ता की लालसा में सुरक्षित वार्ड समझकर पुनः पार्षद प्रत्याशी बन गए हैं।

राजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में प्रमोद दुबे को नैतिकता के आधार पर पार्षद चुनाव नहीं लड़ना चाहिए था क्योकि जो व्यक्ति सांसद चुनाव लड़ चुका है, अगर वही व्यक्ति पार्षद चुनाव भी लड़ेगा तो पार्टी के कार्यकर्ता कहां जाएंगे। प्रमोद दुबे ने ऐसा करके अपने ही एक कार्यकर्ता का अधिकार छीन लिया है। पिछले 10 वर्षों के रायपुर निगम की सत्ता में काबिज कांग्रेसियों की आसफलता का ही परिणाम है कि आज पूरा शहर नशे की गोलियों के चपेट में आ गया है । ड्रग लाइसेंस वितरित करना, नगर निगम का अधिकार है साथी उस नियम का पालन हो रहा है यह जांच भी कभी महापौर जीने नहीं कराई।

कांग्रेस महापौरों पर किवाड़ और रामकी का कसा तंज

सफाई के नाम पर कांग्रेस के दो पूर्व महापौरों पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने तंज कसा है। उन्हों ने कहा कि किवाड़ और अब के महापौर ने रामकी नाम का झुनझुना शहर की जनता को पकड़ाया। गंदी नालियों के बीच ध्वस्त हो चुके शहर के ड्रेनेड सिस्टम और जलभराव से शहर की जनता को मुसीबत में डालने की पूरी जिम्मेदारी कांग्रेस की नगर सत्ता और उसके महापौर की बनती है। श्री अग्रवाल ने कांग्रेसी महापौर से पूछा है कि लोकसभा चुनाव में हार और अपने ही बूथ में पराजय का मुंह देखने वाले महापौर आज किस मुंह से पार्षद चुनाव लड़ रहे हैं उन्होंने कहा कि शहर की जनता कांग्रेस के एक-एक पार्षद प्रत्याशी को बीते 10 वर्ष का भुगतान भुगताने तैयार बैठी है । इस चुनाव में सभी 70 वार्डों में जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी।

संपादकीय

केन्द्र सरकार के दावों की खुली पोल

देश में आर्थिक मंदी के कारण बढ़ती बेरोजगारी की समस्या को लेकर जहां एक ओर विपक्ष लगातार सरकार पर हमले कर रहा है और लाखों लोगों की छटनी होने का मुद्दा जोर शोर से उठा रहा है। वहीं सरकार बेरोजगारी की समस्या पर अपना बचाव करते हुए देश में बेरोजगारी की बात को लगातार नकारती रही है। किन्तु केन्द्र सरकार के इस दावे की पोल खुद सरकारी आंकड़ो ने खोल के रख दी है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का देश के विभिन्न राज्यों में सृजित नौकरियों का जो आंकड़ा पेश किया गया है। उसके मुताबिक वर्ष 2019 में 31 अक्टूबर तक देश में सिर्फ लगभग सवा दो लाख लोगों को ही नौकरी मिल पाई है। वहीं दूसरी ओर विभिन्न उद्योगों और सार्वजनिक उपक्रमों में लाखों लोगों की छटनी हो गई है। आर्थिक मंदी की चपेट में आए उद्योगों को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा रहा है। अपना उत्पादन घटना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में वे कर्मचारियों की छटनी करने पर बाध्य हो गए है। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के पूर्व अपने घोषणा पत्र में हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का वादा किया था। किन्तु वह अपने वादे को अमलीजामा नहीं पहना पा रही है। उलटे लोगों का रोजगार छीना जा रहा है। दरअसल देश में दिन दुनी रात चौगुनी बढ़ती आबादी के कारण बेरोजगारी की समस्या जटिल रूप धारण करती जा रही है। हर साल लाखों की संख्या में युवा विभिन्न डिग्रीया लेकर शिक्षण संस्थानों से लेकर निकलते है लेकिन अदद नौकरी के लिए उन्हें सालों साल भटकना पड़ता है। स्थिति यह है कि एमबीए छात्र तक सरकारी दफ्तरों में निकलने वाली चपरासी के लिए निकले वाले नौकरी के लिए हजारों की संख्या में आवेदन करते है। किन्तु वह नौकरी भी उन्हें नहीं मिल पाती। बेरोजगारी दूर करने के वादे द्विवा स्वप्न ही साबित हो रहे हैं। कई राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों ने बेरोजगारों को नौकरी न दे पाने की स्थिति में हर माह बेरोजगारी भत्ता देने का चुनावी वादा भी किया था और इस वादे के कारण वे सत्ता में भी आ गए है लेकिन कहीं भी बेरोजगारों को भत्ता नहीं मिल रहा है। जिन राज्यों में बेरोजगारी भत्ता दिया भी जा रहा है। वह बेरोजगारों की वास्तविक संख्या से बहुत कम है। सरकार को चाहिए कि बेरोजगारों की पीड़ा को समझे और जो करोड़ों लोग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं उनको रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ठोस कार्य योजना बनाए।

विचार

इस कानून से हिंदू क्यों नाराज हैं

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कितने मजे की बात है कि गृहमंत्री अमित शाह ने जो नया नागरिकता विधेयक संसद से पारित करवाया है, उसका विरोध भारत के मुसलमान नहीं कर रहे हैं बल्कि हिंदू कर रहे हैं और ये हिंदू हैं, पूर्वोत्तर राज्यों के। असम, त्रिपुरा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, अरुणाचल के। इन राज्यों में रहनेवाले मूल निवासियों को डर है कि नए नागरिकता कानून का फायदा उठाकर बांग्लादेश के बंगाली हिंदू उनके शहरों और गांवों में छा जाएंगे। वे पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हिंदू और सिखों की तरह सैकड़ों और हजारों में नहीं आएंगे बल्कि वे अब तक हजारों और लाखों में आ चुके हैं और आते जा रहे हैं। वे कई जिलों में बहुमत में हो गए हैं। कुछ वर्षों में इन प्रदेशों के मूल निवासी अल्पमत में हो जाएंगे। उनके मन पर इस बात का कोई खास प्रभाव दिखाई नहीं पड़ रहा है कि इस नए नागरिकता विधेयक में पड़ौसी देशों के मुसलमानों को शरण देने की बात नहीं कही गई है। इस विधेयक ने पूर्वोत्तर में तूफान खड़ा कर दिया है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां भी शहरों और गांवों में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। सरकारें हतप्रभ हैं। भीड़ लूटपाट और तोड़-फोड़ से भी बाज़ नहीं आ रही है। हजारों फौजी जवान तैनात किए जा रहे हैं। कई शहरों में कर्फ्यू लग गया है। हवाई अड्डे और रेल-स्टेशन ठप्प हो गए हैं। 34 साल बाद इतना बड़ा आंदोलन असम में फिर उठ खड़ा हुआ है। यह आंदोलन कहीं पूर्वोत्तर क्षेत्र से भाजपा का सफाया ही न कर दे। यदि कुछ लोग हताहत हो गए तो मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी का रविवार को जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे से गुवाहाटी में मिलने का कार्यक्रम भी रद्द करना पड़ेगा। इस विधेयक ने एक तरफ पूर्वोत्तर के हिंदुओं को नाराज कर दिया है और दूसरी तरफ तमिलों को भी ! श्रीलंका से जो तमिल मुसलमान और हिंदू भारत में शरण लेना चाहते हैं, यह विधेयक उनके बारे में भी चुप है। यह ठीक है कि इस विधेयक से भारत के मुसलमानों को कोई सीधा नुकसान नहीं है लेकिन बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के मुसलमानों पर शक की छाप लगा देने का असर क्या हमारे मुसलमानों पर नहीं पड़ेगा ? इसके अलावा इन मुस्लिम देशों से जो गैर-मुसलमान भारत में आकर जमना चाहते हैं, क्या वे सब सताए हुए ही होते हैं ? क्या हमारी सरकार को यह पता है कि इन मुस्लिम देशों से बाहर जाकर बसनेवालों की संख्या में मुसलमान ही सबसे ज्यादा हैं ? वहां से हिंदू, सिख और ईसाई भी बाहर निकले हैं लेकिन जिनके पांवों में दम था, वे अमेरिका, यूरोप और सुदूर एशिया में जा बसे हैं। हम इस विधेयक के द्वारा भारत को अनाथालय क्यों बनाना चाहते हैं ? किसी को भी भारत की नागरिकता चाहिए तो उसका पैमाना मजहब, जाति या वर्ग नहीं, बल्कि उसके गुण, कर्म और स्वभाव को होना चाहिए।

राजनैतिक स्वार्थों की भेंट चढ़ता असम

डॉ. नीलम महेंद्र

> एन आर सी के बनते ही आसाम में लगभग 19 लाख लोगों पर नागरिकता का संकट आ गया। अब आसाम के लोगों को डर है कि नए नागरिकता संशोधन कानून का सहारा लेकर एन आर सी से बाहर हुए लोग नागरिकता हासिल करने में कामयाब हो जाएंगे। लेकिन सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि एन आर सी से वो घुसपैठियों की पहचान करके उनको बाहर का रास्ता दिखाएगी। सरकार यह भी घोषणा कर चुकी है कि वो असम समझौते की धारा 6 के अनुरूप ही असम के लोगों के संवैधानिक, राजनैतिक, भाषाई,सांस्कृतिक और भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्यसभा से नागरीकता संशोधन विधेयक पास होने के बाद से ही लगातार असम में इसका विरोध हो रहा है। इस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि अब पाकिस्तान बांग्लादेश और अफगानिस्तान में रहने वाले ÷अल्पसंख्यक समुदाय÷ जैसे हिन्दू सिख बौद्ध पारसी और ईसाई समुदाय अगर भारत में शरण लेते हैं तो उनके लिए भारत की नागरिकता हासिल करना आसान हो गया है। यह विधेयक उन पर लागू होगा जिन्हें इन तीन देशों में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित किए जाने के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। लेकिन इनर लाइन परमिट वाले राज्य (यानी यहाँ प्रवेश से पहले बाहरी व्यक्तियों को अनुमति हासिल करनी पड़ती है) और छठी अनुसूची के क्षेत्रों को नागरिकता संशोधन कानून के दायरे से बाहर रखा गया है। इसका मतलब उत्तरपूर्व के अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर,नागालैंड, मिज़ोरम, मेघालय,त्रिपुरा और आसाम के कुछ इलाकों में यह लागू नहीं होगा। इसलिए देखा जाए तो इस बिल में ÷विवाद÷ अथवा ÷विरोध÷जैसा कुछ नहीं था लेकिन फिर भी जिस प्रकार से विपक्ष ने संसद के दोनों सदनों में सेक्युलरिज्म और संविधान के नाम पर इस बिल का विरोध किया और देश की जनता को भृमित करने की कोशिश की, उनका यह आचरण अपने आप में विपक्ष की भूमिका पर ही कई सवालों को खड़ा कर गया। संविधान के नाम पर धार्मिक आधार पर अत्याचार की हद तक प्रताड़ित होकर भारत आने वाले गैर मुस्लिम शरणार्थियों के प्रति विपक्षी दलों की इस संवेदनहीनता ने उनकी स्वार्थ की राजनीति को देश के सामने रख दिया। लेकिन इससे इतर जिन मुद्दों पर विपक्ष ने इस बिल का विरोध किया उससे तर्कों की कमी को लेकर उनकी बेबसी भी सामने आई। विपक्ष को अब यह समझना चाहिए कि उनके द्वारा सरकार पर बार बार ÷संविधान के साथ खिलवाड़÷ और ÷लोकतंत्र की हत्या÷ जैसे रटे रटाए आरोपों से जनता अब ऊब चुकी है। वो विरोध के लिए कुछ ठोस और न्यायसंगत तर्कों की अपेक्षा करती है। दरअसल आज जब समूचा विपक्ष संविधान का सहारा लेकर इस बिल का विरोध करते हुए धार्मिक आधार पर होने वाले भेदभाव से पीड़ित इन देशों के अल्पसंख्यकों से अधिक चिंता अपने देश के अल्पसंख्यकों या फिर अपने वोटबैंक की कर रहा था तो ना सिर्फ उनके सेक्युलरिज्म की हकीकत बल्कि उनका दोहरा राजनैतिक चरित्र भी दृष्टिगोचर हुआ।

> इस आवेदन में उन्होंने ये घोषणा की होगी कि वे भारत के ही नागरिक हैं और इसके लिए जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध कराए होंगे जिसके आधार पर वो अपना नाम एन आर सी में जुड़वाना चाहते होंगे। जबकि सी ए बी के तहत नागरिकता हासिल करने के लिए आवेदक को ये कहना होगा कि वो बांग्लादेश अफगानिस्तान या फिर पाकिस्तान का नागरिक है।

क्योंकि जब बात तीन ऐसे देशों की हो रही हो जहाँ का राज धर्म ही इस्लाम हो, जहाँ मुस्लिम बहुसंख्यक हों, और जिन देशों में गैर मुस्लिम परिवारों पर होने वाले अत्याचार दुनिया के सामने आ गए हों,जब आंकड़े बताते हों कि इन सालों में पाकिस्तान में हिन्दुओं की संख्या 23त्न से घट कर 1.5त्न, बांग्लादेश में 20त्न से घट कर 2त्न और अफगानिस्तान में 18त्न से घट कर 1त्न रह गई हो, तब सेकुलरिज्म के नाम पर विपक्ष का इस बिल के लिए विरोध समझ से परे हो जाता है।

यह वाकई में खेद का विषय है कि अपनी वोटबैंक की राजनीति के आगे विपक्ष को देश के प्रति अपने दायित्वों का भी बोध नहीं रहता। इसे क्या कहा जाए कि जब बिल में पूर्वोत्तर के राज्यों को शामिल नहीं किया गया है फिर भी पूर्वोत्तर के राज्यों में इस विधेयक को लेकर लोग आक्रोशित ही नहीं बल्कि हिंसक होने की हद तक भृमित हैं? दुष्प्रचार और अफवाहो की भीड़ में सच कैसे कहीं खो जाता है असम इसका जीता जागता उदाहरण है। और जब अपने राजनैतिक स्वार्थों की खातिर भोले भाले छात्रों को आंदोलन की आग में झुलसने के लिए छोड़ दिया जाता है तो राजनीति का कुत्सित चेहरा सामने आ जाता है। दरअसल असम में घुसपैठियों की समस्या बहुत पुरानी है। 1985 में राजीव गांधी सरकार ने भी घुसपैठ की समस्या खत्म करने के लिए वहाँ के संगठनों से असम समझौता किया था लेकिन समझौते के बावजूद सरकार द्वारा इतने साल इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया। मौजूदा सरकार ने अब वहाँ इसी समस्या को खत्म करने के लिए एन आर सी लागू किया गया था ताकि वहाँ के मूलनिवासियों और घुसपैठियों की पहचान की जा सके। एन आर सी के बनते ही आसाम में लगभग 19 लाख लोगों पर नागरिकता का संकट आ गया। अब आसाम के लोगों को डर है कि नए नागरिकता संशोधन कानून का सहारा लेकर एन आर सी से बाहर हुए लोग नागरिकता हासिल करने में कामयाब हो जाएंगे। लेकिन सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि एन आर सी से वो घुसपैठियों की पहचान करके उनको बाहर का रास्ता दिखाएगी। सरकार यह भी घोषणा कर चुकी है कि वो असम समझौते की धारा 6 के अनुरूप ही असम के लोगों के संवैधानिक, राजनैतिक, भाषाई,सांस्कृतिक और भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एन आर सी और सी ए बी दोनों अलग अलग मुद्दे हैं और इनमें नागरिकता हासिल करने के कानूनी पहलू भी अलग अलग है। यहाँ यह समझना आवश्यक है कि एन आर सी में जो लोग छूट गए हैं उन्होनें आवेदन तो किया होगा लेकिन कागजातों के अभाव में उनका नाम लिस्ट में नहीं आया। इस आवेदन में उन्होंने ये घोषणा की होगी कि वे भारत के ही नागरिक हैं और इसके लिए जरूरी दस्तावेज भी उपलब्ध कराए होंगे जिसके आधार पर वो अपना नाम एन आर सी में जुड़वाना चाहते होंगे। जबकि सी ए बी के तहत नागरिकता हासिल करने के लिए आवेदक को ये कहना होगा कि वो बांग्लादेश अफगानिस्तान या फिर पाकिस्तान का नागरिक है। इसलिए दोनों मुद्दों को मिलने की कोशिश करना संकीर्ण राजनैतिक स्वार्थ के अलावा और कुछ नहीं हो सकता। इसके बावजूद असम में इस बिल का हिंसक विरोध निराशजनक है। *(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार है)*

कैब का भुगतान डेमोक्रैसी का एक हिस्सा है

भारतीय ईथ़ॉस् और हेरिटेज स्टॉक में हैं

कृष्णा झा

> यह केवल हिंदू महासभा नहीं थी, जिसके सावरकर अध्यक्ष बने, बल्कि आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) बना। 1925 में डॉ हेडगेवार के नेतृत्व में इसका गठन हुआ, जिसने हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र के सिद्धांत का प्रचार किया। 1932 में नागपुर में दशहरा समारोह पर इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में तैयार एक रिपोर्ट के अनुसार, हेडगेवार ने दावा किया कि हिंदुस्तान हिंदुओं के लिए है और हिंदू सरकार की स्थापना के बाद, यह हिंदुओं को तय करना था कि राजनीतिक अधिकार और विशेषाधिकार क्या हैं?

क्या हम अपनी विरासत को नकार सकते हैं? क्या हम रहीम खानखाना, और गालिब, और फिर हसरत मोहानी, फैज अहमद फैज, सज्जाद जहीर, मौलाना अबुल कलाम आजाद और इतने सारे लोगों के योगदान को नकार सकते हैं, जिन्होंने भारत में अपना योगदान दिया है? हमारी बहुलता हमारी एकता की जड़ है। यही हमारी ताकत है।

नागरिकता (संशोधन) विधेयक संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है, जो गणतंत्र की नींव है। हिंदू गौरव पर जोर देते हुए यह चुनौती हमेशा भयावह थी। 1923 की शुरुआत में, विनायक दामोदर सावरकर ने एक ऐसे शब्द के बारे में बात की जिसने विभाजन की विचारधारा को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया। यह हिंदुत्व था, जिसे सावरकर ने हिंदू धर्म के समान नहीं बताया था। हिंदुत्व राजनीतिक हिंदू धर्म का एक रूप था, जिसने हिंदू धर्म का राजनीतिकरण करने और एक राष्ट्रीयता के रूप में हिंदुओं का सैन्यीकरण करने की मांग की। सावरकर ने समझाया कि इस राष्ट्रीयता ने एक विशाल विविधता वाले समाज में राष्ट्रवाद के लिए एक आधार प्रदान किया, और अंत में राष्ट्र राज्य की ओर अग्रसर हुआ। सावरकर, जो कि काफी हद तक नास्तिक थे, को पवित्र भूगोल रखने में विश्वास नहीं था, और फिर भी उन्होंने पवित्र भूगोल 'के आधार पर हिंदुओं के लिए पूरे देश पर दावा किया। सावरकर इसके बाद अपने दो राष्ट्र सिद्धांत लेकर आए। वह 1940 में मुस्लिम लीग से सोलह साल पहले देश में इसका प्रचार करने वाले पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने हिंदू और मुसलमानों को अलग-अलग राष्ट्रों के रूप में तैयार किया, और भारत के विभाजन के लिए प्रेरित किया। 1923 में ही, सावरकर ने भी अपना मोनोग्राफ'एक हिंदू कौन है? ' लिखा था, जिसने मुस्लिम विरोधी रुख के लिए ब्रिटिश-विरोधी, औपनिवेशिक भावना को उभरने के उनके प्रयासों को प्रतिबिंबित किया और फिर कार्रवाई भी की। यह स्पष्ट रूप से औपनिवेशिक अंग्रेज शासकों के हित में था।

यह केवल हिंदू महासभा नहीं थी, जिसके सावरकर अध्यक्ष बने, बल्कि आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) बना। 1925 में डॉ हेडगेवार के नेतृत्व में इसका गठन हुआ, जिसने हिंदुओं के लिए अलग राष्ट्र के सिद्धांत का प्रचार किया। 1932 में नागपुर में दशहरा समारोह पर इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में तैयार एक रिपोर्ट के अनुसार, हेडगेवार ने दावा किया कि हिंदुस्तान हिंदुओं के लिए है और हिंदू सरकार की स्थापना के बाद, यह हिंदुओं को तय करना था कि राजनीतिक अधिकार और विशेषाधिकार क्या हैं? इसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हिंदू महासभा के नेता डॉ एन वी खरे ने 1933 में एक अन्य समारोह की अध्यक्षता करते हुए स्वीकार किया कि संघ एक सांप्रदायिक संगठन है और यह भी कि संघ अहिंसा का विरोधी है। हिंदू महासभा के नेता डॉ बी एस मूनजे भी वहां मौजूद थे, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आक्रमण हमेशा रक्षा से बेहतर होता है। संघ की गतिविधियों के लिए संघ की सराहना करते हुए, हिंदू महासभा के नेता वी डी सावरकर ने डॉ हेडगेवार की प्रशंसा की।

1937 में, हिंदू महासभा के अध्यक्ष चुने जाने के बाद महासभा के 19 वें सत्र में वी डी सावरकर ने कहा ÷भारत में एक साथ दो विरोधी देश हैं। कई राजनेता इस बात का समर्थन करने की गंभीर गलती करते हैं कि भारत पहले से ही सामंजस्यपूर्ण रूप से वेल्डेड राष्ट्र है या यह कि इसे वेल्ड किया जा सकता है यदि कोई ऐसा करना चाहता है ... भारत को आज एक और सामंजस्यपूर्ण राष्ट्र नहीं माना जा सकता है।' उन्होंने कहा, 'इसके विपरीत, भारत में मुख्य रूप से हिंदू और मुस्लिम दो राष्ट्र हैं'।

हमारे विशाल जनसंख्या के एक ऐसे छोटे से हिस्से के बावजूद यूनिटेरियन लोकाचार के खिलाफ प्रचार, संपूर्ण स्वतंत्रता आंदोलन इस तरह के विभाजनकारी रुझानों से रहित था। लगभग दो शताब्दियों से अधिक वशीकरण, मजबूर विभाजन और महात्मा गांधी की जघन्य हत्या के बाद भी, हमारी लोकतांत्रिक संरचना धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और समानता के आदर्शों पर आधारित हो सकती है। विविधता में एकता की अनूठी विशेषता के साथ हमारा संविधान 1950 में लिया गया था, और वहां भी असंतोष के लिए जगह थी। *(संवाद)*

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मन की बात सुनूं या दिल की

मन की बात सुनूं या दिल की ? मन कहता है हर बात समझूं, दिल कहता है कुछ उसकी सुनूं, जीवन कहता है वश में तेरे कुछ भी नहीं, बस वक्त जो कहता है वो करते चल। **पूनम झा**

मुश्किलों से है भरा अपना जहां, है

मुश्किलों से है भरा अपना जहां, है नहीं खुश कोई भी इंसां यहां। फूल पत्ते बिखरे औ बेनूर हैं, अपने गुलशन से खफा है बाग़बां। हम पहाड़ों पे विजय तो पा चुके, पर ज़मीनी उलझनें कम है कहां। मैं समंदर के फसाने लिखता हूं, वो किनारों पे चलाती है जुबां। अब सियासत यारो इक व्यापार है, हाट में चोरों ने खोले हैं दुकां। **डा: संजय दानी**

खास पाती | तुम्हारा वो प्रथम स्पर्श जब छू

तुम्हारा वो प्रथम स्पर्श जब छू गयी थी तेरी उंगलियाँ मेरी उंगलियों से... खिल उठी थी दिल के भीतर की मुरझाई हुई कली... महकने लगे लगे थे हजारों मोंगरे मन के सूने आंगन में... तपती धूप में चंदन सी सोंधी महक शीतलता दे रही थी... एक जादुई सिहरन पैर पसारने लगी थी तन मन के भीतर... वो प्रथम स्पर्श था या तिलिस्मी जादू कोई...। **पूनम राजपूत**

हार भी हार सी नही लगती



हार भी हार सी नही लगती, जीत अगर अपनो की होती है! गहरे जख्म भी अब दर्द नही देते, मुस्कान जब अपनो की होती है...! तुफानो से भी अब डर नही लगता, उससे पार जब अपने ही करते है! संघर्ष करते-करते, भी मुस्कुराऊँ मैं क्योंकि सम्बल जब अपने ही देते है...!! **निशा रावल**

इक नहीं दो नहीं हजारों में थे

इक नहीं दो नहीं हजारों में थे। चांद तारे आसमां कतारों में थे । इठलाकर ओ जाकर छुपी थी जहां वहीं हम भी छुपे एक किनारों में थे।। मुझको देखी वो बोली इधर आओ तो जरा देखो ये बाहर माजरा है क्या। इतने सारे देखने हैं आये मुझे अच्छी खासी तो हूँ लगती बीमार क्या। उसके होठों से अमृत बरसती रही। मैं सुनता रहा और कहती रही। एकटक मैं उसे ही देखता रहा। खुद को खुद से मैं खोता रहा।। एकाएक ओ बोली बड़े जोर से। अजी सुनते हो तुम भी कहाँ खो गए। चौंककर मैं उसे फिर देखता रहा। थोड़ा घबरा गया था अंदर से मैं।। कुछ कह न सका जिस्म अंगारों में थे। चांद तारे आसमां कतारों में थे।। **कृष्णा प्रवीण शुक्ला श्रावस्ती**

उसके चेहरे पे उदासी का ये आलम

उसके चेहरे पे उदासी का ये आलम क्यूँ हैं इतना खामोश हुआ जाता ये मौसम क्यूँ हैं एक मुद्दत में मेरी आँख हुई थी पत्थर एक मुद्दत के बाद फिर से आँख नम क्यूँ हैं। **जया पाटील**

भटके रहते आज तो, सारे मुर्दे जान



भटके रहते आज तो, सारे मुर्दे जान। भागे पड़ोस सोचते,जय भारतीय मान। जय भारतीय मान, चले हैं शिक्षा देने। रखे कटोरा देख, अरे वो भिक्षा लेने। होती चर्चा काल, कहे क्यों फांसी लटके। करते वे संग्राम, तभी तो मुद्दे भटके । **नवीन कुमार तिवारी**

ऐसे मुद्दे जो बेहद संवेदनशील हो

ऐसे मुद्दे जो बेहद संवेदनशील हो और देश के आंतरिक मामलों से जुडे हुए हो उन्हें समझे बिना पक्ष या विपक्ष में राय बनाना और उसके जरिए सोशल मीडिया पर कोहराम मचाना दोनों गलत है। एक जिम्मेदार लेखक और नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह बुद्धिजीवी बनना छोड़ कर इन सबका गहन अध्ययन करें। **दिव्या राकेश शर्मा**

पाप और पुण्य की कौन सोचता

पाप और पुण्य की कौन सोचता है यहाँ। भगवान से भी भला कौन डरता है यहाँ।। ख़ौफ़नहीं रहा लोगों को किसी रिश्ते का। अब सीता और राम कौन बनता है यहाँ।। फटी चादर अभावों की सिल रहे हैं लोग। फ़टे कपड़ों में पैबन्द लगाता कौन है यहाँ।। बेईमानी खून में बस गई लोगों के लगता है। ईमान के वास्ते भला जान कौन देता है यहाँ।। मन्दिरों मस्जिदों को बनाने की होड़ लगी है। आज इंसानियत भला कौन सिखाता है यहाँ।। **राजेश कुमार शर्मा पुरोहित**

लघु कथा

रोक-टोक

तुम बिट्टू को टोकती क्यों नहीं, उल्टा-सीधा खर्च करता है, बाद में महीने के आखिर में पैसे का रोना रोता है। तुम क्या कम हो टोकने के लिए, जो मैं भी टोकूँ। देखा नहीं, बहू और बच्चों के सामने जब तुम उसे डाँटते हो, तब कैसा रुआँसा हो जाता है। क्या करूँ, आदत से लाचार हूँ। मुझ से कुछ भी गलत होते नहीं देखा जाता। मेरी मानो, अगर खुश रहना चाहते हो, तो अनदेखा करना और चुप रहना सीखो। अपने लाड़ले बेटे को भी कभी ऐसे समझाया करो। दो महीने से कह रहा हूँ- ' इस बार जूते दिलवा दे, मेरे जूते का तल्ला कब का फट चुका है ' लेकिन हर महीने कोई न कोई खर्च बता देता है। बस भी करो, सारे दिन कुढ़ते रहते हो ? कुत्ता हड्डी चिंचोड़ेगा तो अपने ही मसूड़ों का खून पिएगा। तुम भी बसज कुछ भी बोल देती हो। अच्छा सुनो, ध्यान रखना, कुरियर वाला आएगा। बिट्टू कह रहा था कि उसने एक टोस्टर ऑन लाइन आर्डर किया है। अच्छा, तुम ही बताओ, टोस्टर की क्या जरूरत थी ? ब्रेड को तवे पर सेंक कर भी तो काम चल रहा था, फिर भी नवाबजादे ने ऑर्डर कर दिया, आने दो आज उसकी अच्छे से खबर लेता हूँ। इतने में कूरियर वाला एक पैकेट दे गया। खोल कर देखा तो दंग रह गए, उन्हीं के लिए जूते थे। बिल्कुल वैसे, जैसे वे चाहते थे। पहन कर देखे, तो लगा जैसे मक्खन में पैर दे दिए हों, आराम-दायक और सुन्दर। आँखें भीग गईं, रूँधे गले से बोले, अजी सुनती हो, हमारा बेटा हीरा है, हीरा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और विश्व के इतिहास में 14 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- 1799- अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन (प्रथम) का निधन। 1911- अमुंडसेन की दक्षिणी ध्रुव की यात्रा की। 1918- प्रसिद्ध योग गुरु बी. के. एस. आयंगर का जन्म। 1921- एनी बेसेंट को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफलेटर्स' की उपाधि से नवाजा। 1924- भारतीय सिनेमा के शोमैन, निर्माता, निर्देशक और अभिनेता राज कपूर का जन्म। 1934- प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक श्याम बेनेगल का जन्म। 1936- बंगाली और हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता विश्वजीत चटर्जी का जन्म। 1946- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी का जन्म। 1946- डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

न्यूज गैलरी

निरीक्षण में मिले 18 से कम उम्र के बच्चे

दुर्ग। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा केन्द्रीय जेल का निरीक्षण करने पर 3 बालक 18 वर्ष से कम आयु के मिले हैं। विभाग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर केन्द्रीय जेल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण का उद्देश्य 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का पता करना था। जेल अधीक्षक द्वारा चिन्हांकित 35 बंदियों का परीक्षण कर मौखिक चर्चा किया गया। इस दौरान 3 बालकों ने 18 वर्ष से कम आयु का होना बताया।

टैंकर मुक्त शहर बनाने आयुक्त रघुवंशी ने ली समीक्षा बैठक

बैठक में कंपनी स्पैरो को लगाई फटकार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। अमृत मिशन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा आज आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली जिसमें जल कार्य के अधिकारी, कर्मचारी, जोन आयुक्त एवं स्पैरो के कर्मचारी सम्मिलित हुए। आज के समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य टैंकर मुक्त शहर एवं जलकर वसूली रहा। श्री रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्तों से बारी.बारी से उनके जोन क्षेत्र में संचालित होने वाले पानी टैंकरों की जानकारी प्राप्त की एवं जिन क्षेत्रों में वर्तमान एवं ग्रीष्म ऋतु में पानी टैंकरों की जरूरत है उन क्षेत्रों मे नल कनेक्शन विस्तार करने को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर टोटिया नहीं लगी है व अव्यवस्थित है, जहां पर पानी लीकेज की समस्या है, ऐसे जगहों से पानी की बर्बादी रोकना आवश्यक है जिसके लिए उन्होंने जलकार्य के अधिकारियों एवं जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं।

अमृत मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए आयुक्त ने अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि पानी टैंकरों का उपयोग नहीं होना चाहिए इस दिशा में कार्य करें। अवैध नल कनेक्शन को अमृत मिशन के अंतर्गत वैध कनेक्शन में परिवर्तित कर नियमितीकरण करने की प्रक्रिया समस्त जोन क्षेत्र में जारी है ऐसे व्यक्ति जो अभी तक अवैध नल कनेक्शन को वैध कनेक्शन में परिवर्तित कर नियमितीकरण की कार्यवाही नहीं करा पाये हैं वे जोन कार्यालय में संपर्क कर करा सकते हैं। इसके साथ ही निगम क्षेत्र अंतर्गत घरों में नल कनेक्शन एवं वाटर मीटर कनेक्शन लगाने का कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने स्पैरो एजेंसी को फटकार लगाई तथा निर्देशित किया कि ऐसे लोगों की सूची प्रदान करें जो नल कनेक्शन लेने के बावजूद टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं तथा इनके विरुद्ध जोन आयुक्त नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही करें साथ ही टोटी एवं वाटर मीटर हटाने वालों पर भी कार्यवाही करें। निगम के पानी का उपयोग बहुमंजिला इमारत, औद्योगिक क्षेत्र, व्यवसायिक क्षेत्र मे यदि किया जा रहा है तो निरीक्षण कर जलकर वसूली करने निर्देशित किया गया है। श्री रघुवंशी ने स्पैरो द्वारा किए जा रहे टैक्स वसूली की जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि नियमित रूप से नियमानुसार टैक्स वसूली करें एवं लक्ष्य के विरुद्ध शत् प्रतिशत वसूली हो इस बात का ध्यान रखें। आयुक्त ने 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र की प्रगति के बारे में जलकार्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली तथा इंटरकनेक्शन के कार्यों में तेजी लाने निर्देश दिए साथ ही 66 एमएलडी से संबंधित जितने भी कार्य शेष है उन्हें शीघ्रता से पूर्ण करें और ऐसे नल कनेक्शनधारी जो टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें।

मतदाताओं से संपर्क साधने जी-जान से जुटे प्रत्याशी

गली-नुक्कड़ के चाणक्य अभी से करने लगे चुनावी जीत-हार के दावे

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम के चुनावी दंगल में उतरे प्रत्याशियों ने अब मतदाताओं से संपर्क करने पर पूरा जोर लगा दिया है। प्रत्याशियों के रणनीतिकार मतदान से पहले के इलेक्शन मैनेजमेंट पर फोकस कर रहे हैं लेकिन प्रत्याशी सीधे घर.घर जाकर मतदान के दिन याद रखनेकी अपील कर रहे हैं। चुनाव करीब आने के कारण चौक.चौराहों पर प्रत्याशियों की जीत के साथ दावे करने का दौर शुरू हो गया है। गली.गली में पार्षद चुनाव के चाणक्य अभी से जीत हार का एक तरह से फैसला सुनाने लगे हैं। देख लेबे तैं ए बार वो जीतही बाबू 3 जैसे दावे रोजमर्रा की बात हो गई है। चुनावी शोर के बीच अब शहर में चुनाव जिताने के लिए दिग्गज नेताओं ने दस्तक देना शुरू हो गया है। चुनावी हलचल अब तेज होने लगी है। घर.घर जनसंपर्क अभियान तेज करने के साथ ही भीड़ जुटाकर रैली निकालने, नारेबाजी करने का दौर चल रहा है। भीड़ जुटाने के लिए कई वार्डों में एजेंट तय हो गए हैं। एजेंट को ठेका दे दो, भीड़ वही जुटाएंगे। रैली में जुटाई गई भीड़ के हर चेहरे के लिए 2 सौ से 3 सौ रुपए का रेट तय है। एजेंट ही भुगतान कर रहे हैं। रैली में शामिल लोगों को नाश्ता या भोजन कराने का जिम्मा भी एजेंट की जिम्मेदारी है। प्रत्याशी इन सब कार्यों का ठेका एजेंट को दे रहे हैं। तय रेट के साथ नाश्ता मिलेगा या भोजन, रैली में कितना समय लगेगा, कितना पैदल चलना पड़ेगा। सब कुछ पहले से तय है। चुनावी सीन इतना दिलचस्प है कि कई लोग दोपहर में कांग्रेस की रैली में शामिल होते हैं तो शाम के समय वे पड़ोस के वार्ड में भाजपा या निर्दलीय प्रत्याशियों की रैली में नारे लगाते हैं। रैली में भीड़ बढ़ाने का काम दो.दो शिफ्ट में चल रहा है।

पद्मनाभपुर (पूर्व) वार्ड 46

कांग्रेस प्रत्याशी कमला शर्मा और भाजपा प्रत्याशी स्मिता महाडिक के बीच एकदम सीधी टक्कर होने के बावजूद काफी हद तक मुकाबला एकतरफा चल रहा है। कमला शहर की इकलौती पार्षद हैं जिन्हें सर्वश्रेष्ठ पार्षद का पुरस्कार मिला। महापौर सरोज पांडेय के दूसरे कार्यकाल में पुरस्कार की शुरुआत हुई और उस समय पद्मनाभपुर की पार्षद कमला को सबसे सक्रिय रहकर विकास कार्य कराने पुरस्कार दिया था। शहर का सबसे उपयोगी मांगलिक भवन कमला के कार्यकाल की देन है। पुरानी टंकियों के जर्जर होने के बाद नई टंकियों के निर्माण की शुरुआत भी की थी। पार्षद कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों को जनता आज भी याद करती है। बाद में उनके पुत्र राजेश शर्मा ने वार्ड 46 में पार्षद के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। इसी सक्रियता के कारण अगले चुनाव में राजेश ने वार्ड 45 से चुनावी जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी स्मिता महाडिक को वार्ड में राजनीतिक रूप से सक्रिय न होने के कारण काफी संघर्ष करना पड़ रहा है।

पद्मनाभपुर (पश्चिम) वार्ड 45

हेमा शर्मा (भाजपा) और शकुन पाल (कांग्रेस) के बीच मुकाबले को निर्दलीय रेखा तिवारी के चुनाव मैदान में उतरने से यहां चुनाव दिलचस्प हो गया है। शकुन पाल के पति लीलाधर पाल पिछले कार्यकाल में वार्ड 46 से पार्षद चुने गए और विकास कार्यों को लेकर लगातार सक्रिय रहे। पार्षद के सक्रिय चेहरे रहे लीलाधर की पत्नी शकुन को इस बार वार्ड 45 से टिकट मिली है। भाजपा ने हेमा शर्मा को टिकट दी है। हेमा की राजनीतिक सक्रियता शून्य रही। उन्हें जिला भाजपा प्रवक्ता सतीश समर्थ का समर्थन हासिल है। निर्दलीय प्रत्याशी रेखा तिवारी 1999 में वार्ड 46 की पार्षद चुनी गई। अगले चुनाव में उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी कमला शर्मा ने पराजित कर दिया। वे साल भर पहले जनता कांग्रेस से जुड़ी। हाल ही में कांग्रेस प्रवेश किया और कांग्रेस से टिकट न मिलने पर वे अब वार्ड 45 से निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। आम जनता के बीच वोट की लड़ाई में लगातार सक्रियता और विकास कार्यों का पुलिंदा तीनों में से सिर्फ कांग्रेस प्रत्याशी के पास है।

कचहरी वार्ड 38

पूर्व पार्षद नीता जैन के चुनाव मैदान में उतरने से भाजपा प्रत्याशी ममता कुशल जैन और कांग्रेस प्रत्याशी सरस्वती सिन्हा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नीता जैन उन पार्षदों में से हैं जिन्हें सिर्फ वार्ड ही नहीं बल्कि पूरे शहर की समस्याओं को समय.समय पर उठाने के कारण जाना जाता है। दुर्ग कोर्ट में एडवोकेट होने के साथ ही वे बार एसोसिएशन की अध्यक्ष रह चुकी हैं। अपने मुद्दों को लेकर नीता किसी से भी भिड़ने से पीछे नहीं हटती। जनसमस्याओं को लेकर डटी रहने वाली नीता की स्थिति बेहतर है। वार्ड में जैन और अग्रवाल समाज के वोटर ज्यादा हैं। मुश्किल ये है कि नीता के अलावा दो और प्रत्याशी जैन समाज से चुनाव लड़ रहे हैं। इसके कारण वोट बंटने का खतरा है। ऐसी स्थिति में कांग्रेस प्रत्याशी सरस्वती सिन्हा को फायदा हो सकता है।

गायत्री मंदिर वार्ड 25

कांग्रेस के पार्षद व निगम सभापति राजकुमार नारायणी का दबदबा लगातार गायत्री मंदिर वार्ड में कायम रहा है। उनकी पत्नी सोनम नारायणी भी चुनाव जीत चुकी है। पिछला चुनाव जीतने के बाद नारायणी निगम के सभापति बने। इस दौरान उन्होंने पांच साल के कार्यकाल में वार्ड में विकास कार्य कराने के साथ ही निगम के भ्रष्टाचार को लगातार उजागर किया। कई बार उनके भंडाफोड़ अभियान के कारण दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई। मतदाताओं की समस्याओं का निराकरण करने लगातार सक्रिय रहने के साथ ही वे मतदाताओं के सुख दुख में हमेशा भागीदार रहे हैं। भाजपा ने कुलदीप सिंह चौहान को प्रत्याशी बनाया है। चौहान को वार्ड में मतदाताओं से संपर्क साधने और विश्वास जीतने में कितनी सफलता मिलती है। यह देखा जाना अभी बाकी है।

वोरा ने पटरीपार के कार्यकर्ताओं में भरा जोश

विधायक अरुण वोरा ने आजाद 37, सिकोला बस्ती 16, साकेत कालोनी 19, स्टेशन पारा 22 में कांग्रेस प्रत्याशियों के कार्यालयों का उद्घाटन किया। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए पार्टी के प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। वोरा ने सघन जनसंपर्क करते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। वोरा ने वार्ड 37 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रद्धा सोनी, 16 से देवश्री साहू, वार्ड 19 से कांशीराम रात्रे और वार्ड 22 से पालन कुमार गाड़ा को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन को शहर की जनता 20 वर्षों से देख रही है। अब शहर में सुनियोजित विकास कार्य कराने और शहर की तस्वीर संवारने के लिए आम जनता ने कांग्रेस को वोट देने का मन बना लिया है। प्रदेश सरकार के जनहित के कार्यों से मतदाता संतुष्ट हैं। इसका लाभ नगर निगम चुनावों में कांग्रेस को मिलेगा।

मोतीपारा वार्ड 30

भाजपा ने यहां से विनीत ताम्रकार को प्रत्याशी बनाया है जबकि कांग्रेस प्रत्याशी भोला महोबिया यहां से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले भोला महोबिया वार्ड से दो बार पार्षद चुने गए हैं। उनके वार्ड में मेन मार्केट का आधा हिस्सा आता है। मार्केट की समस्याओं को सुलझाने के साथ ही मतदाताओं से जीवंत संपर्क और सादगी भरे विनम्र व्यवहार के साथ समस्याओं का निराकरण तत्काल कराने की कला में भोला माहिर हैं। उनका यही हुनर मतदाताओं को प्रभावित करता है। भाजपा ने विनीत ताम्रकार को प्रत्याशी बनाया है। विनीत को अपने समाज के वोट पर भरोसा है। परए आम मतदाता भोला महोबिया पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं।

संतराबाड़ी वार्ड 26

कांग्रेस प्रत्याशी सत्यवती वर्मा वार्ड की पार्षद रह चुकी हैं। वे दूसरी बार चुनाव लड़ रही हैं। यह वार्ड 1994 से पूर्व महापौर आरएन वर्मा के कब्जे में है। हर बार भाजपा ने उन्हें हराने के लिए नए प्रत्याशी पर दांव खेला और हर बार उन्हें पराजय मिली। वार्ड में काफी संख्या में सिंधी वोटर होने के कारण इस बार भाजपा ने पूर्णिमा मोटवानी को प्रत्याशी बनाया है। इससे पहले भी सिंधी समाज से प्रत्याशी खड़े किए गए लेकिन वर्मा का विजय रथ कभी नहीं रुका। पूर्व महापौर होने और वरिष्ठ पार्षद के रूप में आरएन वर्मा ने हमेशा वार्ड के हितों का ध्यान रखा। नागरिकों की समस्याओं का हर हाल में निराकरण करने की खूबी के कारण वार्ड के मतदाता उन्हें विजयी बनाते हैं।

इस्पात नगरी में विराट भक्ति सत्संग महोत्सव का आगाज

गीता को जीने वाले मनुष्य परमेश्वर को सर्वाधिक प्रिय होते हैं: सुधांशु महराज

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। एकीकृत इस्पात संयंत्र के जरिये भारत की औद्योगिक क्रान्ति में चार चाँद लगाने वाले छत्तीसगढ़ के तीसरे सबसे बड़े शहर भिलाई में आज सन्ध्याकाल विराट भक्ति सत्संग महोत्सव का श्रीगणेश हुआ। यहाँ के विशालकाय आईटीआई पावर हाउस ग्राउण्ड में दिव्य भजनों के बीच विश्व जागृति मिशन के संस्थापक.संरक्षक आचार्य सुधांशु महाराज ने भारी संख्या में उपस्थित जनसमुदाय का सशक्त वैचारिक मार्गदर्शन किया। सत्संग समारोह का आयोजन विश्व जागृति मिशन के भिलाई मण्डल द्वारा किया गया है। महाराज ने कहा कि श्रीमद्भवदगीता इस कार्य में सबसे बड़ी सहायक है। छः छः खण्डों के तीन भागों में विभक्त संस्कृति संजीवनी गीता भक्तियोग, ज्ञानयोग एवं कर्मयोग की वे शिक्षाएँ प्रदान करती हैं, जिनसे व्यक्ति का जीवन समग्रता से ओतप्रोत हो उठता है। श्रीमद्भगवदगीता वह गंगा है जो हमें तारने वाली है, हमारा उद्धार करने वाली है। उन्होंने कहा कि गीता को जीने वाले मनुष्य परमेश्वर को अत्यंत प्रिय होते हैं।

विश्व जागृति मिशन के निदेशक श्रीराम महेश मिश्र ने बताया कि विश्व जागृति मिशन द्वारा वर्ष 2018 को गीता वर्ष घोषित करते हुए पूरे वर्ष श्रीमद्भगवदगीता पर विशेष सन्देश देश के विभिन्न अंचलों में पहुँचाया गया तथा घर.घर में गीता के विशेष भाष्य.ग्रन्थ की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि भिलाई सत्संग महोत्सव में मिशन प्रमुख आचार्य महाराज द्वारा गीता पर विशेष उदबोधन सन्देश आगन्तुक जनसमुदाय को दिए जायेंगे। उन्होंने बताया कि यहाँ एक भव्य व दिव्य ज्ञान गंगा का प्रवाह होता दिखाई दे रहा है। विश्व जागृति मिशन के भिलाई मण्डल के प्रधान श्री चमन लाल गुप्ता ने बताया कि सत्संग समारोह रविवार 15 दिसम्बर की सायंकाल तक चलेगा। उसी दिवस दोपहर में मन्त्र दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि विराट भक्ति सत्संग महोत्सव में भिलाई व दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों तथा मध्य प्रदेश के विविध अंचलों से ज्ञान जिज्ञासु सत्संग स्थल पर पहुँच रहे हैं।

फोरम का फैसला, महिला डॉक्टर पर हर्जाना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। राधिका नगर के श्रीहरि देवांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रोजेक्ट के लिए रकम निवेश करवाने के बाद तय समय में परिपक्वता राशि वापस नहीं किए जाने के मामले में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष लवकेश प्रताप सिंह बघेल, सदस्य राजेन्द्र पाध्ये और लता चंद्राकर ने हॉस्पिटल की प्रोप्राइटर डॉ. नीता सोनी के खिलाफ आदेश पारित किया है जिसके तहत डॉ. नीता पर 1.83 लाख हर्जाना लगाया गया है। श्रीहरि देवांता सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के खिलाफ जिला उपभोक्ता फोरम में बोरसी दुर्ग निवासी प्रवीण कुमार साहू ने परिवाद दायर किया था। जिसके अनुसार अनावेदक महिला डॉक्टर नीता ने अपने हॉस्पिटल प्रोजेक्ट के लिए परिवादी से 1.50 लाख का निवेश करवाकर 07 फरवरी 2014 को डिपाजिट सर्टिफिकेट जारी किया था, जमा योजना की शर्त अनुसार 2 प्रतिशत ब्याज 36 माह दिए जाने का प्रमाण पत्र हॉस्पिटल प्रोपराइटर द्वारा प्रदान किया गया था, जिसकी अवधि 06 फरवरी 2017 तक थी। लेकिन परिपक्वता पश्चात मूल रकम लौटाने के लिए टालमटोल किया जाता रहा। मूल रकम व बकाया ब्याज की रकम के लिए परिवादी ने महिला डॉक्टर को अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भी भिजवाया लेकिन इसके बाद भी अनावेदक ने रकम नहीं लौटाई, तब परिवादी ने जिला उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत पेश की। फोरम के समक्ष अनावेदक महिला डॉक्टर की ओर से जवाब दिया कि परिवादी उसके हॉस्पिटल में रकम प्राप्त करने हेतु नहीं आया।

मिथुन की हादसे में मौत

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पोलसायपारा पाटणकर कालोनी निवासी बबलू नागरे उर्फ मिथुन 45 वर्ष की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह गुरुवार की शाम सोमनी में बस में सवार होने सड़क पार कर रहा था, तब उसे एक अनियंत्रित वाहन ने अपने चपेट में लेकर घायल कर दिया था। पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोंटे आने से उसे उपचारार्थ जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती करवाया गया था। जहां उसने रात में दम तोड़ दी। मृतक बबलू नागरे पोलसायपारा चौक में चंदेल निवास के पास चाय ठेला का संचालन करता था। साथ ही वह धुमाल पार्टी में भी कार्य करता था। बताया गया है कि वह धुमाल पार्टी के साथ गुरुवार की दोपहर सोमनी आया था। शाम को घर वापसी के दौरान वह हादसे का शिकार हो गया था। हादसे के लिए दोषी वाहन का कुछ पता नहीं चल पाया है। सोमनी पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। मृतक बबलू नागरे की दो छोटी पुत्री व एक पुत्र है। उसकी पत्नी बिंदाबाई नागरे उसके साथ सहयोग करती थी।

अवैध कब्जे पर निगम का चला बुलडोजर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र मे अवैध निर्माण, अप्राधिकृत भूमि विकास, अप्राधिकृत संनिर्माण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत आज निगम के तोड़फोड़ दस्ता ने मॉडल टाउन के पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप अवैध कब्जा कर बनाए गए निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की। ईंट, बल्ली एवं सीट से निर्माण किए गए थे, जिसका परीक्षण करने उपरांत बिना अनुमति के बनाये गये निर्माण कार्य को ढ़हा दिया गया। आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने हाल ही में अवैध निर्माण, अप्राधिकृत भूमि विकास, अप्राधिकृत संनिर्माण पर लगाम कसने के लिए दल गठन कर समस्त जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी को सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। निगम क्षेत्र के वार्ड में विभिन्न स्थानों पर अवैध निर्माण का परीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। नेहरू नगर रोड मॉडल टाउन स्थित मंदिर के समीप बिना अनुमति के अवैध तरीके से निर्माण किया गया था तथा इस स्थल के समीप एक व्यवसायी द्वारा दुकान लगाकर फूल के दुकान का संचालन किया जा रहा था जिसके सामग्री को हटवाकर निगम के बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश शर्मा आ. सुरेन्द्र ठाकुर साकिन उतई (दुर्ग) के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न 42 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 46/28 रकबा 3000 हे. भूमि विक्रेता लक्ष्मी देवी पति विद्यानंद सिंह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 23.12.2017 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 28.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हकग्रहितागण त्रिलोक कुमार आ. स्व. लक्ष्मण व अन्य 03 साकिन ग्राम चंदखुरी के द्वारा ग्राम चंदखुरी प.ह.न 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 956 रकबा 0.03 (3465 वर्गफीट) हे. भूमि हकत्यागकर्ता चन्द्रकुमार पिता स्व. तीरा सिंह साकिन चंद्रखुरी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.09.2019 को हकत्याग किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को हकग्रहितागण के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 30.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./325/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मनोरमा ठाकुर स्व. प्रमोद कुमार निवासी कन्हैयापुरी कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 766/53 रकबा 0.013 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार प्रमोद कुमार आ. स्व. नारायण सिंह ठाकुर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्जुन साहू वगै. पिता स्व. लालाराम साहू निवासी ग्राम आपापुरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1297/13 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक के बड़ी मां नैनबती बाई के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता नैनबती बाई पति श्यामलाल साहू के द्वारा आवेदकगण के पक्ष में दिनांक 28.12.2018 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

फर्द उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./30/अ-27/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्र. 30, अ 27, 2018-19 पक्षकार उषा पति देवनाथ व अन्य 8 विरुद्ध द्वारा मौजा उमरपोटी प.ह.न. 42 स्थित भूमि खसरा नंबर 28, 39, 40, 326/2, 333/1, 468, 479/2, 796/1, 480, 494/1, 893/2 कुल रकबा 4.405 हे. कुल लगान 9.87 रु भूमि का बंटवारा प्रकरण इस न्यायालय में संचालित है। हल्का पटवारी द्वारा फर्द बंटवारा प्राप्त हो चुका है निम्नानुसार है : प्रथम पक्षकार राजेश पिता मूलचंद खसरा नं. क्रं. 28 का टु., 39 का टु., 40 का टु., 468 का टु., 494/1 का टु., 896 का टु. रकबा क्रमशः 0.0277, 0.0330, 0.0425, 0.1839, 0.0270, 0.1030 हे. लगान 0.95 रु. द्वितीय पक्षकार 28 का टु., 39 का टु., 468 का टु., 494/1 का टु., 896 का टु. रकबा क्रमशः 0.0277, 0.0755, 0.1839, 0.0270, 0.1030 हे. लगान 0.95 रु., तृतीय पक्षकार सुनीता पिता मूलचंद खसरा नं. 28 का टु., 39 का टु., 468 का टु., 480 का टु., 494/1 का टु., 896 का टु. रकबा क्रमशः 0.0277, 0.0755, 0.0920, 0.0910, 0.0270, 0.1030 हे. लगान 0.95 रु., चतुर्थ पक्षकार कविता पिता मूलचंद खसरा नं. 28 का टु., 39 का टु., 468 का टु., 494 का टु., 896 का टु. रकबा क्रमशः 0.0277, 0.0755, 0.1830, 0.0270, 0.1030 हे. लगान 0.95 रु., पंचम पक्षकार अनिता पिता मूलचंद खसरा नं. 28 का टु., 39 का टु., 40 का टु., 468 का टु., 494/1 का टु., 896 का टु. रकबा क्रमशः 0.0755, 0.1830, 0.0260, 0.1030 हे. लगान 0.94 रु. जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता पुष्पा बाई आ. श्री लालूराम, निवासी ग्राम महमरा तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के नाम से मौजा महमरा प.ह.न. 26 रा.नि.म. दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 546/1 रकबा 0.180 हे. है उक्त वर्णित भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर ब्याना बतौर एडवांस राशि प्रदान की जा चुकी है तथा शेष राशि बयनामा पंजीयन के समय उपपंजीयक कार्यालय दुर्ग में विक्रेता को अदा कर बयनामा पंजीयन करा लिया जाएगा।

अतः बयनामा पंजीयन के पूर्व यह सूचना आमजन के नाम पर इस आशय से प्रकाशित कराई जा रही है कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अद्धशासकीय, निकाय, वित्तीय संस्था अथवा अन्य आम व खास को उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी प्रकार का हक व दावा रखने का विश्वास हो अथवा उक्त वर्णित भूमि विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आपत्तिकर्ता आवश्यक दस्तावेज सहित लिखित आपत्ति इस आम सूचना प्रकाशन के 03 (तीन) दिवस के भीतर करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन अपने नाम से या अन्य के नाम से करा लेना पश्चात की गई आपत्ति अथवा दावा अवैध एवं विधि विरुद्ध माना जाएगा।

सो सूचना जाने।

स्थान : दुर्ग छ.ग.

दिनांकः 13.12.19

एन.आर. साहू
अधिवक्ता, तहसील कार्यालय
परिसर दुर्ग (छ.ग.) मो. 9770579275

कार्यालय राजस्व निरीक्षक अंजोरा (ख) जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

विषय :- सीमांकन बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तहसीलदार दुर्ग के आ. क्र. 98/अ-12/2018/19 दिनांक 19.08.2019 के पालन में ग्राम कोलिहापुरी प.ह.नं. 27 भूमिस्वामी श्री ऋषभ जैन (नवकार देवकॉन इंडिया प्रा.लि.) पिता श्री मनीत जैन निवासी नेहरुनगर द्वारा आवेदित ग्राम कोलिहापुरी स्थित भूमि खसरा नं. 309/1, 309/3, 311/1, 311/2, 312/1, 312/2, 313, 315, 316/2, 317/1, 318/2, 319/2 रकबा क्रं. 0.24, 0.32, 0.25, 0.26, 0.71, 0.71, 0.35, 0.35, 0.74, 0.32, 0.10, 0.27 जिसकी सीमा पश्चिम मनीष कुमार/ भागचंद केशर टोटस, प्रोप्राइटर्स श्री स्नेहल जैन, पारस डेव्लपर्स पाटनर्स मेमर्स इंडस्ट्रीज प्रोप्राइटर्स, अजय कुमार/ दयाचंद जैन भवानी अतुल अग्रवाल वैग., पश्चिम स्वयं की भूमि, उत्तर केजाबाई/ गणेशिया बाई, घासीराम, चर्तु वगै., दक्षिण गिरीश कुमार, सेवकराम पि. इतवारी है। का सीमांकन दिनांक 27.12.19 को पूर्वान्ह 10.00 बजे किया जावेगा।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा खसरा, ले-आऊट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक 10.12.2019

मुहर — राजस्व निरीक्षक, अंजोरा (ख) दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक अंजोरा (ख) जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

विषय :- सीमांकन बाबत।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नायब तहसीलदार दुर्ग के आ. क्र. 99/अ-12/2018/19 दिनांक 19.08.2019 के पालन में ग्राम कोलिहापुरी प.ह.नं. 27 भूमिस्वामी श्री ऋषभ जैन (नवकार देवकॉन इंडिया प्रा.लि.) पिता श्री मनीत जैन निवासी नेहरुनगर द्वारा आवेदित ग्राम कोलिहापुरी स्थित भूमि खसरा नं. 328/1, 329/1, 329/2, 330/1, 330/2, 331/2, 356/1, 356/2, 356/3, 356/4, 357/1, 357/2, 358, 359, 360, 361/1, 361/2, 362/3, 363/1, 363/2, 363/3, 364, 365, 365/425, 368/1, 368/2, 367/2, 366/1, 366/2, 362/1, 362/2, 362/4, 362/5, 367/2 रकबा क्रं. 1.19, 0.54, 0.35, 0.18, 0.12, 0.54, 0.54, 0.51, 0.34, 0.42, 0.14, 0.68, 0.12, 0.12, 0.12, 0.54, 0.17, 0.49, 0.31, 0.20, 0.26, 0.07, 0.23, 0.18, 0.51, 0.20, 0.24, 0.33, 0.81, 0.35, 0.01, 0.20, 0.60, 0.24 जिसकी सीमा पूर्व किशोर कुमार/ विवेक कुमार तारा शर्मा/ रमेश कुमार शर्मा, पूर्णिमा, विरेन्द्र, आशिष कुमार/ रामकुमार कोलिहापुरी, जसविंदर सिंग/ अमरिक सिंग, शांता देवी/ मुकेश दुर्ग रेखराम कोलिहापुरी, दक्षिण उत्तम कुमार, कुसुम, जानकी बाई वगै. सेवकराम पि. इतवारी कोलिहापुरी, उत्तर सुशील कुमार/ नारायण प्रसाद अनिल कुमार, मलय जैन/ मूलचंद जैन दुर्ग ज्योति पति सतीष कुमार कोलिहापुरी दिव्या बहादुर, अनुभा जैन, उत्तर अजय राठी, बसंती बाई पि. जेष्यन्छ दीप कुमार, राजकुमारी शर्मा भोईपारा दुर्ग, पंकज कुमार जैन वैशाली नगर, सुशील कुमार/ नाकायण प्रसाद अण्डा है। का सीमांकन दिनांक 27.12.19 को पूर्वान्ह 10.00 बजे किया जावेगा।

कोई भी व्यक्ति जो उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा खसरा, ले-आऊट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तत्पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जारी दिनांक 10.12.2019

मुहर — राजस्व निरीक्षक, अंजोरा (ख) दुर्ग (छ.ग.)

नव प्रदेश

राजनांदगांव/महासमुंद/गरियाबंद/भाटापारा

रायपुर, शनिवार, 14 दिसंबर 2019

न्यूज गैलरी

करंट से युवक मृत

महासमुंद। सरायपाली के छिर्राबाहरा में करंट से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि लंबर निवासी कलब राम मैत्री पिता फुलाराम (45) बुधवार सुबह 10 बजे खेत में काम करने गया था। इस दैरान वह तार में चिपक गया और करंट से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

किशोरी ने फांसी लगाई

महासमुंद। तुमगांव थानांतर्गत ग्राम जोबा में 14 वर्षीया एक किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि 10-11 दिसंबर की रात संतोष चतुर्वेदी की पुत्री मधु की फांसी पर लटकी लाश मिली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

कबड्डी टीम हेतु 15 को चयन

महासमुंद। जिला कबड्डी संघ द्वारा 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे पटेवा में सीनियर महिला व पुरूष कबड्डी टीम का चयन होगा। जिसमें पुरूष वर्ग 85 किलोग्राम व महिला वर्ग 75 किलोग्राम के अंदर होना चाहिए। पंजीयन शुल्क प्रति खिलाड़ी 100 रुपए निर्धारित है। उक्त जानकारी संघ के पवन कुमार ने दी है।

दैहिक शोषण, जुर्म दर्ज

महासमुंद। पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम रामाडबरी में दैहिक शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि एक मार्च से 31 मई 2019 तक आरोपी बरातू सोनवानी ने महिला के साथ जबर्दस्ती की व उसके बच्चे को जान से मारने की धमकी दी। अब वह गर्भवती है। पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 376, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए मांगी अनुमति

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम गिधामुड़ा निवासी बेदलाल साव ने कलेक्टर से अनिश्चितकालीन मौन धरना प्रदर्शन की अनुमति मांगी है। उन्होने आवेदन में बताया कि उनके ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 ई 8800 को बिना सहमति के सरायपाली निवासी सूरज सलूजा ने गौरटेक निवासी को 3 लाख 60 हजार रुपए में बेच दिया। थाने में उन्होने लिखित शिकायत की पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। आगामी 17 दिसंबर की दोपहर 12 बजे से एसडीएम दफ्तर के पास परिवार समेत मौन धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय है।

16-17 को इंटरव्यू एवं कौशल परीक्षण

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) में ट्रेनिंग-कम-लॉजिस्टिक कोऑर्डिनेटर व रूर्बन मिशन में विशेषज्ञ और डॉटा एंट्री ऑपरेटर-सह-लेखापाल के पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा, समूह चर्चा, इंटरव्यू एवं कौशल परीक्षण 16 व 17 दिसंबर को आयोजित की जाएगी।

निधन

राजेन्द्र लोहिया

राजनांदगांव। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी फर्म महारामदास हजारीमल के स्वर्गीय दामोदरदास

लोहिया के सुपुत्र राजेंद्र लोहिया का सुबह 10:00 बजे लंबी बीमारी के पश्चात 56 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया । उनका अंतिम संस्कार दोपहर 4:00 बजे कर दिया गया । मुक्तिधाम में मुखाग्नि उनके जेष्ठ पुत्र राकेश लोहिया ने दी। स्व . श्री राजेंद्र लोहिया भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णु प्रसाद लोहिया एवं अशोक लोहिया के चचेरे छोटे भाई थे तथा प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष लक्ष्मण लोहिया के बड़े भाई थे।

छग राज्य के बाद अब नगरीय निकाय में होगी कांग्रेस की सरकार : मरकाम

राजनांदगांव। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय मोहन मरकाम जी का नगरीय निकाय चुनाव के चलते आज राजनांदगांव निगम क्षेत्र में आगमन हुआ उनके आगमन से शहर के कांग्रेसजनों ने गजब का उत्साह का संचार नजर आ रहा था अपने नेता को अपने व्यस्ततम कार्यक्रम के बाद भी अपने बीच पा कर उनके उत्साहवर्धन से राजनांदगांव निगम में सत्तासीन भाजपा को उखाड़ फेकने का संकल्प भी कांग्रेसजनों ने लिया।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि नगर निगम चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशीयों की जीत सुनिश्चित करने के लिए माननीय प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम जी का आगमन हुआ था शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित रेवाडीह में आदिवासी समाज की बैठक को और लखोली में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकान ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करती है राज्य की कांग्रेस सरकार भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में एक वर्ष के अल्प के कार्यकाल में 36 में 20 वादे को पूरा कर चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस जनता से किये गये वादों को पूरा करेगी कांग्रेस एक कार्य योजना के साथ काम करने वाली पार्टी है नगरीय निकायों में जनता को निगम, पालिका के चक्कर न लगाना पड़े इसलिए वार्डो में वार्ड कार्यालय वार्ड क्लिनिक खोलने की महत्वपूर्ण योजना प्रारंभ कर दी है कांग्रेस भूमिहीनों का पट्टा वितरण प्रारंभ कर दी है बीस लाख तक मुफ्त ईलाज कांग्रेस सरकार की जनता को दी गई बड़ी राहत है पंद्रह साल की भाजपा सरकार ने सिर्फ समस्याओं का अंबार लगाया टैक्सों की मार दी देश के किसान मजदूर सब परेशान थे अब कांग्रेस सरकार उनके तकलीफों को कम करने का कार्य कर रही है जिस प्रकार से विधानसभा के चुनाव में जनता ने भाजपा का सफाया किया था उसी तर्ज पर नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा का सफाया कर नगर निगम,नगर पालिका, नगर पंचायत में कांग्रेस की सरकार बनेगी अतः आप सब अपना आर्शीवाद एवं वोट कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशीयों को अवश्य दें।

सरकार को खबरदार करने सड़क पर उतरेंगे अन्नदाता

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। 2500 में ही धान खरीदी सम्पूर्ण कर्ज माफी एवं दो सालों के बोनस की मांग व धान खरीदी में अडंगेबाजी के विरोध में जिले भर के किसान जिला मुख्यालय में 14 दिसंबर को सड़क पर उतर कर सरकार को खरबदार करने खबरदार रैली निकालेंगे।

सरकार लागतार 2500 में धान खरीदी की बात करती रही, लेकिन खरीदी के ठीक पांच दिन पहले 1815 एवं 1835 में खरीदी का ऐलान करती है। इससे किसान काफी आक्रोशित है। मंत्री मंडलीय उपसमिति, नई योजना एवं आगामी बजट में प्रावधान के बहाने टाल मटोल कर रही है।

सहकारी बैंक के हजारों किसानों का 2017 का कर्ज माफ नहीं किया गया है। राष्ट्रीयकृत बैंकों

का पूरा पैसा अभी तक नहीं भेजा गया एवं निजी बैंक के किसानों का 1 रूपया भी माफ नहीं किया गया है। अक्टूबर में तगादा रैली निकालकर सम्पूर्ण कर्ज माफी एवं दो सालों के बोनस के लिए सरकार को आगाह किया गया था। जिला किसान संघ ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी है।

देर से खरीदी चालू करने एवं प्रतिदिन कम खरीदी सीमा रखने के कारण किसान काफी परेशान है। टोकन के लिए सोसायटी में किसानों की भीड़ लग रही है। ऐसी परेशानी किसानों की पहले कभी नहीं हुई थी। वही छोटे व्यापारियों को धान रखने परिवहन करने में परेशान किया जा रहा है। जिससे अंततः परेशान किसान हो रहे है।

धान की खेती किसानों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। परिवहन करते है तो जगह जगह चेकिंग की जा रही है। सोसायटियों में पुलिस को तैनात किया गया है। मानो सोसायटी में चोर उचक्के जमा होते हो। किसान धान नहीं गांजा, अफीम की खेती कर रहे है। सरकार का ये रवैया किसानों को अपमानित कर रहा है एवं उसकी मेहनत एवं उपज का भी अपमान है।

जिला किसान संघ एवं खबरदार रैली को अपने हक के लिए निर्णायक संघर्ष का शंखनाद बताया है। 2500 रूपये लेकर ही रहेंगे एवं सम्पूर्ण कर्ज माफी भी सरकार को करना होगा। चाहे कोर्ट की ही मदद क्यों न लेनी पड़े।

जिला किसान संघ गांव गांव में बैठक लेकर खबरदार रैली में शामिल होने अपील कर रहा है। तथा जिन किसानों को रकबा काटा गया उसे वापस जोड़ने संघर्ष करने का आहवान कर रहा है यदि किसान अभी चुप बैठ जाएंगे तो आगे चार सालों तक उनका रकबा कम ही दर्शाया जाएगा। रकबा सुधारने कहेंगे नहीं मानेंगे तो एफ आई आर दर्ज करायेगें पीड़ित किसान जिला किसान संघ से संपर्क कर इसी सीजन में रकबा सुधार करवा कर चार सालों की परेशानी से बचे।

32 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

■ नगरपालिका चुनाव में खपाने की थी तैयारी

भाटापारा। नगरीय निकाय के चुनाव के मद्दे नजर शहर की मुस्तैद पुलिस को गुरुवार शुक्रवार की दरम्यानी रात एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक के घर से लगभग 3 लाख की अवेध रूप से भंडारित की गई 32 पेटी शराब को पकड़ने में कामयाबी मिली है।पुलिस को अंदेशा है की नगरपालिका चुनाव में लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से यह भंडारण किया गया होगा,आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 दो के तहत शहर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए युवक को जेल दाखिला कर दिया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में जानकारी देते हुए शहर थानेदार महेश धुव ने बताया की शहर पुलिस को मुखबिर की सुचना पर उक्त कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया की पुलिस अधीक्षक श्रीमती नीतू कमल ने

जिला के सभी थाना प्रभारी को चुनाव आचार संहिता के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगाह रखकर अपराध नियत्रंण हेतु निर्देशित किया गया। जिसके परिपालन में निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव थाना प्रभारी थाना भाटापारा शहर के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में सतत निगाह रखी गई अवैध रूप से शराब की डंप व अफरा तफरी करने वाले को चिन्हांकित कर गतिविधियों देख रहे थे । इस बीच आरोपी नवीन जैन पिता सोनचंद जैन उम्र 36 साल पता लालबहादुर शास्त्री वार्ड के आने जाने वाले ठिकानों पर नजर रखे थे आरोपी नवीन जैन ने लालबहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा का निवासी होते हुए भी प्लानिंग करके सिटी माल के सामने गली में शीतला मंदिर के पीछे विक्की मोटवानी के मकान को किराया पर ले रखा था और नवीन जैन उक्त किराये के मकान में दिखावटी रूप से रह रहा था । उसके गतिविधियों को देखकर निरीक्षक महेश कुमार ध्रुव ने स्टाफ उप निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह , प्रधान आरक्षक बिसौहा साहू , नरेन्द्र कुमार निषाद , महिला आरक्षक मंजू, आरक्षक श्रीचंद ध्रुव , प्रदीप सप्रे, राकेश कश्यप के साथ मध्य रात्रि में सिटी माल के सामने गली में घेरा बंदी करके नवीन जैन के मकान में जाकर दबिश दिया।

शिकार के लिए बिछाए तार से तीन भैंसों की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। पटेवा क्षेत्र के वन विकास निगम के माधवपुर जंगल में बुधवार रात जानवरों का शिकार करने के लिए बिछाए गए बिजली तार की चपेट में 3 भैसों की मौत हो गई। गुरुवार सुबह जब ग्रामीणों को पता चला तो इसकी जानकारी वन विभाग को दी। वन विकास निगम के अधिकारियों ने पंचनामा व मवेशियों का पीएम कराकर मालिक को सौंप दिया है। पटेवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वन विकास निगम के हेमंत परमार ने बताया कि जंगल में अज्ञात ने शिकार के लिए करंट प्रवाहित तार बिछाई थी। जिसके संपर्क में आने से 3 मवेशी की मौत हो गई। सूचना पर टीम वहां पहुंची। तब ग्रामीणों ने करंट लगने से मौत होने की जानकारी दी। मृत तीनों मवेशी ग्राम उलबा के किसान की है।

वार्ड नं. 13 में हुई चुनावी बैठक

डोंगरगढ़ । स्थानीय नगर पालिका चुनाव को लेकर शुक्रवार को वार्ड नं. 13 के भाजपा उम्मीदवार अमित छाबड़ा ने बुधवारी स्कूल के पास भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित भाजपा के युवा कार्यकर्ताओ के साथ एक बैठक आयोजित किया । भाजपा कार्यकर्ताओं सहित वार्डवासियों ने अमित छाबड़ा के पक्ष में चुनावी प्रचार करने व सभी मतदाताओं से डोर टू डोर संपर्क अभियान को गति देने की बात कही वहीं पार्षद अमित के द्वारा किये गए वार्ड में विकास को

आम मतदाता को रूबरू करने पर विचार किया गया । बैठक में प्रमुख रूप से हरविंदर सिंह मंगे, शुभम गौली, सोनू राव, जितेंद्र साहू, कुलवंत सिंह कक्कड़, प्रिंस भाटिया, छाया गौली, नीलू गौली, सहित भाजपा कार्यकर्त्ता वार्ड नं. 13 के वार्डवासी उपस्थित थे।

स्टॉक में अव्यवस्था पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

महासमुंद। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने गुरूवार को सरायपाली विकासखंड के चिंवराकुटा खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने धान उपार्जन प्रभारी को सामान्य औसत किस्म (एफएक्यू क्वालिटी) का ही धान खरीदने के निर्देश दिए। इस दौरान धान के स्टेकिंग में अव्यवस्था देखकर समिति प्रबंधक पर कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर प्रति स्टेक 2500 के मान स्टेक करने की समझाईश दी। कलेक्टर जैन ने किसी भी हालत में कोचियों, अन्य प्रांत से धान क्रय नहीं करने के निर्देश दिए। वास्तविक किसान का ऋण पुस्तिका के आधार पर ही धान खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को नियमानुसार टोकन जारी करने कहा, धान एवं बारदाना तथा स्टाक पंजी का निरीक्षण किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी धावड़े ने मतगणना केन्द्र की व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

गरियाबंद। नगरीय निकाय निर्वाचन- 2019 के तहत गरियाबंद जिले के सभी चार नगरीय निकायों में मतदान 21 दिसम्बर को एवं मतगणना 24 दिसम्बर को होगी। पार्षद पद के लिए किए जाने वाले मतदान के लिए बनाए गए मतगणना केन्द्रों की स्थिति का अवलोकन आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम धावड़े ने किया। कलेक्टर श्री धावड़े ने गरियाबंद नगर पालिका परिषद अंतर्गत 05 मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया। उन्होंने शासकीय बालक प्राथमिक शाला गरियाबंद परिसर में बनाए गये 03 मतदान केन्द्रों और शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुम्हारपारा स्थित 02 मतदान केन्द्रों में मूलभुत

सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने इन सभी मतदान केन्द्रों में रैम्प की सुविधा पर संतोष जाहिर किया।साथ मतदान कक्ष में प्रवेशद्वार,निर्गमद्वार, बिजली, पानी और मतदान दलों के बैठने की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री धावड़े ने गुरूगोविंद सिंह वार्ड क्रमांक-09, मस्जिद वार्ड क्रमांक-14, मॉ शीतला वार्ड-15, कुम्हारपारा वार्ड-11,12 का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिये है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्भय साहू व सहायक रिटर्निंग अधिकारी नीतू अग्रवाल मौजूद थे।

भारत बचाओ रैली के लिए दो सौ कांग्रेसी दिल्ली रवाना

महासमुंद। भारत बचाओ रैली में शामिल होने जिलाध्यक्ष आलोक चंद्राकर के नेतृत्व में जिले से 200 से अधिक कांग्रेसी दिल्ली रवाना हुए। चंद्राकर ने बताया कि खिलावन साहू के साथ 24 कांग्रेसजन, संतोष पटेल के साथ 40, दारा साहू के साथ 16, मनोरंजन भोई के साथ 10, नरेंद्र सेन के साथ 53, अभय सोनवानी के साथ 20, लीलाकांत के साथ 20, मुंशी प्रधान के साथ 10, सराईपाली से 12, ऋषभ और धनंजय के साथ 10, स्नेहल के साथ 10, गोपी पाटकर और सागर डोंगरे के साथ 10 कांग्रेसजन शामिल हैं।

महासमुंद विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने एक साल के कार्यकाल को उपलब्धिपूर्ण बताते हुए विकास कार्य गिनाए हैं। शहर के नयापारा, ग्राम परसाडीह, लोहारडीह व लाफिनखुर्द में शासकीय हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75.23-75.23 लाख रूपए, साढ़े सात लाख रूपए की लागत से वन प्रशिक्षण शाला में लॉन टेनिस कोर्ट निर्माण, 8 लाख रूपए की लागत से सितला तालाब में गाद खनन व गहरीकरण कार्य, दस लाख रूपए की लागत से कर्मा माता भवन के सामने सामुदायिक भवन निर्माण, 9.50 लाख रूपए की लागत से पीईटी-पीएमटी कोचिंग कक्षा के लिए पुस्तकों का क्रय, पांच लाख रूपए की लागत से वार्ड 13 गुरूद्वारा के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण, तीन लाख की लागत से ढीमर समाज भवन के पास सामुदायिक भवन निर्माण, 9.80 लाख की लागत से चंद्रनाहू शिक्षण समिति में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, दस-दस लाख की लागत से पटेल भवन के सामने तथा मजार के सामने सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दिलाई गई है।

धरमपुरा जलाशय के लिए 13. 30 करोड़ की स्वीकृति

विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि बहुप्रतीक्षित धरमपुरा जलाशय योजना के लिए 13 करोड़ 30 लाख रूपए की स्वीकृति दिलाई गई है। इस योजना के पूर्ण होने पर धरमपुर, परसदा व बिजराडीह जीवतरा के 364 हेक्टेयर में सिंचाई प्रस्तावित है।

ऐतिहासिक स्थल में सुविधाओं का विस्तार

ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थल सिरपुर में सुविधाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षित कराया था। बाद इसके सिरपुर भ्रमण के लिए सुविधायुक्त एसी पर्यटक बस का शुभांरभ किया गया।

तैयारी | मतदान अधिकारी संयम और सजगता के साथ निर्वाचन सम्पन्न कराएं : कलेक्टर

मतदान दलो का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण संपन्न

गरियाबंद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम धावड़े के मार्गदर्शन में आज शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी 01,02 एवं 03 का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कलेक्टर श्याम धावड़े ने कहा कि नगरीय निकायों के निर्वाचन में नियुक्त मतदान दल संयम और सजगता के साथ चुनाव सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में आचार संहिता लागू है अतः इसका पालन सुनिश्चित करें। अधिकारी-कर्मचारी अपने व्यवहार और आचरण में आचार संहिता का पालन करते दिखाई दे। कलेक्टर ने निर्वाचन में

संलग्न अधिकारियों को संबंधित पुस्तिका का अध्ययन करने और पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा।

अवगत है कि जिले के चार नगरीय निकायों में मतदान दलो को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए सभी नगरीय निकायों के लिए दो-दो मास्टर ट्रेनर्स को जिम्मेदारी दी गयी है। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक एक व दो शामिल हुए। गरियाबंद नगर पालिका परिषद के लिए गठित मतदान दलों के सदस्यों का प्रशिक्षण आज शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय में आयोजित किया गया। मतदान सामग्री प्राप्त करने, मतदान केन्द्र तक पहुंचने, मतदान केन्द्र भवन का निरीक्षण आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान केन्द्र में आवश्यक तैयारी कर निर्धारित समय से मतदान प्रारंभ करने एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर बंटी राय एवं आर.पी मिश्रा ने बताया कि मतदान अधिकारी, मतदाता, प्रेक्षक, अभ्यर्थी-अभिकर्ता, दृष्टि बाधिक निर्वाचक के साथ सहयोगी, मतदान केन्द्र में प्रवेश कर सकेंगे।

छात्राध्यापकों ने स्व मूल्यांकन प्रस्तुत किया

महासमुंद। जीवन विद्या शिविर के समापन सत्र के दौरान मंच में उपस्थित डाइट प्राचार्य श्रीमती मीना पाणिग्रही, व्याख्याता संतोष साहू, श्रीमती उमा देवी शर्मा, टेकराम सेन, विजय दुबे के समक्ष सभी छात्राध्यापकों ने स्व मूल्यांकन प्रस्तुत किए। इस दौरान शिविर के प्रबोधक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने स्वधन का महत्व बताया।

उन्होने बताया कि स्वयं के परिश्रम से अर्जित किया गया धन, माता-पिता द्वारा स्वेच्छा से अपने पुत्र-पुत्री को प्रसन्नतापूर्वक दिया गया धन, उपहार स्वरूप प्रदत्त धन ही स्वधन है। संत स्वधनपूर्वक स्वयं जीते हैं इसीलिए वे दूसरे के प्रेरणास्त्रोत होते हैं। जो संत सरकारी पैसे से या लोगों से चंदा, दान एकत्र कर प्रवचन करते हैं उनसे कम लोग प्रेरित हो पाते हैं। इसी को आत्मसात करते हुए कोकडिया ने डाइट में आयोजित 5 दिवसीय जीवन विद्या शिविर का सरकार से मानदेय या यात्रा भत्ता नहीं लिया। जबकि प्रबोधक के तीनों समय का 5 दिन का भोजन व्यय, यात्रा भत्ता व्यय, मानदेय व्यय व अन्य सहायक सामग्री व्यय की राशि सरकार भेजती है।

कोकडिया ने डाइट से मिलने वाला यात्रा भत्ता, मानदेय व्यय तथा अन्य राशि को शिक्षा के मानवीयकरण में व्यय करने का आग्रह प्राचार्य से किया है। ज्ञात हो श्री कोकडिया पिछले 10 वर्षों से जीवन विद्या, चेतना विकास मूल्य शिक्षा का प्रबोधन निःशुल्क कराते हैं।

वार्डों में खुद की जीत के लिए प्रत्याशी कर रहे घूम-घूमकर वादे और मनुहार

नवप्रदेश संवादाता

कवर्धा। पांडातराई. मतदाताओं से वादों की बौछार नगर पंचायत व नगरपालिका चुनाव को लेकर अब सभी प्रत्याशी गण चुनावी रणभूमि में पूरी तैयारी के साथ उतर चुके हैं इसके साथ ही उनके समर्थक व दिग्गज नेता भी उन्हें चुनाव जिताने पूरी कोशिश कर रहे हैं दरअसल इस बार का चुनाव कुछ अलग सा हो चुका है पहले जहां जनता अध्यक्ष चुना करती थी वही आप पार्षदों द्वारा अध्यक्ष का चयन किया जाना है लेकिन इससे पहले अब पार्षद पद के लिए चुनाव जीतना होगा तब कहीं जाकर अध्यक्ष के लिए दावेदारी कर सकेंगे वही पार्षद गण तय करेंगे कि कौन अध्यक्ष बनेगा वर्तमान समय में सभी प्रत्याशी सुबह से ही अपने-अपने वार्डों में जनसम्पर्क करने घूम रहे हैं और वादे भी कर रहे हैं कि हम वार्ड के विकास के लिए कार्य करेंगे लेकिन अब जनता ही फैसला करेगी कि आने वाले इस चुनाव में कौन पार्षद पद का उम्मीदवार जीत पाएगा-नगर पंचायत के 15 वार्डों में पार्षद का चुनाव 21 दिसंबर को होना हे । जिसकी तैयारी में सभी प्रत्याशी कर रहे हे और जंग जीतने के लिए चुनावी मैदान में उतर गए है। जिसमें पुरुषों को पीछे धकेलते हुए महिलाएँ भी चुनावी मैदान में आगे नजर आ रही हे । नगर के 15 वार्ड में पार्षदों के चुनाव में महिलाओं की संख्या 16 है तो 27 की संख्या में पुरुष हैं। जो इन सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाताओं द्वारा वोट डालकर करेंगे।इस दौरान सभी प्रत्याशी अपने अपने वार्डों में मतदाताओं को फाइनल टच कर अपने पक्ष में लुभाने के लिए वादों

के बौछार के बीच वोट के लिए कई नुस्खे अपनाये जा रहे हैं। इधर जनता भी चुप्पी बरकरार रखी हुई है। उनका तो बस 21 दिसंबर का इंतजार है। प्रत्याशी अपने जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। प्रत्याशी वार्ड के विभिन्न गलियों में घूमते हुए घर घर जन संपर्क करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान प्रत्याशियों ने मतदाताओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने को लेकर वादों के झडियां लगा दी है। यही नजरा विभिन्न वार्डों में दिनभर दिखने को मिल रही है। वार्डों में मतदाताओं को प्रत्याशी न केवल अपनी प्रचार प्रसार को तेज गति से कर रहे हैं। बल्कि प्रतिद्वंद्वी की स्थिति पर भी पूरी नजर बनाए हुए हैं।पूरे नगर के क्षेत्र में हर वार्ड में प्रत्याशी एवं प्रतिद्वंद्वी दिन और रात में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर चुनावी रणनीति पर चर्चा करते नजर आ जाते हैं। हालाँकि मतदान की तिथि 21 दिसंबर को नजदीक होते ही प्रत्याशी अपने समर्थकों की टोलियों के साथ घर घर जाकर जन संपर्क तेज गति से करते हुए एक एक घर से वोट को पक्का करने के लिए दिन भर मतदाताओं के द्वार पर प्रत्याशी तथा उनके समर्थकों की भीड़ नजर आती है। वोट मांगते प्रत्याशी विकास की बातें नहीं थकते। वहीं मतदाताओं अपनी ओर से देते रहें आश्वासन एक एक वोट को लेकर चल रही मशक्कत के बीच मतदाता भी अपने पत्ते खोलने को तैयार नहीं है। जबकि मतदाताओं के दरवाजे पर आने वाले हर प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों से हंसकर मिलते हुए सभी को वोट का आश्वासन देते नजर आए। इस दौरान कई प्रत्याशी द्वारा वार्डों में मतदाताओं से उनकी समस्या भी पूछी जा रही है। हालाँकि मतदाताओं के बीच आपसी चर्चा में वार्ड वार प्रत्याशियों की स्थिति पर भी आंकलन करते हुए नजर आ रहे थे।

हेलमेट अभियान ठंडे बस्ते में, खतरे में वाहन चालक

- सुरक्षा को लेकर जनप्रतिनीधियों ने किया था जागरुक
- सुरक्षा का असर हुआ बेअसर

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। हेलमेट की उपयोगिता को लेकर जहां हेलमेट लगाकर जिले मे दो पहिया वाहन चलाकर हेलमेट लगाने का संदेश दिया लेकिन यह संदेश महज कुछ दिनो तक ही दिखा पर बाद मे महिने की कलेन्डर की तरह इसका असर भी विपरित हो गया और फिर दोपहिया वाहन चालक सडको मे बिना हेलमेट फर्राटेदार गाड़ी चलाते नजर आने लगे है।

जान की सुरक्षा को लेकर दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाना अनिवार्य होता है बावजूद इसके लोग खतरो से खेलने बाज नही आ रहे है और नतीजन दुर्घटना होने की स्थिती मे गंभीर चोट सहित जान भी जा सकती है हांलाकि ट्रेफिक पुलिस के द्वारा आम लोगो की सुरक्षा को लेकर कई जागरुक अभियान चलाये जाते है बावजूद इसके बहुत से लोग आज भी हेलमेट की उपयोगिता को नही समझ पाये जिसके चलते सौ की संख्या मे

लगभग 80 दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट लगाये नजर आते है।

लोगों को दुर्घटनाओं से बचाने जहां ट्रेफिक पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर समझाईश देते हुए कार्रवाई भी की जाती है लेकिन इसका उचित असर होते नही दिख रहा है वहीं कुछ लोगो का ऐसा भी कहना है कि जिनके द्वारा उन्हे हेलमेट लगाने जागरुक किया जाता है वे ही हेलमेट का उपयोग नही करते जिसके चलते सुरक्षा का यह हेलमेट दूकानो मे सजावट की समान की तरह रखा हुआ धूल खा रहा है। ज्यादातर घटनाओं मे हेलमेट सुरक्षा कवच की तरह काम करता है लेकिन हेलमेट का उपयोग वाहन चालको द्वारा नही किया जाना समझ से परे है। बाइक सवारो के सिर पर नही दिखते हेलमेट हर दूसरे दिन जा रही सड़क हादसे मे किसी ने किसी की जान।

लोग हेलमेट को लेकर गंभीर नही

बदहाल सड़को के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। हेलमेट नहीं पहने होने से कई बार जान पर आफत बन आती है। ऐसे में हेलमेट की अनिवार्यता को नजर अंदाज करना मौत को निमंत्रण देने जैसा है। ऐसा करने वालो को लापरवाही का खमियाजा भी भुगतना पड़ रहा है पर इसके बाद भी लोग हेलमेट को लेकर गंभीर नही है। जिले मे सड़क दुर्घटनाओं मे तेजी से लोग हताहत या फिर मौत के मुंह मे जा रहे है जिला पुलिस कबीरधाम समय समय पर हेलमेट पहनने के लिए बाइक चालको को प्रेरित भी किया सिर मनुष्य के शरीर का सबसे महत्वपूर्ण व संवेदनशील अंग होता है। यही से सम्पूर्ण शरीर का संचालन होता है। सड़क दुर्घटना मे हाथ पैर मे चोट लगने पर तो उपचार संभव है लेकिन हेड इंजुरी होने पर मनुष्य की जान पर बन आती है। यह जानते हुए भी दुर्घटना मे सिर को चोट लग सकती है ज्यादातर बाइक चालक लापरवाही बरतते है। सबसे संवेदनशील अंग की सुरक्षा के लिए लोग गंभीर नजर नही आते। कुछ महिनों पहले शासन ने दोपिहया वाहन चालकों के लिए वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया था लेकिन कुछ दिन बाद ही यह नियम जिले मे तार-तार हो गया।

बच्चों और महिलाओं को दी अपराधों से निपटने की जानकारी

बिलाईगढ़। बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक नीतू कमल के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में आज 12 दिसबर को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शासकीय उच्चत्तर कन्या विघालय बिलाईगढ़ में थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू के द्वारा विघार्थियों को बच्चो एवं महिला अपराधों से बचाव की दिशा में स्कूली बच्चों को गुड़ व बैड टच के साथ साथ अन्य जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओ से चर्चा कर उन्हें स्कूल एवं कॉलेज आने जाने के दौरान यातायात नियमो जैसे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने एवं वाहन चलाते समय हेलमेट पहने तथा बिना लाइसेंस वाहन न चलाने दोपहिया वाहन में तीन सवारी न बैठने एव तेज गति व शराब म के नशे में वाहन न चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने समझाईश दिया गया।

कार से मिली 39.20 लाख नगदी, हिसाब नहीं रकम जब्त

- चिल्फी थाना पुलिस की कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश सीमा पर अवैध धान मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम एवं आगामी नगरीय निकाय आम चुनाव के मद्देनजर सरहदी राज्य की सीमा पर चेंकिग पांईट लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना चिल्फी पुलिस द्वारा चेंकिग पांईट लगाकर लगातार वाहनों की चेंकिग की जा रही हैं। दिनांक 13.12.2019 को सरहदी राज्य मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ राज्य की ओर एक सफेद रंग की वाहन आ रही थी। जिसे चेंकिग पांईट पर लगे बल द्वारा वाहन व वाहन सवार व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध पाये जाने पर रूकवाकर पुछताछ किया गया

तथा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन की डिक्की में 39.20 लाख रूपये नगद पाये जाने पर उक्त रकम के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वाहन चालक आशीष साहू पिता जगदीश प्रसाद साहू जिला सागर मध्यप्रदेश द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। वाहन चालक द्वारा रकम के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर निरीक्षक रमाकांत तिवारी थाना प्रभारी चिल्फी द्वारा रकम एवं कार को वैधानिक एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु विधिसंगत जप्त किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम एवं अनिल कुमार सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गनिर्देशन एवं अजीत ओग्रे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला के निर्देशन पर निरीक्षक रमाकांत तिवारी थाना प्रभारी चिल्फी सहायक उप निरीक्षक पंचराम वर्मा प्रधान आरक्षक महेन्द्र नेताम आरक्षक शत्रुहन साहू दुर्गेश प्रजापति. अभिषेक शर्मा. पंकज यादव. विरेन्द्र बंजारे. सुनील द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

100 फिट नीचे घाटी में गिरी बोलेरो

- पिकनिक मनाकर से चिल्फी की ओर से भोरमदेव की ओर लौट रहे थे

कवर्धा। सरोधा दादर चिल्फी की ओर भिलाई एवं आसपास क्षेत्र के 8 व्यक्ति पिकनिक मनाकर बोलेरो वाहन से चिल्फी की ओर से भोरमदेव की ओर लौट रहे थे, कि एक बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 07 3440 अनियंत्रित होकर करीबन 100 फिट गड्डे में घाटी में गिरी हुई थी। घटनास्थल घना जंगल पहाड़ी से घिरे होने से घायलों तक मदद पहूंचाने में काफी समस्याओं का सामना करते हुए तत्काल बिना विलंब के घटना के कुछ पल पश्चात् ही थाना चिल्फी, भोरमदेव एवं बोड़ला 112 की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहूंचकर दुर्गम स्थान में गिरे बोलेरा वाहन के पास पहूंचकर वाहन में फंसे आहतो को निकाला गया तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी आहतो को ईलाज के लिए जिला अस्पताल कवर्धा पुलिस वाहन में बैठाकर लाया गया। जिला अस्पताल कवर्धा में सभी आहतो का ईलाज चल रहा है। पुलिस की उक्त संयुक्त कार्यवाही से आहतो का तत्काल उचित राहत प्राप्त हुआ।

खोखरा धान खरीदी केन्द्र प्रभारी निलंबित

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर ने ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के कारण जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के खोखरा धान खरीदी केन्द्र प्रभारी श्री राधेश्याम बंजारे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। राधेश्याम बंजारे ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को खोखरा धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी प्रभारी नियुक्त किया गया था। उनके द्वारा शासन के इस महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से न लेते हुए लापरवाही पूर्वक अपने ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड डभरा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कलेक्टर ने किया वनांचल क्षेत्रों के धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण

- कोदवागोडान में नोडल अधिकारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कबीरधाम कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण ने आज जिले के पंडरिया विकासखण्ड के सुदूर और दूर्गम वनांचल क्षेत्रों के करपीगोडान, कुई-कुकदूर और कोदवागोडान धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कोदवागोडान उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी जीवन सिंह मारको को अमानक धान खरीदी करने, वहां मिली अव्यवस्था और किसानों से मिली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित दिया है। कलेक्टर श्री शरण ने आज जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करते हुए कोदवागोडान उपार्जन केंद्र का भी औचक अवलोकन किया। कलेक्टर ने

पंडरिया-मध्यप्रदेश की मुख्यमार्ग पोलमी पर स्थित अंतर्राज्यीय बैरियर का भी मुआयना किया। उन्होने वहां के कर्मचारियों को निर्देशत करते हुए कहा कि पडोसी राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहनों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। कलेक्टर ने करपीगोडान, कुई-कुकदूर और कोदवागोडान धान खरीदी केन्द्रो को निरीक्षण करते हुए धान बेचने आए किसानो से चर्चा की। किसानो के ऋष्टा पुस्तिका की जांच की। कलेक्टर ने स्वयं कम्प्यूटर कक्ष में पहुंचकर ऑनलाईन टोकन जारी और सभी संसारण कार्यों का निरीक्षण किया।

वार्ड 5 में सियासी हलचल तेज, कई लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश

गंडई पंडरिया। इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 5 में प्रचार प्रसार तेज हो गया है । वार्ड में प्रत्याशियों द्वारा दिवार लेखन हो चुका है । वार्ड में 5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है । कांग्रेस से नंदकिशोर मालती साहूए भाजपा निर्मला साहूए निर्दलीय सरोज शर्माए निर्दलीय संगीता यादवए निर्दलीय शोबी खान के रूप में है । वार्ड में प्रत्याशियों के फ्लैक्स लग चुके है । वार्ड में पाम्पलेट व नकली मत पत्र बंटने लगे है । वार्ड में महिला

उम्मीदवार के।लिए आरक्षित होने से प्रचार दल में उनकी संख्या अधिक नजर आ रही है । नन्दकिशोर मालती साहू के समर्थन में 13 दिसंबर को 31 लोगों ने कांग्रेस प्रवेश किया । वार्ड की भौगोलिक स्थिति रानीबाग़ीचाए कोपेभाठा से रानीबाग़ीचा जाने वाले मार्ग दायीं ओर से नहर होते हुए गांधी चौक पहुँचने वाले मार्ग की दायीं ओर का भाग शामिल है । वार्ड में कुल मतदाता 707 है ।

जेल में निरूद्ध पालकों के बच्चों को संस्थागत संरक्षण दिया जाएगा

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा आज सर्वोच्च न्यायालय के मार्ग दर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। सभी बैरकों में

समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी ली गई। जहां विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर नही पाये गये। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है, वह स्वयं व उसकी पत्नी जेल में निरूद्ध है, ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा। जेल के कर्मचारियों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत हों, या उम्र संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जाए ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण दिलाने की कार्यवाही की जा सके।

विभागीय | दरबार लगाकर जवानों की सुनी समस्याएं

जिला पुलिस कबीरधाम का डीआईजी डांगी ने किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला पुलिस कबीरधाम का वार्षिक निरीक्षण रतन लाल डांगी उप पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव क्षेत्र के द्वारा किया गया। वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम के अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक के आगमन पर पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देषन में जिले के सभी अधिकारी कर्मचारियों को भोरमदेव क्लब में आमंत्रित कर स्वरूचि भोज व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दिनांक 13.12.2019 को प्रातः 9:30 बजे न्यू पुलिस लाईन मे निरीक्षण परेड की सलामी ली गई इसके उपरान्त परेड में उपस्थित सभी जवानों के द्वारा सलामी दी गई। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक

ख्रिष्ट नरगिस तिग्गा बघेल सेकेण्ड कमांडर उप निरीक्षक युवराज कुमार साहू द्वारा किया गया। उप पुलिस महानिरीक्षक रतन लाल डांगी द्वारा परेड मे उपस्थित सभी कर्मचारियों की किट परेड का निरीक्षण किया गया। वाहन शाखा में वाहनों का बारिकी से निरीक्षण किया गया। जिसके उपरांत उप पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा न्यु पुलिस लाईन में शस्त्रागार, स्टोर शाखा, रीडर शाखा, एमटी शाखा, मोहर्रिर कक्ष, पुलिस पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। बाद जिला पुलिस कबीरधाम के सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों का दरबार लगाया गया। दरबार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक श्री रतन लाल डांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि निरीक्षण उपरांत सभी शाखाओं का रखरखाव व कार्यो की सराहना करते हुये ईनाम देने की घोषणा किये। साथ ही परेड को उच्चस्तरीय बताकर उन्हे भी ईनाम देने की घोषणा की। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य में थाना बोड़ला को उत्कृष्ट थाना घोषित किये जाने पर पुलिस अधीक्षक एवं बोड़ला थाना प्रभारी व स्टाफ को बधाई दिये। यह भी जानकारी दिया गया कि जिस प्रकार वार्षिक निरीक्षण में किसी न किसी प्रकार की कमियां आमतौर पर देखी जाती है वो कबीरधाम जिले में पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह के नेतृत्व ने जो टीम बनाकर काम किया जा रहा है उसकी सराहना करते हुये किसी भी प्रकार की कमियां निकालना बहुत ही मुश्किल है जिसके लिये पुलिस अधीक्षक व पुरे कबीरधाम पुलिस को बधाई के पात्र बताये तथा आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को व्यवस्थित तौर पर संपन्न कराने के लिये निर्देषित किया गया।

धान खरीदी, नरूवा, गरूवा, घुरूवा के संबंध में समीक्षा बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल द्वारा आदर्श शासकिय उच्च. मा. विद्यालय के सभागार में धान खरीदी, नरूवा, गरूवा, घुरूवा के संबंध मे समीक्षा बैठक ली गई इस बैठक मे धान खरीदी के सभी केन्द्रो के प्रभारी नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रिय बैक के अधिकारी नरूवा, गरूवा, घुरूवा के तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती, कार्यक्रम अधिकारी तथा सक्ती ब्लाक के सभी सरपंच, सचिव रोजगार सहायक की आज सभागार मे समीक्षा बैठक जिला पंचायत सीईओ तीर्थराज अग्रवाल के द्वारा ली गई इस बैठक मे धान खरीदी के संबंध मे चर्चा करते हुए उनके द्वारा बताया गया कि प्रत्येक किसानो का धान उसके पर्ची को देखकर खरीदे और किसान जब धान लेकर केन्द्रो मे आएगा उसके धान की ढ़ेरी लगाया जाए और देखा जाए और किसी भी प्रकार की खराबी

तो नही है और देखा जाए कि अनेको बार बदरा , कंकड़ रहित गिला धान खरीदी केन्द्रो मे ले आते है जिसके चलते शासन को नुकसान उठाना पड़ता है शासन के द्वारा इस बार कुछ दिशानिर्देश मे बदलाव किया गया है जैसे पहले धान खरीदी केन्द्र से संग्रहण केन्द्र मे जाता था और संग्रहण केन्द्रो से डीईओ के द्वारा मिलर्सो को दिया जाता था परन्तु अब खरीदी केन्द्र से ही राईस मिलर्स को दिया जाएगा और जिस वाहन से धान का उठाव होगा उसमे कितनी मात्रा है और नोडल अधिकारी के हस्ताक्षर से ही धान का उठाव मिलर्सो को होगा।

न्यूज गैलरी

माओवादियों के सेंट्रल कमेटी मेंबर रमन्ना की हुई मौत

बीजापुर। माओवादियों के सेंट्रल कमेटी मेंबर रमन्ना की हुई मौत। नक्सलियों ने स्वीकारा रमन्ना हुई मौत। एक करोड़ 40 लाख के इनामी माओवादी नेता और दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सचिव रमन्ना उर्फ रावला श्रीनिवास की गंभीर बीमारी से हुई मौत। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने की है रमन्ना की मौत की पुष्टि। 7 दिसंबर 2019 को रात 10:00 बजे तेलंगाना और छत्तीसगढ़ की सीमा पर हुई माओवादी नेता रमन्ना की मौत। रमन्ना की मौत को माओवादी नेता ने बताया संगठन के लिए अब तक का सबसे बड़ा नुकसान।

रोजगार सहायक के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

बीजापुर। आयुक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी रायपुर निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर द्वारा ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम रोजगार के पद पर संविदा भर्ती हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से दिनांक 30 दिसम्बर 2019 तक निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक कार्यालय जनपद पंचायत बीजापुर में स्वंय या डाक के माध्यम से जमा किए जा सकते है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी बने शिक्षक, बच्चों को पढ़ाया पाठ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

नारायणपुर। कलेक्टर पी.एस.एल्मा के निर्देशानुसार जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है।

इसी कड़ी में आज शुक्रवार 13 दिसम्बर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री प्रेम कुमार पटेल ने प्राथमिक शाला मातला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री पटेल ने हाथ में किताब लेकर बच्चों को पढ़ाया, और बच्चों के स्तर की जांच की। अपने निरीक्षण के दौरान श्री

पटेल ने विद्यार्थियों की दर्ज संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षा का स्तर आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चो से पढाई लिखाई, मध्यान्ह भोजन आदि की जानकारी प्राप्त करने के बाद बच्चों को स्वच्छ रहने तथा अपने आस पास को सफाई रखने की समझाईश दी। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर श्री संजय चंदेल साथ थे।

बता दें कि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने और सुधारने के लिए लोक शिक्षण संचालक श्री एस. प्रकाश ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ जिला अधिकारियों की बैठक लेकर कुछ जरूरी टिप्स दिए थे। कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा भी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता के साथ ही स्कूलों की कायाकल्प के लिए छह माह की कार्य योजना बनाकर कार्य कर रहे है। इसके अब सकारात्मक परिणाम नजर आने लगे है।

व्यापार मेले में पहुंचे देश के अन्य राज्यों के कई स्टॉल

■ लगभग 40 स्टालों से हुआ व्यापार मेले का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले की पहचान बन चुके 'व्यापार मेला' मे देश के अलग-अलग राज्यों से व्यापारी पहुंचकर स्टाल लगाए है। 40 स्टालों से शुरुआत की गई मेले में वर्तमान में 250 से अधिक स्टाल लगाए गए है। निश्चित तौर पर ये इस मेले की सफलता को दर्शाता है. इससे अलग-अलग राज्यों की उत्पाद मेले में एक ही जगह पर उपलब्ध है. यही वजह है कि लोगों की भीड़ मेले उमड़ गई है उक्त बाते व्यापार मेला' के रंगारंग शुभारंभ पर जिले के कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने कही उन्होने बेहतर आयोजन के लिए आयोजन समिति की शुभकामनाएं दी। जिले के त्यौहार नाम से मशहूर 'व्यापार मेला' का रंगारंग शुभारंभ आज वीर शहीद धनंजय सिंह स्टेडियम में जिले के

एसपी चैनदास टण्डन ने कार्यक्रम की तारीफ

लगता नहीं कि यह आयोजन मुंगेली शहर में हो रहा है., क्योंकि ऐसे बड़े कार्यक्रम अक्सर बड़े बड़े शहरों एवं नगर निगमों में आयोजित किये जाते है, लेकिन यह आयोजन यह दर्शा रहा है कि मुंगेली के लोग और यह शहर अन्य शहरों की भांति निरन्तर प्रगति कर रहा है. वही डीएफओ कुमार निशांत ने भी बेहतर आयोजन के लिए आयोजन समिति की शुभकामनाएं दी और कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर के लोग खास और आम लोगों की उपस्थिति मेले की सफलता को बता रही हैं.

कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, एसपी चैनदास टण्डन, डीएफओ कुमार निशांत ने संयुक्त रूप से किया. जिसके बाद छत्तीसगढ़ के सोनू निगम कहे जाने वाले नीलकमल वैष्णव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के आनन्द में लोग झूम उठे. मुंगेली व्यापार मेला आयोजन का यह 6वां वर्ष है. नगर एवं आसपास के लोगों के लिए यह व्यापार मेला आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन हेतु प्रवेश पत्र आनलाईन डाउनलोड

बीजापुर। जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर से प्राप्त जानकारी के अुनसार जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2020 छटवी में प्रवेश के लिए अभ्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए थे। उनके प्रवेश पत्रों को किसी भी लोक सेवा केन्द्र से नवोदनय विद्यालय के वेबसाईट ूएदंअवकलंणहवअणपद ए दअेंकउपेपवदबसेंपगणपद पर जाकर रजिस्ट्रेशन नंबर एवं पासवर्ड की सहायता से डाउनलोड किया जा सकता है। दिनांक 11 जनवरी 2020 दिन शनिवार को परीक्षा केन्द्र विकासखण्ड बीजापुर अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर, डीएव्ही मांझीगुडा, विकासखण्ड भैरमगढ़ अंतर्गत डीएव्ही भैरमगढ़, एकलव्य स्कूल भैरमगढ़, कन्या आवासीय विद्यालय कुटरु, विकासखण्ड भोपालपटनम अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपालपटनम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपालपटनम एवं विकासखण्ड उसूर के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आवापल्ली, डीएव्ही स्कूल आवापल्ली में परीक्षा आयोजित की जावेगी।

साहित्यजनों का स्थापना दिवस 15 को

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। नगर की साहित्यिक गतिविधि में लगातार 15 वां वर्ष पूर्ण करने पर कविता चौराहे समूह के साहित्य जनों के द्वारा स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, 15 दिसम्बर को अमर टापू धाम, मोतिमपुर, मुंगेली पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के अलावा बिलासपुर जिले के भी साहित्कार उपस्थित रहेंगे। नगर साहित्यधरा के नाम से जानी जाती है, यहां अनेक साहित्यकारों का बड़ा योगदान रहा है, इसी कड़ी में नगर के साहित्यकारों के द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर कविता चैराहे कि कड़ी प्रारंभ की

गई, जिसके तहत नगर के मुख्य मार्ग रामानुज द्वार के पास कविता चैराहे के नाम पर श्यामपट रखकर जिले सहित प्रदेश भर के साहित्यकारों की कविता का लेखन किया गया। जिसके चलते नगर में इसकी खास पहचान बन गयी, और राकेश गुप्ता और जगदीशप्रसाद देवांगन के द्वारा रोपित इस पौधे को 15 वर्ष पूर्ण होने पर कविता चौराहे समूह के सभी साहित्य जन द्वारा15 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है, 15 दिसंबर, रविवार को आयोजित इस समारोह दो चरणों में रखा गया है 'प्रथम चरण प्रातः 10 बजे से 12बजे तक,पोस्टर प्रदर्शनी, साहित्य में कविता चौराहे पर का योगदान पर अतिथियों द्वारा परिचर्चा वं सम्मान समारोह में एस.एन.जी. महाविद्यालय मुंगेली के व्याख्याता अशोक गुप्ता का सम्मान...भोजनावकाश उपरांत.. द्वितीय चरण...आमंत्रित साहित्यकारों द्वारा काव्य पाठ...कार्यक्रम सहभागिता सम्मान पत्र वितरण।

जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

मुंगेली। कलेक्टर डॉ के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज द्वारा नियमित रूप से जिले में संचालित शासकीय शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की दर्ज संख्या और शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षा का स्तर आदि की जानकारी प्राप्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होने कल 11 दिसम्बर को विकासखण्ड मुंगेली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय प्राथमिक शाला पौनी, शास.हाईस्कूल पौनी, शासकीय प्राथमिक शाला शीतलदह, तथा शासकीय हाईस्कूल बीजातराई का आकास्मिक निरीक्षण किया। शासकीय प्राथमिक शाला पौनी में मध्यान्ह भोजन में अनियमितता पाई गई। जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली को मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले समूह को हटाने के संदर्भ में पत्र लिखा गया है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दिल्ली कूच से पहले...

विशेष कोशिशों के बाद पूरे देश में लागू नागरिकता संशोधन बिल राष्ट्रपति ने भी मंजूर कर लिया है। ऐसे में कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों की तरह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस बिल के खिलाफ ना में हूंकार भरे हैं। आज शुक्रवार 13 दिसंबर को दिल्ली कूच करने से पहले सीएम श्री बघेल ने भारतीय जनता पार्टी, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर जमकर बरसे। उन्होंने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि कानून का स्वरूप ले चुका नागरिकता संशोधन बिल(सीएबी बिल-2019)छत्तीसगढ़ में लागू नहीं होगा। भारत बचाओ आंदोलन के लिए दिल्ली रवानगी से पहले सीएम भूपेश बघेल ने भारतीय पासपोर्ट में कमल फूल के निशान वाले प्रस्ताव पर भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि इनका स्तर बेहद नीचे गिर चुका है। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित आंदोलन में शामिल होने दिल्ली रवाना हो गए है। कांग्रेसी दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को भारत बचाओ आंदोलन में जुटेंगे। वहां छत्तीसगढ़ के धान खरीदी का मुद्दा गूंजेगा। उन्होंने कहा कि देश की जो प्रमुख समस्या है. चाहे मंदी हो, बेरोज़गारी हो, चाहे वो हमारे छत्तीसगढ़ से चावल नहीं खरीदने का मामला हो और जो वर्तमान परिदृश्य है। इसे लेकर दिल्ली में बड़ी रैली होगी। हमारे छत्तीसगढ़ से भी हज़ारों की तादाद में कार्यकर्ता आंदोलन में शामिल हो रहे हैं। झारखंड चुनाव में राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ मॉडल की तारीफ की थी। इसे लेकर सीएम भूपेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने जनता से जो वादे किए थे, उसे लगातार पूरा कर रही है। चाहे धान ख़रीदी का मामला हो, किसानों को ऋण माफ़ी, आदिवासियों का जमीन वापसी, सभी को राशन देने की बात हो, इन सभी बातों को राहुल गांधी ने चुनाव के पहले कहा था।

क्राइम ग्राफ पर...

भी कहा कि पुलिस के जवानों अच्छा काम किया है, रफ़्तार से पुलिस अपराधियों को पकड़ने का काम कर रही है. फिर चाहे हत्या, अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म जैसे घटनाएँ क्यों न हो? पुलिस ने कड़ाई से इन मामलों में कार्रवाई की है. आरोपी पुलिस से बच नहीं सकते हैं, तत्काल पकड़े गए हैं। आपको बता दे छत्तीसगढ़ में इस महीने ही अलग-अलग जिले में रेप की कई घटनाएँ सामने आई है, राजधानी रायपुर में हत्या के कई मामले में सामने आए हैं, वहीं चोरी-लूट और अहपरण की घटनाएं लगातार घटी है। हालांकि इन घटनाओं में आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को कामयाबी भी मिली है।

सिंहदेव को धमकी...

को धमकी भरे लिखे इस ट्वीट के बाद जिला कमेटी अंबिकापुर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारी आक्रोश है। कांग्रेसियों ने इस मामले को लेकर थाने में भी शिकायत की है और ट्वीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है।

रेप हो या गैंगरेप...

तहत रेप और गैंगरेप के अपराध के लिए ट्रायल को तेज किए जाने, 21 दिन के अंदर फैसला देने और मौत की सजा का प्रावधान है। इससे पहले बुधवार को राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में कैबिनेट ने दिशा बिल को पास किया था। मौजूदा कानून ऐसे मामलों में मुकदमा चलाने के लिए चार महीने का समय देता है।

यूएन में...

आतंकवादियों को उनके सुरक्षित पनाहगाहों में ट्रेंड किया जाता है। बच्चों और युवाओं को किताबों की जगह बंदूकें थमाई जाती हैं। महिलाओं पर अत्याचार होते हैं तो अल्पसंख्यकों पर जुल्म किए जाते हैं।'

पाक के कपटपूर्ण दुष्प्रचारों पर ध्यान नहीं दे रही दुनिया: भारतीय प्रतिनिधि

भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि पाकिस्तान दूसरे देशों के आंतरिक मामलों को लेकर निराधार आरोप लगा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे आरोपों पर भारत का रुख बहुत ही स्पष्ट है और वह इन निराधार आरोपों को खारिज करती हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने आतंकवाद पर पर्दा डालने वाले इन कपटपूर्ण दुष्प्रचारों पर कोई भी ध्यान नहीं दिया है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में भी ऐसा ही होगा।

कर्ज में दबे...

जिले में सिथेरीकराई क्षेत्र के सलामत नगर की है। मृतकों की पहचान एम अरुण कुमार (33), पत्नी शिवगामी (26) पुत्रियां प्रियदर्शिनी (5), युवाश्री (3) और भारती (नौ माह) के तौर पर हुई है। अरुण ने सायनाइड खाने से पहले अपने मोबाइल फोन पर वीडियो क्लिपिंग बनाई जिसमें उसने यह बताया कि वह यह कदम क्यों उठा रहा है और बाद में उसने इसे अपने दोस्तों के साथ व्हाट्सऐप पर साझा भी किया था।

मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न

बीजापुर। नगर पालिका निर्वाचन 2019 के लिए समस्त मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजापुर में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री के.डी. कुंजाम द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कर्मियों को निर्वाचन संबंधित जानकारी दी। निर्वाचन प्रशिक्षण के मास्टर्स टेऊनर डॉ. रमन मेहर एवं श्री चन्द्रेश देवांगन ने प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन और मतदान दल के अधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित सभी जरुरी जानकारियां, पोस्टल बैलेट की कार्य प्रणाली और उसके सुचारु सम्पादन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होनें कहा कि निर्वाचन कार्य में कोई समस्या हो तो तुरन्त अवगत कराएं एवं जानकारी ले सकते है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 295/2019-20
वार्ड का नाम-वीरसावरकर-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीरसावरकर नगर स्थित मकान/ भूमि आरडीए-बी-112 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती रोशनी शर्मा पति रमेश शर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती भारती साहू पति देवेन्द्र साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 298/2019-20
वार्ड का नाम-शहीद भगत सिंह-13

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह स्थित मकान/ भूमि एलआईजी 38 सलाईस 1 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती जोगिंदर कौर w/o केवल सिंग के नाम से दर्ज है, जिसको श्री कुमार रवि s/o रामाशंकर प्रसाद ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.)
रा.मा.क्र. अ-6 वर्ष 2019-20
ग्राम- महासमुन्द प.ह.नं. -42
तहसील व जिला महासमुन्द

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम महासमुन्द को सूचित किया जाता है कि आवेदक बदरूद्दीन कुरैशी पिता निजामुद्दीन कुरैशी निवासी नयापारा महासमुंद, तहसील महासमुंद की ओर से अधिवक्ता श्री मोईनुद्दीन कुरैशी द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम महासमुन्द प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. तहसील व जिला महामसुन्द में स्थित भूमि खसरा नं. 1020/4 रकबा 0.190 हे. को विक्रेता बिसौहा पिता अलेन चन्द्राकर निवासी वार्ड नं. 5 महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. से पंजीकृत बैनामा दिनांक 31.10.1990 से क्रय कर दाखिल काबिज है। उक्त क्रयशुदा जमीन को अपने नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवेदक के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 30.12.2019 तक न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त/दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
महासमुन्द (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 345/2019-20
वार्ड का नाम- ले. अरविंद दीक्षित-47

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ले. अरविंद दीक्षित-47 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 47/सी-150 शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री कैलाश राठी पिता श्री लूनकरन राठी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती पुष्पा तिवारी पति आनंद तिवारी ने रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 3 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नगर पालिक निगम नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास
फोन : 0771-25355780, फैक्स:0771-227395
ई मेल : dcrmc@reddiffmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 296/2019-20
वार्ड का नाम-संत रामदास-19

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संत रामदास-19 स्थित मकान/ भूमि 19/710 जो कि निगम अभिलेख में श्री खोरबाहरा उर्फ बाहर साहू पिता स्व. दयाराम साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्री देवान राम पिता स्व. दयाराम साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 01/अ-21 वर्ष 2019-20
ग्राम- रवेली, प.ह.नं.-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक [illegible] हैं। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
कवर्धा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा [illegible] रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)
Phone No. 07723-223731, E-mail : eephe-mah-cg@nic.in

निविदा संशोधन सूचना क्र. 1

इस कार्यालय में प्रकाशित निविदा क्रमांक 32/व.ले.लि./दिनांक 20.11.2019 में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संधोधन किया जाता है। जिसका जी नं. 75244 है।

1	निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय	23.12.2019 सायं 5.30 बजे तक
2	खण्ड कार्यालय से कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि एवं समय	27.12.2019 सायं 5.30 बजे तक
3	खण्ड कार्यालय में स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड पोस्ड के माध्यम से निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	31.12.2019 सायं 5.30 बजे तक
4	खण्ड कार्यालय में निविदाएं खोलने की अंतिम तिथि एवं समय	01.01.2020 प्रातः 11.00 बजे से

निविदा की शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

जी-75782/3
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यात्रिकी खण्ड
महासमुन्द (छ.ग.)

एन एम डी सी
NMDC
एनएमडीसी लिमिटेड
NMDC LIMITED
बीआईओएम बचेली काम्पलेक्स
BIOM BACHELI COMPLEX
BACHELI DIST.-DANTEWADA (CHHATTISGARH) 494553
E-mail :bld5materials@nmdc.co.in

Open Tender Notice

NMDC Limited, BOIM Bacheli Complex invites e-bids for supply of following items :

Item Details & Tender No.
Spares for DMH Blast Hole Drills.
(ET/NMDC/Bacheli/02M098/223/19-20/ET-658 Date 03.12.2019)

Prospective bidders may download the tender documents from website: http://www.mstcrcommerce.com/ eprochome/ nmdc/ buyer_login.jsp and upload their offer on the protal as per instructions provided in tender document.

Jt. General Manager (Materials)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

अक्षय कुमार कपिल शर्मा के शो से अपनी पत्नी ट्विंकल के लिए लेकर आ गए प्याज वाली ईयररिंग्स

अक्षय कुमार कपिल शर्मा के शो से अपनी पत्नी ट्विंकल खन्ना के लिए प्यार वाली ईयर रिंग्स लेकर आए। ट्विंकल को यह इतनी पसंद आई कि इसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर डाली। अक्षय कुमार की पत्नी ट्विंकल खन्ना अपने मुखर स्वभाव के लिए जानी जाती हैं और सोशल मीडिया पर एक बार कुछ इन्हीं वजह से छाई हैं। सोशल मीडिया पर वह अक्सर कुछ न कुछ ऐसा पोस्ट करती हैं, जिससे लोगों का भरपूर मनोरंजन होता है। इस बार ट्विंकल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्याज वाली ईयररिंग्स पोस्ट की है और मजेदार यह है कि यह ईयररिंग्स उनके पतिदेव अक्षय कुमार लेकर आए हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई इस तस्वीर में एक जोड़ी ईयररिंग्स है, जिसके साथ प्याज अटैच है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए ट्विंकल ने बताया है कि कपिल शर्मा के शो पर फिल्म 'गुड न्यूज़' के प्रमोशन के दौरान यह ईयररिंग्स करीना को दिया गया था, लेकिन यह उन्हें पसंद न आया तो अक्षय इसे उनके लिए ले आए।

'गुड न्यूज़' प्रमोशन से पहले ही कार के अंदर अक्षय ने करीना के साथ शूट कर लिया यह विडियो

फिल्म 'गुड न्यूज़' को अब रिलीज़ होने में ज्यादा वक्त नहीं बचा है और ऐसे में फिल्म के सितारे इसके प्रमोशन में जी-जान से जुट गए हैं। पिछले दिनों फिल्म के चारों स्टार्स अक्षय कुमार, करीना कपूर, दिलजीत दोसांझ और कियारा आडवाणी प्रमोशन के लिए ही जा रहे थे और रास्ते में उन्होंने एक मजेदार विडियो शूट कर लिया। इस विडियो को सितारों ने अपने सोशल अकाउंट पर मजेदार कैप्शन के साथ पोस्ट भी किया है।

अक्षय कुमार ने इस विडियो को अपने ट्विटर पर पोस्ट किया है और लिखा है, 'गुड न्यूज़' का 'कार-वां' सेशन और लिखा है, 'प्रमोशन के लिए जाते हुए भी हम प्रमोषन करते हैं।' इस विडियो वो करीना ने भी इसी कैप्शन के साथ शेयर किया है। इस विडियो में पहले तो अक्षय कुमार अपनी इसी फिल्म के गाने 'माना दिल दा ही मेरा है कसूर' पर गला फाड़कर गाते हुए दिख रहे हैं। हालांकि, फौरन बैकग्राउंड में यह गाना बजने लगता है, जिसके साथ फिल्म के सभी कलाकार गाते नजर आते हैं। प्रमोशन के दौरान भी करीना और अक्षय, दिलजीत और कियारा की जोड़ी काफी अट्रैक्ट कर रही है।

इस प्रमोशन के लिए जाते हुए करीना ने जो साड़ी पहन रखी है, उसपर 'क्क्ड्ढश' लिखा नजर आ रहा है। करीना इस साड़ी में लाजवाब दिख रही हैं। बीच-बीच में करीना अपना पल्लू संभालती दिख रही, शायद वह इसपर लिखे 'क्क्ड्ढश' को फ्लॉन्ट करना चाह रही हैं। कियारा पैरट ग्रीन कलर की ट्रेस में क्यूट दिख रही हैं।

QUIZ TIME

1) मेगालोपोलिस सामान्यतः कितनी जनसंख्या वाले नगर होते हैं?
2) पहले से ऑन कम्प्यूटर को रीस्टार्ट करने को क्या कहते हैं?
(क) कोल्ड बुटिंग (ख) वार्म बुटिंग (ग) लॉगिंग ऑफ
3) दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी द्वारा प्रकाशित पत्रिका का नाम था-
(क) नवजीवन (ख) इंडियन ओपिनियन (ग) हरिजन (घ) अफ्रीकन न्यूज
4) एक सहस्राब्दी कितने वर्ष होते हैं? (100 / 1000)
5) किस देश का वायुसेवा है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) 50 लाख से अधिक (2) वार्म बुटिंग (3) इंडियन ओपिनियन (4) 1000 (5) ऑस्ट्रेलिया

शार्ट फिल्म में काम करने में अधिक आनंद :जाह्नवी

मुंबई 13 दिसंबर (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का कहना है कि उन्हें शार्ट फिल्म में काम करने में अधिक आनंद आता है। जाह्नवी कपूर नेटफ्लिक्स की घोस्ट स्टोरीज से अपना डिजिटल डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जाह्नवी का कहना है कि उन्हें आम फिल्मों की बजाय शार्ट फिल्मों में काम करने में ज्यादा मजा आता है। उनका कहना है कि आम फिल्में बहुत लंबी होती है, उन्हें पूरा करने में अधिक समय भी लगता है। जाह्नवी ने कहा, मैंने हाल ही एक नेटफ्लिक्स की लघु फिल्म सीरीज 'घोस्ट स्टोरीज' की है और मेरा अनुभव बहुत अच्छा था। मुझे सामान्य फिल्मों की बजाय लघु फिल्मों में काम करने में ज्यादा आनंद मिलता है। लघु फिल्म जोया अख्तर, अनुराग कश्यप, दिबाकर बनर्जी और करण जौहर के निर्देशन में बन रही है। इसे01 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।

श्रद्धा कपूर ने दी पैरंट्स को वेडिंग ऐनिवर्सिरी की मुबारकबाद

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के पिता शक्ति कपूर और मां शिवांगी कपूर अपनी शादी की 37वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस मौके पर श्रद्धा कपूर ने भी अपने पैरंट्स शादी की सालगिरह की मुबारकबाद दी है। श्रद्धा कपूर ने अपने पैरंट्स की एक 38 साल पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। बॉलिवुड ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के पिता शक्ति कपूर और मां शिवांगी कपूर अपनी शादी की 37वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस मौके पर श्रद्धा कपूर ने भी अपने पैरंट्स शादी की सालगिरह की मुबारकबाद दी है। श्रद्धा कपूर ने अपने पैरंट्स की एक 38 साल पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ श्रद्धा ने लिखा, 'हैपी ऐनिवर्सरी मॉमी और बापू। मैं आपसे इतना प्यार करती हूं कि शब्दों में बयां नहीं कर सकती। मुझे बिना शर्त प्यार

करने और मैं आज जो भी हूं वैसा बनाने के लिए शुक्रिया।' वैसे बता दें कि शक्ति कपूर और मशहूर ऐक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरे की बहन शिवांगी ने साल 1982 में घरवारों की मर्जी के खिलाफजाकर शादी की थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो श्रद्धा की पिछली फिल्में 'साहो' और 'छिछोरे' बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थीं। अब श्रद्धा कपूर 'स्ट्रीट डांसर 3डी' में नजर आएंगी। रेमो डिसूजा के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में वरुण धवन और नोरा फतेही मुख्य भूमिकाओं में हैं।

उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक से मुनाफा लेकर निकलने में समझदारी

- **बैंक का शेयर गुरुवार को इश्यू प्राइस से 59%ऊपर लिस्ट हुआ, वैल्यूएशन को लेकर ऐनालिस्ट चिंतित हैं**

उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक के शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर गुरुवार को इश्यू प्राइस से 59 प्रतिशत ऊपर लिस्ट हुए। इससे निवेशकों को तगड़ा मुनाफा हुआ है। इस साल अब तक जितने आईपीओ आए हैं, उनमें सबसे अधिक सब्सक्रिप्शन इसी इश्यू को मिला था। आईपीओ में जिन लोगों को उज्जीवन स्मॉल बैंक के शेयर मिले हैं, अब उन्हें क्या करना चाहिए? जिन मार्केट ऐनालिस्टों ने बैंक के आईपीओ को सब्सक्राइब करने की सलाह दी थी, वे ट्रेडिंग के पहले ही दिन आई तेजी से इसके वैल्यूएशन को लेकर चिंतित हो गए हैं।

मुनाफावसूली की सलाह

इनमें से ज्यादातर ने मुनाफावसूली की सलाह दी है। उनका कहना है कि अगर आगे इसके शेयर प्राइस में गिरावट आती है तो इसमें फिर से निवेश किया जा सकता है। एंजेल ब्रोकिंग के रिसर्च एनालिस्ट जयकिशन परमार ने बताया कि उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस का वैल्यूएशन ज्यादा है। उन्होंने बताया कि वह किसी भी इस स्तर पर इसमें निवेश की सलाह नहीं देंगे।

बुक वैल्यू के 3.5 गुना पर ट्रेडिंग

परमार ने कहा, 'अभी इसमें बुक वैल्यू के 3.5 गुना पर ट्रेडिंग हो रही है। इसका मतलब यह है कि इस लिहाज से शेयर आकर्षक नहीं रह गया है। अगर मार्जिन ऑफ सेफ्टी के लिहाज से सोचा जाए तो अगर बुक वैल्यू के तीन गुना से कम पर ट्रेडिंग होती है तो इसमें फिर से निवेश किया जा सकता है।' परमार ने यह भी कहा कि बैंक का मैनेजमेंट अच्छा है। बिजनेस मॉडल और अन्य चीजें भी बढ़िया हैं। हालांकि, वैल्यूएशन बढ़ने से उनकी चिंता बढ़ गई है।

50 गुना से ज्यादा सब्सक्रिप्शन

उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक पिछले 12 साल के उन 35 आईपीओ में शामिल हैं, जिसे 50 गुना से अधिक सब्सक्रिप्शन मिला था। यह उन 13 शेयरों के क्लब में भी शामिल हो गया है, जिनकी लिस्टिंग इश्यू प्राइस से 50 प्रतिशत ऊपर हुई है। इन 13 में से आधे आज इश्यू प्राइस से नीचे ट्रेड कर रहे हैं, जबकि 9 में लिस्टिंग प्राइस से कम पर ट्रेडिंग हो रही है।

ओवरसब्सक्रिप्शन की वजह से ऊंचा वैल्यूएशन

HDFC सिक्योरिटीज में रिटेल रिसर्च के हेड दीपक जसानी ने बताया कि HNI सेगमेंट में ओवरसब्सक्रिप्शन की वजह से स्टॉक को ऊंचा वैल्यूएशन मिल रहा है।

जनवरी से महंगा हो जाएगा शेयर ट्रांसफर, देशभर में होगी समान स्टैंप ड्यूटी

मुंबई। ऑफ-मार्केट ट्रांजैक्शन्स सहित एक अकाउंट से दूसरे अकाउंट में शेयर ट्रांसफर करने की लागत अगले साल से बढ़ जाएगी। फाइनैंस मिनिस्ट्री ने मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी कर कहा कि 9 जनवरी से ऐसे ट्रांजैक्शन पर स्टैंप ड्यूटी लगेगी। इसके अलावा स्टॉक एक्सचेंजों पर होनेवाले सभी ट्रांजैक्शन पर देशभर में एकसमान ड्यूटी रेट लागू होगा। शेयरों के ऑफ-मार्केट ट्रांजैक्शन्स पर अब तक यह टैक्स नहीं लगता था और राज्यों के अलग-अलग स्टैंप ड्यूटी रेट थे।

9 जनवरी से पूरे देश में एकसमान रेट

केंद्र सरकार ने 5 फरवरी को पेश बजट में लिस्टेड सिक्यॉरिटीज के लिए देशभर में एकसमान स्टैंप ड्यूटी रेट लागू करते हुए इसके कलेक्शन प्रोसेस को आसान बनाने का ऐलान किया था। अगले साल 9 जनवरी से शेयरों और कमोडिटी की ट्रेडिंग पर स्टॉक एक्सचेंज और ऑफ मार्केट ट्रांजेक्शन्स पर डिपॉजिटरी एक समान दर से स्टैंप ड्यूटी वसूल करेंगे। यह रकम केंद्र सरकार के पास जमा कराई जाएगी जिसका बंटवारा राज्यों के बीच किया जाएगा।

ट्रांजैक्शन के बाय और सेल साइड दोनों पर लगती है ड्यूटी: नई स्टैंप ड्यूटी डिलिवरी वाले इक्विटी ट्रेड में ट्रांजैक्शन के बाय साइड में 0.015% यानी 1500 प्रति करोड़ के हिसाब से लगेगी। अभी स्टैंप ड्यूटी ट्रांजैक्शन के बाय और सेल साइड दोनों पर लगती है।

फिर 41000 के पार पहुंचा सेंसेक्स, क्या हैं कारण?

- **दोपहर करीब 1.17 मिनट पर इसने 41 हजार के आंकड़े को पार कर गया**
- **18 महीनों से अमेरिका और चीन के बीच जारी ट्रेड वॉर बातचीत की दिशा में आगे बढ़ी है, इससे खुश है बाजार**
- **UK चुनाव में बोरिस जॉनसन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है, इससे भी निवेशकों में खुशी की लहर है**

नई दिल्ली। शेयर मार्केट में आज जबर्दस्त उछाल देखने को मिल रहा है और सेंसेक्स एक बार फिर से 41 हजार के आंकड़े को पार कर गया। दोपहर करीब 1.17 मिनट पर इसने 41 हजार के आंकड़े को पार किया। दोपहर 1.32 बजे सेंसेक्स 423 अंकों की तेजी के साथ 41004 पर ट्रेड करता देखा गया। पिछले महीने ही सेंसेक्स ने 40 हजार का आंकड़ा पार किया था और 41000 पार के नए रेकॉर्ड कायम किए थे। हालांकि बाद में इंडेक्स नीचे आ गया था।

ऐक्सिस बैंक, वेदांता लिमिटेड, एसबीआई, यस बैंक और टीसीएस के शेयर सेंसेक्स पर टॉप गेनर्स हैं। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, बजाज ऑटो, कोटक बैंक और हीरो मोटोकॉर्प के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई है। इस समय निफ्टी भी 99 अंकों की तेजी के साथ 12,070 पर ट्रेड कर रहा है। आइए उन प्रमुख कारणों के बारे में जानते हैं, जिनके कारण बाजार खुशी से झूम रहा है।

1. करीब 18 महीनों से अमेरिका और चीन के बीच जारी ट्रेड वॉर बातचीत की दिशा में आगे बढ़ी है। ऐसी खबर है कि दोनों देश के प्रतिनिधियों के बीच ट्रेड अग्रीमेंट को लेकर बातचीत आखिरी दौर में है। डॉनल्ड ट्रंप ने गुरुवार को ट्वीट कर इसके संकेत दिए थे। उन्होंने ट्वीट किया था कि चीन के साथ बड़ी डील के करीब। क्योंकि वह ऐसा चाहते हैं, हम ऐसा कर रहे हैं।

2. UK चुनाव में बोरिस जॉनसन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने वादा किया था कि अगर उनकी सरकार बनती है ति यूके को वह यूरोपियन यूनियन से अलग कर देंगे। ब्रिटेन की विदेश मंत्री प्रीति पटेल कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी क्रिसमस से पहले ही बिल सदन में पेश करने की कोशिश करेगी।

3.एशिया के अन्य बाजारों में तेजी : वैश्विक घटनाओं का एशिया के अन्य बाजारों पर सकारात्मक असर दिख रहा है। हॉन्ग कॉन्ग, जापान और चीन के शेयर इंडेक्स में तेजी का दौर है।

एमबीए करने के बजाय इलेक्ट्रिशन या टेक्निशियन बनना चाहेंगे!

- **व्हाइट कॉलर जॉब का शौक देश के जॉब मार्केट में फेरबदल कर रहा है**
- **आम कॉलेजों के इंजिनियरिंग या स्क्क ग्रैजुएट की मंथली सैलरी 40 हजार रुपये से कुछ ही ज्यादा होती है**

मुंबई। आप टियर-3 या 4 के इंस्टिट्यूट से स्क्क या इंजिनियरिंग करने के लिए दो लाख से 10-15 लाख रुपये खर्च करते हैं। ग्रैजुएट होने के बाद आपको लगभग 40 हजार रुपये की नौकरी मिलती है। दूसरी ओर वोकेशनल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट से एक लाख रुपये में स्पेशलाइज्ड कोर्स करने वालों को 60,000 रुपये की मंथली सैलरी मिलती है। क्या आप अधिक डिमांड वाला इलेक्ट्रिशन या लैब टेक्निशन या जेमॉलजिस्ट बनने के बजाय कम वैल्यू वाले स्क्क या इंजिनियरिंग कोर्स करेंगे?

MBA ग्रैजुएट की सैलरी इलेक्ट्रिशन से कम!: ईटी के लिए टीमलीज के एक्सक्लूसिव सर्वे के मुताबिक, व्हाइट कॉलर जॉब का शौक देश के जॉब मार्केट में फेरबदल कर रहा है। सर्वे में कई पहलुओं पर गौर किया गया है। उदाहरण के तौर पर, पांच साल के अनुभव वाले जेमॉलजिस्ट की कमाई लगभग 60 हजार रुपये महीने है।

सोना 70 चाँदी 230 रुपये टूटी

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को दोनों कीमती धातुओं में गिरावट का रुख रहा। सोना 70 रुपए और चांदी 232 रुपए प्रति किलोग्राम टूट गई। कारोबारियों के अनुसार वैवाहिक मांग निकल चुकी है। हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार 15 दिसंबर से एक महीने तक शुभ कार्य नहीं होंगे। अब चौदह जनवरी के बाद फिर से वैवाहिक और अन्य शुभ कार्य फिर से शुरू होंगे।

उधर विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में मजबूती दिखी। सिंगापुर में चांदी 17.05 डालर प्रति ट्राय औंस पर मजबूत थी। न्यूयार्क में गत दिवस सोना 1472.40 डालर पर मजबूत रहा।

एमवे ने अपनी न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्ब्स रेंज को मजबूत किया

नई दिल्ली। देश की अग्रणीय डायरेक्ट सेलिंग एफएमसीजी कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ने आज न्यूट्रीलाइट मधुनाशिनी, शुंठी एवं त्वक और न्यूट्रीलाइट वसका, मुलेठी एवं सुरस के लॉन्च के साथ अपनी लोकप्रिय न्यूट्रीलाइट ट्रेडिशनल हर्ब्स रेंज को और व्यापक बनाया। नए उत्पाद नवप्रवर्तनों को आज एक कार्यक्रम में जाने-माने बॉलीवुड अभिनेता और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर द्वारा लॉन्च किया गया। अपनी शारीरिक फिटनेस और युवा

अपील के लिए जाने जाने वाले फरहान अख्तर न्यूट्रीलाइट के ब्रांड एंबेसडर हैं, जो सप्लीमेंटेशन के प्रति संयंत्र-आधारित दृष्टिकोण में 80 से अधिक वर्षों की मजबूत विरासत के साथ दुनिया में विटामिंस और डाइटरी सप्लीमेंट्स का नंबर 1 ब्रांड है।

लॉन्च की घोषणा करते हुए, एमवे इंडिया के सीईओ अंशु बुधराजा ने कहा, एमवे में हम दृढ़ता से मानते हैं कि फूड सप्लीमेंटेशन के साथ स्मार्ट हेल्थकेयर मानव जीवन को अद्वितीय मूल्य प्रदान करती है। न्यूट्रीलाइट ने खुद को विश्व स्तर पर विटामिन और डाइटरी सप्लीमेंट के बाजार में नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित किया है।

घर-घर दस्तक दे रहे प्रत्याशी, जोर पकड़ने लगा चुनावी प्रचार

नवप्रदेश संवाददाता

■ सत्ता और संगठन के लिये नाक का सवाल बना नगरीय निकाय चुनाव

इस बार नगरीय निकाय चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होने के कारण दोनों ही राजनैतिक पार्टियों में चुनावी प्रचार ठंडा है। लेकिन जैसे-जैसे समय नजदीक आता जा रहा है वैसे ही प्रत्याशी चुनावी समर में रंगते दिख रहे है।अगर बात नगर पंचायत कसडोल की करें तो यहाँ कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी में सीधा मुकाबला दिखाई दे रहा है। तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी भी जीत के लिए एड़ी चोटी एक कर रहे है।पार्षद पद के निर्दलीय उम्मीदवार कसडोल में भाजपा व कांग्रेस द्वारा घोषित पार्षद प्रत्याशियों पर भारी पडते दिखाई दे रहे हैं।

कसडोल। नगर पंचायत कसडोल के लिये जहां कांग्रेस पार्टी ने अपनी बिसात बिछा ली है व चुनाव प्रभारियों की घोषणा कर दी है। आज से चुनाव प्रचार के कुल 1 सप्ताह शेष बचेंगे, ऐसे में यदि प्रत्याशी एक दिन भी गैप करें तो वह पूरे वार्डो की समस्या नहीं समझ पायेगा। संगठन के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को पूरी तरह से अपनी पार्टी के प्रत्याशी को विजय श्री दिलाने के लिये दिन-रात एक करना पडेगा। कांग्रेस ने पहले से ही बूथवार रचना कर रखी थी जिसका फायदा प्रत्याशी को मिलता दिखाई पड रहा है। तो वही भाजपा के प्रत्याशी भी अपना समीकरण बनाकर चुनाव मैदान में है।

यह है वार्डो की स्थित

नपा कसडोल के वार्ड 01 से भाजपा की कचरा बाई बंजारे के सामने कांग्रेस की दीपिका अजय है जहाँ दोनों ही उम्मीदवारों में भाजपा का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है इसके साथ ही निर्दलीय उम्मीदवार प्रमिला देवार भी चुनाव प्रचार में जुटी है। वार्ड 02 से भाजपा की वागेश्वरी कैवर्त कांग्रेस की सेवती केवट से प्रबल नजर आ रही है। वार्ड 03 से भाजपा और कांग्रेस को पछाड़ते हुए यहाँ यहाँ भगवती संघटन के जिलाध्यक्ष शिवकुमार साहू निर्दलीय दावेदारी कर रहे है जिससे भाजपा के भगत राव और कांग्रेस के विकाश यादव डमी नजर आ रहे है। वार्ड 04 में सबसे ज्यादा 09 उम्मीदवारों सामने है जिसमे भाजपा के प्रदीप मिश्रा, कांग्रेस के ऋषी श्रीवास, निर्दलीय लक्ष्मण मिश्रा और राजेश कन्नौजे में टक्कर दिख रहा है। बात अगर वार्ड 06 की करे तो कांग्रेस की पदमा अशोक यादव भाजपा की चंद्रिका बाई वैष्णव से ज्यादा मजबूत दिख रही है। पूरे वार्डो में सबसे दिलचस्प वार्ड 08 में कम उचाई भाजपा के रूपचंद साहू पर मतदाताओं की नजर गढ़ी है। यहाँ कांग्रेस से चंद्रिका साहू और कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी निर्मला साहू मैदान में है। इसके साथ ही वार्ड 09 में भाजपा के गुनिराम साहू कांग्रेस के हेमलाल साहू के साथ सीधा टक्कर है। इधर वार्ड 12 में कांग्रेस के ऋतिक मिश्रा भाजपा के कमल श्रीवास से मजबूत नजर आ रहे है। वही वार्ड 13 से भाजपा के प्रहलाद सतनामी भाजपा के सुकलाल बंजारे से सीधा टक्कर दिख रहा है। साथ ही वार्ड 14 से भाजपा के गणेश शंकर साहू कांग्रेस के रामखिलावन डहरिया में सीधा टक्कर है तो वही कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी पंकज जायसवाल भी भाजपा और कांग्रेस का समीकरण बिगाड़ रहे है इधर अंतिम वार्ड 15 में कांग्रेस के कमलेश साहू पुनः मैदान में है जो भाजपा के अरुण पटेल से काफी मजबूत नजर आ रहे है वही कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय प्रत्याशी सतीश कैवर्त भी अपना समीकरण बना रहे है।

निर्दलीय बिगाड़ रही समीकरण

कसडोल नपा में अध्यक्ष रहें योगेश बंजारे ने अपने कार्यकाल में जितने भी विकाश किये उसमें से कुछ अधूरे रहें कार्यो को पूरा करने का सपना संजोए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उनकी पत्नी वार्ड क्रमांक 07 से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में प्रचार प्रसार कर रही है। जिससे भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा बनाये समीकरण बिगड रहे है। यहां निर्दलीय भी समीकरण बिगाडते हुए नजर आ रही हैं लेकिन इस बार अप्रत्यक्ष चुनाव होने के कारण वार्ड 07 में त्रिकोणीय मुकाबला दिख रहा है जिससे यहाँ बाजी कौन मारेगा कुछ नहीं कहा जा सकता। अभी तक की स्थिति में कांग्रेस इसलिये मजबूत दिखाई पड रही है कि उसके कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रत्याशी के लिये एक साथ चल पड़े है निर्दलीय प्रत्याशी मोनिका योगेश बंजारे ने कांग्रेस से टिकट मांगा था लेकिन जोगी कांग्रेस से हाल ही में कांग्रेस प्रवेश करने पर कांग्रेस ने दूसरा प्रत्याशी को टिकट दे दी जिस कारण निर्दलीय रूप में चुनाव लडने का मन इन्होने बनाया। जो कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

टिकट में चली विधायक की

नगर पंचायत कसडोल में पार्षद पद के लिए टिकट वितरण में कसडोल की क्षेत्रीय विधायक सहित जिलाध्यक्ष की खूब चली है, नपा कसडोल में युवा प्रत्याशियों सहित नए चेहरों को मौका तो दिया गया लेकिन कई वर्षो से संघटन में कार्य करने के बावजूद कांग्रेस ने कई नेताओं के पर काट दिये। जिससे वो अब बागी होकर चुनाव मैदान में है।

ये है नपा कसडोल की स्थिति

15 वार्ड की कसडोल नपा में भारतीय जनता पार्टी के 05, कॉग्रेस के 09 व निर्दलीय 01 पार्षद थे। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश बंजारे निर्दलीय चुनाव जीतकर आये थे। कॉग्रेस के ऋतिक मिश्रा को दूसरा स्थान व भाजपा प्रत्याशी श्रीमती श्याम बाई साहू को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ था। इस बार नपा कसडोल का अध्यक्ष सीट ओबीसी महिला के लिये आरक्षित है। जिसके लिए अब पूरे वार्डो में गौर करे तो 06, 07 और 11 वार्डो से ही जीतकर आने वाली महिला से अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार दिखाई दे रहे है।

दोनों पार्टी रच रही रणनीति

सत्ता में काबिज कांग्रेस पार्टी इस बार अपना कब्जा करना चाह रही है लेकिन भाजपा भी सत्ता से बाहर होने के बाद सरकार के कमजोरियों को जनता के सामने लाकर जोर अजमाइश कर चुनावी रणनीति तैयार कर रहे हैं। लगभग सभी दल यहॉ पर फिलहाल अत्यंत सक्रिय है।

जिले में अब तक 20494 क्विंटल अवैध धान जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के निर्देश पर जिले में धान के अवैध परिवहन और अवैध संग्रहण के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी श्री विजय किरण ने बताया कि जिले में अब तक धान के अवैध परिवहन और संग्रहण के 114 प्रकरण दर्ज कर 20494.85 क्विंटल धान और 17 वाहन जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि आज अपर कलेक्टर श्री ए.के.वाजपेयी, एस.डी.एम. बालोद श्रीमती सिल्ली थामस, जिला खाद्य अधिकारी सहित सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग और खाद्य विभाग के अन्य अधिकारियों द्वारा कार्यवाही कर 05 प्रकरण दर्ज कर 1040.4 क्विंटल धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें बालोद विकासखण्ड में एक प्रकरण दर्ज कर 94 क्विंटल धान, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में एक प्रकरण दर्ज कर 44 क्विंटल, डौण्डी विकासखण्ड में एक प्रकरण दर्ज कर 16 क्विंटल और गुण्डरदेही विकासखण्ड में दो प्रकरण दर्ज कर 886.4 क्विंटल धान जब्त की गई। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने जिले में धान के अवैध परिवहन तथा अवैध संग्रहण के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

प्रशांत मेडिकल स्टोर्स का हुआ शुभारम्भ

भटगांव। नगर भटगांव में चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा हेतु नवीन प्रतिष्ठान प्रशांत मेडिकल स्टोर ग्रामीण बैंक के सामने नगर भटगांव में क्षेत्र के सम्मनिय डॉ सत्येंद्र जायसवाल एम. एस. शल्यक्रिया विशेषज्ञ एवम डॉ श्रीमती सुष्मिता जायसवाल डीजीओ स्त्रीरोग विशेषज्ञ जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । इस प्रतिष्ठान पर रात्रिकालीन सेवा हमेशा उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त अवसर पर डॉ सनम जांगड़े जी पूर्व विधयक, टाईगर कुर्रे जी नगर पंचायत अध्यक्ष, डॉ गिरीश शंकर वैष्णव, सीताराम साहू से. नी. प्रधान पाठक, एफ आर साहू प्रधान पाठक श्री राधेश्याम साहू सेवा नी. प्रधान पाठक, केवल प्रसाद साहू, कामता प्रसाद साहू उच्चवर्ग शिक्षक, बुद्धेश्वर प्रसाद साहू, पार्वती साहू, निर्मला साहू, लीलावती साहू प्रधान पाठक, सोमवती साहू उच्चवर्ग शिक्षक, सावित्री साहू उच्चवर्ग शिक्षक, नीलिमा साहू सहायक शिक्षक त्रिपदा साहू सहायक शिक्षक, राम लाल साहू पार्षद, आदि उपस्थित रहे।

ग्रीन कमाण्डो वीरेंद्र सिंह सांता क्लाज बनकर दिया सन्देश

नवप्रदेश संवाददाता

दल्ली राजहरा। पर्यावरण से प्रेम करना कोई ग्रीन कमांडो विरेंद्र सिंह से सीखे जिसमें पर्यावरण के प्रति एक अनूठा जज्बा है पर्यावरण के स सरोकारों से गहरी तक जुड़े ग्रीन कमांडो करीब बीस वर्षो से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में एक अलग ही छवि बिना दी है। आज पर्यावरण को बचाने भिन्न भिन्न तरीको से लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे है। गांव - गांव व शहरों में जाकर नो पॉलिथीन नो प्लास्टिक का संदेश लोगों को दे रहे है। शास एकलव्य आदर्श आवासीय मिडिल स्कूल राजहरा में संता क्लाज बनकर बच्चों को संदेश देते हुए, कहा प्रकृति जो हमें जीने के लिए स्वक्छ वायु, पीने के लिए साफ शीतल जल और खाने के लिए कंद मूल फल उपलब्ध कराती रही है, वही अब संकट में है। आज उसकी सुरक्षा का सवाल उठ खड़ा हुआ है। यह धरती माता आज तरह तरह के खतरों से जूझ रही हैं। लगभग सौ से डेढ़ सौ साल पहले धरती पर घने जंगल थे। कल कल बहती स्वच्छ सरिताए थी। हमारे जंगल तरह तरह के जीव जंतुओं से आबाद थे। आज ये सब ढूंढे नहीं मिलते, नदिया प्रदूषित कर दी गई है। आओ हम सब मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान दे। इस कार्यकम मे सुरेश बघेल,मीनाक्षी यादव,नितिन पाठक,लोकेश कुमार,शिक्षक स्टाफने योगदान दिया ।

बॉडी पेन्टिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



दल्ली राजहरा। 20 वर्षो से पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगो में लगाव पैदा पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न माध्यम से सन्देश दे कर लोगो को जागरूक कर रहे। कभी सायकिल यात्रा,नुक्कड़ नाटक, रैली निकालकर सन्देश दिया जा रहा है।इसी तारतम्य में बॉडी पेन्टिंग के माध्यम से शा प्राथमिक विद्यालय भंडारी पारा राजहरा मे बच्चों के बीच प्रदर्शन किया गया ।

धान खरीदी के संबंध में बैठक आयोजित

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के निर्देशानुसार कल शाम जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बालोद के सभाकक्ष में एस.डी.एम. श्रीमती सिल्ली थामस, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी श्री आर.के.आलेन्द्र द्वारा बालोद एवं गुरूर विकासखण्ड के सहकारी समितियों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित कर धान खरीदी के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को किसी तरह की असुविधा नहीं होने देने, धान खरीदी के उपरांत बारदानों की सिलाई, छल्ली तथा शासन के नियमानुसार स्टेक सिस्टम बनाने तथा बेमौसम बारिश से धान के बचाव के लिए तारपोलिंग की पर्याप्त व्यवस्था आदि के संबंध में चर्चा की गई।

हाक मैराथन में हिस्सा लेंगे अशोक गुप्ता

दल्ली राजहरा। मास्टर अशोक गुप्ता राजनांदगांव में 15 दिसंबर को हाक मैराथन में हिस्सा लेंगे। धावक गुप्ता अभी तक 18 मैराथन में भाग ले चुके है। और अनेकों बार अवॉर्ड व पुरुस्कार पाकर नगर को गौरवान्वित कर चुके है। सन् 2018 में खेल श्री सम्मान प्राप्त हो चुका है।15 अगस्त 2018 को एक दौड़ शहीदों के नाम में तीसरा स्थान, 2019 में जगदलपुर में आयोजित क्रास कंट्री दौड़ में प्रथम स्थान, आल ओपन खरखरा मोंहदीपाट परियोजना जलाशय मैराथन दौड़ में छट्वा स्थान , भिलाई में आयोजित मास्टर गेम में क्रास कंट्री दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर चुके है। धावक अशोक गुप्ता के पास पर्याप्त समय नहीं होने के बौजुद बगैर प्रेक्टिस किए हर खेल में अव्वल रहे है।अशोक गुप्ता ने कहा जब तक सांसे चलेगी तब तक अपनी खेल प्रतिभा को आगे लाते रहेंगे।

लोक शिक्षा संभाग की टीम ने किया स्कूलो का निरीक्षण

भाटापारा। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार दिनांक 11 दिसम्बर 2019 को स्कूल शिक्षा के डीपीआई एवं संयुक्त संचालक लोक शिक्षा रायपुर संभाग की टीमो एवं जिले के जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक के नेतृत्व में विभिन्न स्तर के अधिकारियों व्दारा एक अभियान के तहत शालाओ का आकास्मिक निरीक्षण किया गया विकास खंड स्तर पर जिले के सभी छैः विकासखंडो में विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयको की टीम बनाकर निरीक्षण किया गया।

देऊरगांव स्कूल में डिजिटल क्लास का शुभारंभ

साजा। ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देऊरगांव में आज से डिजिटल क्लास प्रारंभ कर दिया गया है।आईसीटी (इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नालॉजी) के तहत शिक्षा को सरल और सुगम बनाने की दिशा में प्रशासन निरन्तर शिक्षा के क्षेत्र में नवीन तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा दे रही है। इसी उद्देश्य से पूरे राज्य में 4330 विद्यालयों में इसे लागू किया गया है। बच्चों को क्वालिटी युक्त एजुकेशन और मीनू पर आधारित ऑपरेटिंग सिस्टम या साफ्टवेयर पर आधारित प्रणाली के द्वारा शिक्षा दिया जा रहा है। इस नवीन तकनीक के अंतर्गत प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई हो रही है। इस नवीन तकनीक से बच्चे में बड़ा अच्छा प्रभाव पड़ रहा है। सारे बच्चे बहुत खुश है।

डॉ साहसी भारत सरकार से हुए सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

दल्ली राजहरा। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण बोर्ड के द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन भारत सरकार दिल्ली द्वारा डॉ वासुदेव साहसी प्राध्यापक छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर आत्माज टी एस साहसी को बेस्ट रेड क्लब के पुरस्कार से नवाजा गया। ज्ञात हो कि डॉक्टर साहसी को इसके पहले भी दो बार राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जा चुका है। उन्हें नेशनल अवार्ड मिलने पर पिता टी साहसी माता, रंभा देवी साहसी, डां किरण साहसी, छोटा भाई डॉ बीएल साहसी व्याख्याता, राजेश साहसी, इनकम टैक्स अधिकारी ममता साहसी, नम्रता साहसी, कुमारी श्रृंगी आशु, डोमेंद्र कुमार साहसी, हर्षित साहसी, कुमारी काजल साहसी, नेहुल साहसी, पुष्पाकटेन्द्र, नंद किशोरी सिन्हा तथा उनके स्टाफसे प्राचार्य डॉ पुष्पा कौशिक छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर डॉक्टर सी के अग्निहोत्री, डॉ डीके वर्मा, डॉक्टर टी एल वर्मा, डॉक्टर सुनील तिवारी, डॉ एके जाधव, डॉ बीएल देवांगन, कुलसचिव हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग ने हर्ष व्यक्त करते हुए ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

धान खरीदी को लेकर किसानों में बढ़ी परेशानी

नवप्रदेश संवाददाता

भटगांव। इस वर्ष धान खरीदी को लेकर किसानो मे परेशानिया बढ़ा दिया है। जहां धान खरीदी केन्द्र भटगांव मे प्रतिदिन 3 हजार कट्टा धान का टोकन काटा जा रहा है और भटगांव धान खरीदी मे 20 ग्राम पंचायत आते है जहा कुल किसानों की संख्या 2211 है। तो वही प्रति किसान तीन बारियो मे धान बेच सकता है। तो वही भटगांव धान खरीदी मे 96 हजार क्विंटल धान की खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। आपको बता दे कि भटगांव धान खरीदी केन्द्र मे इस वर्ष टोकन को लेकर किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसान हर रोज भारी संख्या मे धान खरीदी केन्द्र मे टोकन काटने का इंतिजार मे लगे रहते है जहा एक लिमिट मे धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। किसान धान खरीदी केन्द्र मे धान शांति पूर्ण ढंग से बेच रहे है। जहां प्रति किसान तीन बार मे अपना धान लाकर धान खरीदी केन्द्र मे धान बेच सकता है इस तरह किसानो मे खरीदी केन्द्र की अंतिम तारिख को लेकर तथा अपनी धान को लेकर परेशानियो मे घिरा है जहा किसान खेत से धान लाकर अपने घर मे रख रहे और घर मे धान रखने की जगह का समस्या बना है जिससे जिससे किसान जल्द से जल्द धान खरीदी केन्द्र मे पहुंचकर अपना धान बेचकर शासन के समर्थन मूल्य का लाभ उठाना चाहता है।

15 वार्डों में 47 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

बिलाईगढ़। अनुविभाग मुख्यालय बिलाईगढ़ में नगरीय निर्वाचन 2019 के तहत नगर पंचायत बिलाईगढ़ में कुल 15 वार्ड में पार्षद पद हेतु 47 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में है। प्राप्त समाचार के अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के तहत नगर पंचायत बिलाईगढ़ के कुल 15 वार्ड पार्षद हेतु 47 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में है मतदान की तिथि 21 दिसंबर व मतगणना हेतु 24 दिसंबर निर्धारित है। निर्वाचन कक्ष बिलाईगढ़ से मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 1 से अमरीका कहार (भाजपा)जुम्मन बी मोमिन (कांग्रेश) व कीर्ति शर्मा (निर्दलीय) वार्ड क्रमांक 02 से इसुप खां मोमिन (कोंग्रेस) सियाराम कहार (भाजपा) व सौभाग्य शरण सिंह (निर्दलीय) वार्ड क्रमांक 03 से गोविंद प्रकाश राकेश (कांग्रेश) राधा राकेश (भाजपा) व भोजराम जयसवाल (निर्दलीय) वार्ड क्रमांक 04 से द्वारिका प्रसाद देवांगन (कांग्रेश) पंचराम राकेश (भाजपा) सुनील कुमार देवांगन (निर्दलीय)व टीकाराम जायसवाल (निर्दलीय) वार्ड क्रमांक 05 से कविता देवांगन (कोंग्रेस)शीतला देवांगन (भाजपा)व सुनीता देवांगन (निर्दलीय) वार्ड क्रमांक 06 से आनंद कुमार कैवर्त (कांग्रेस) त्रिलोक चंद देवांगन (भाजपा)व लकेश्वर देवांगन, चुनाव लड़ रहे हैं।

आयोजन | अपने बच्चों को इतना ज्यादा शिक्षा दे कि वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर सके - अहिरे

पुलिस सखी कार्यक्रम में पुलिस अधिक्षक ने महिलाओं का किया सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर थाना परिसर में आज शुक्रवार को पुलिस सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे पुरे विकासखण्ड क्षेत्र से सैकडो की संख्या में महिला पुरूष वरिष्ठ नागरिक शामिल हूए, कार्यक्रम का शुभारंभ गरियाबंद जिला के पुलिस अधिक्षक श्री एम .आर.अहिरे ने दीप प्रज्जवलन कर किया , इस मौके पर डीएसपी गरियाबंद टी आर कंवर , एसडीओपी मैनपुर रूपेश डांडे, उमेश राजी, वेदमती दरिया, थाना प्रभारी संतोष भुआर्य, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भरत दिवान, ग्राम पंचायत हरदीभाठा के उपसरपंच योगेश शर्मा, वरिष्ठ नागरिक हेमसिंह नेगी विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजित पुलिस सखी कार्यक्रम को संबोधित करते हूए गरियाबंद जिला के पुलिस अधिक्षक श्री एम आर अहिरे ने कहा कि आज से कुछ माह पहले मैनपुर क्षेत्र से पांच महिलाए गरियाबंद पहुचकर पुलिस सखी के रूप मे कार्य करने की इच्छा जाहीर किए थे आज मैनपुर क्षेत्र के पांच ग्राम पंचायतो में महिलाए स्व स्फ्रुर्त सामने आकर पुलिस सखी के रूप में कार्य कर रही है पुलिस सखी की महिलांए समाज में व्याप्त बुराईयो जैसे शराब, जुआ, सटट्ा अन्य नशा महिला अत्याचार को रोकने पुलिस के साथ मिलकर कार्य कर रही है जिसके चलते गांवो में अब इन बुराईयों से लोग दुर होने लगे है, उन्होने आगे कहा पुलिस सखी की महिलाए गांव में बेहतर कार्य कर रही है और पुलिस के साथ मिलकर कार्य कर रही है पुलिस सखी की महिलाओं को यदि किसी व्यक्ति द्वारा बेवजह परेशान किया जाएगा तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी आज महिलाओं को अपने अधिकारों को समझने की जरूरत है इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी हमेशा शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है हमे अपने बच्चो को इतना ज्यादा शिक्षित बनाना होगा कि अपने अधिकारो को जाने उनके अधिकारों का कोई हनन न कर सके, महिलाओं को अपनी बातो को खुलकर और निर्भिक होकर रखना चाहिए, महिलाओं के पास असिमित अधिकार है उन अधिकारों का उपयोग कर बहुत आगे बढ सकते है महिला और पुरूष दोनों को कानून के नजर में बराबर अधिकार मिला है माता - पिता की सम्पति में बेटा और बेटी बराबर के हकदार है, आज दहेज के नाम पर महिलाओ पर अत्याचार हो रहा है, अन्य प्रदेशो में भ्रूण हत्या जैसे मामले बढे है आज पुरे समाज को चाहिए की वे महिलाओ को बराबरी का हक दे जिस सम्मान के वे हकदार है। श्री अहिरे ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हूए कहा कि आज शासन द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाए चलाई जा रही इन योजनाओं का लाभ महिलाओ को लेना चाहिए महिला समूह में जुडकर आत्मनिर्भर बनना होगा महिला जब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो जाएगी ।

आरंग में भव्य बाइक रैली 15 को

खरोरा। बाबा गुरु घासीदास जी की 263 वी जयंती के पूर्व प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवाओं द्वारा भव्य बाइक रैली तथा भव्य शोभायात्रा सतनामी समाज द्वारा 15 दिसंबर दिन रविवार को आरंग में निकाली जाएगी। यह शास्त्री नगर आरंग से दीप प्रज्वलित व पूजा-अर्चना कर प्रारंभ किया जाएगा ।

निधन

जोगिंदर कौर सलूजा

खरोरा। सरदारनी जोगिंदर कौर चावला (96) वर्ष का आकस्मिक निधन आज दिनांक 13.12.19 शुक्रवार को हो गया है। इनका गुरुद्वारे के प्रति बहुत ज्यादा लगाव था वे नगर प्रतिष्ठित इलेक्ट्रानिक ,एवम ट्रांसपोर्ट व्यवसायी स्व सुरेंद्र सिंह चावला की माता जी एवं इंदरपाल सिंह चावला, हरपाल सिंह चावला, मनिंदर सिंह चावला की दादी एवम गुरुमीत सिंह भाटिया रायपुर वाले कि नानी थी उनकी अंत्योष्टि स्थानीय मुक्तिधाम खरोरा में कल 14 दिसंबर शनिवार को सुबह 11 वजे होगी।

न्यूज गैलरी

भोपाल अन्तर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज प्रतियोगिता 21 से

भोपाल, (वार्ता)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 21 दिसंबर से आठ दिवसीय भोपाल अन्तर्राष्ट्रीय ग्रैंड मास्टर शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। यह प्रतियोगिता एकेडमी आफचैस एजुकेशन भोपाल एवं खेल एवं युवक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में अयोध्या नगर स्थित होटल कांता श्रवण पैलेस में होगी। इस प्रतियोगिता में अजरबैजान, बंगलादेश, चिली, कोलम्बिया, मिस्त्र, हंगरी, इंडोनेशिया, स्लोवाकिया, ताजिकिस्तान, यूक्रेन , अमेरिका, उज्बेकिस्तान, वियतनाम एवं भारत के कई नामी खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में कुल 14.14 लाख रुपये के नगद पुरस्कार हैं। प्रथम पुरस्कार में 2 लाख रुपये, द्वितीय में 1.50 लाख, तृतीय पुरस्कार में 1 लाख रुपये प्रदान किये जागेंगे।

केरला को हराकर शीर्ष पर पहुंचना चाहेगा जमशेदपुर

कोच्चि (वार्ता)। लगातार दो मैचों में अंक बांटने के बाद जमशेदपुर एफसी शुक्रवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले अपने अगले मैच में मेजबान केरला बलास्टर्स को हराकर हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के छठे सीजन में शीर्ष स्थान पर पहुंचना चाहेगी। दूसरी तरफ केरला बलास्टर्स की कोशिश जीत की पटरी पर लौटने की होगी। केरला ने इस सीजन का उद्घाटन मैच जीतने के बाद से पिछले छह मैचों में अब तक एक भी मैच नहीं जीता है। इन छह मैचों में टीम ने अब तक तीन ड्रॉ खेले हैं जबकि इतने ही हारे हैं और वह अंकतालिका में आठवें नंबर पर है। जमशेदपुर के खिलाफ होने वाला यह मैच केरला के लिए आसान नहीं होने वाला है, जो इस समय तीन जीत के साथ 12 अंक लेकर तालिका में चौथे नंबर पर है।

बॉम्बे बुलेट्स ने गुजरात जाएंट्स के मुंह से जीत छीनी

नई दिल्ली (वार्ता)। बॉम्बे बुलेट्स टीम ने गुजरात जाएंट्स टीम को हराते हुए इंदिरा गांधी स्टेडियम कॉम्पलेक्स के केडी जाधव हॉल में जारी बिग बाउट इंडियन बॉक्सिंग लीग में अपनी दावेदारी बरकरार रखी है। बॉम्बे बुलेट्स टीम ने गुजरात जाएंट्स को 4-3 से हराकर खुद को सेमीफाइनल की दौड़ में कायम रखा है। इस जीत के साथ बॉम्बे बुलेट्स टीम के तीन मैचों से 11 अंक हो गए हैं और उसने टॉप-4 में प्रवेश कर लिया है। गुजरात के चार मैचों से 17 अंक हैं। यह टीम पहले स्थान पर है। ओडिशा वॉरियर्स चार मैचों से 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि पंजाब पैंथर्स टीम तीन मैचों से 12 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। नार्थईस्ट राइनोज टीम के तीन मैचों से 11 अंक हैं।

आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड ने की 2023 फीफा विश्वकप की संयुक्त दावेदारी

सिडनी, (वार्ता)। न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया ने 2023 फीफा महिला विश्वकप की मेज़बानी के लिये शुक्रवार को संयुक्त दावेदारी पेश की। दोनों देशों ने एशिया-ओसनिया क्षेत्र में महिला फुटबाल को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त मेज़बानी की दावेदारी पेश की है। यह पहला मौका भी है जब दो देशों ने महिला विश्वकप की मेज़बानी के लिये संयुक्त दावेदारी पेश की है जिसमें पहली बार 32 टीमों के साथ टूर्नामेंट खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया फुटबाल संघ(एफएफए) और न्यूजीलैंड फुटबाल (एनजेडएफ) ने आधिकारिक रूप से फीफा के ज्युरिख स्थित मुख्यालय में अपना प्रस्ताव पेश किया और इसके बाद मेलबोर्न के एएएमआई स्टेडियम में

इसकी घोषणा की। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की सरकारों ने भी अपने फुटबाल संघों के इस फैसले का समर्थन किया है।

आस्ट्रेलिया के युवा एवं खेल मामलों के मंत्री रिचर्ड कोलबेक ने कहा कि ट्रांस-तस्मान विश्वकप न केवल विश्व स्तरीय स्टेडियमों की सुविधा उपलब्ध कराएगा बल्कि स्थानीय लोगों की विविध फुटबाल संस्कृति को भी दर्शाएगा। उन्होंने कहा हमारा फीफा महिला विश्वकप 2023 की मेज़बानी की दावेदारी करने का मकसद आस्ट्रेलिया में लड़कियों और महिलाओं को फुटबाल के खेल से जोड़ना और उन्हें इसके लिये प्रेरित करना है, साथ ही यह खेल उनकी शारीरिक क्षमता को बढ़ाने के साथ अच्छी सेहत के लिये भी जरूरी है। कोलबेक ने कहा, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों का ही फुटबाल और बड़े टूर्नामेंटों की मेज़बानी में शानदार इतिहास रहा है। हमारे पास बढ़िया मूलभूत ढांचा, विशेषज्ञता और जोश है और हम 2023 महिला विश्वकप की संयुक्त मेज़बानी कर सकते हैं। अभी तक आठ देशों ने इस विश्वकप की मेज़बानी में दिलचस्पी दिखाई है।

क्रिकेट खिलाड़ियों की सजेगी दुकान, कौन महंगे में बीकेगा, बड़ा सवाल

नई दिल्ली, (वार्ता)। आईपीएल की 19 दिसम्बर को कोलकाता में होने वाली नीलामी में कौन खिलाड़ी सबसे महंगा बनेगा, यह सवाल इस समय क्रिकेट जगत में यक्ष प्रश्न बना हुआ है। आईपीएल नीलामी के लिए पंजीकृत 971 खिलाड़ियों को घटाकर 332 कर दिया गया है जिसमें भारत के 19 कैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं।

नीलामी में 73 खिलाड़ियों को खरीदा जाएगा

नीलामी में 73 खिलाड़ियों को खरीदा जाना है जिसमें विदेशियों की संख्या 29 रहेगी। आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और क्रिस मौरिस तथा तेज गेंदबाज पैट कमिंस को भारी भरकम कीमत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नीलामी में खिलाड़ियों को उनके कौशल के हिसाब से रखा गया है। नीलामी में खिलाड़ियों के बिकने का क्रम बल्लेबाज, आलराउंडर, विकेटकीपर-बल्लेबाज, तेज गेंदबाज और स्पिनर के रूप में रहेगा। नीलामी में पहले कैप्ड खिलाड़ी बिकेंगे और फिर अनकैप्ड खिलाड़ियों का नंबर आएगा। मैक्सवेल, कमिंस जोश हेजलवुड, मिशेल मार्श, डेल स्टेन और एंजेलो मैथ्यूज ने अपन आधार मूल्य दो करोड़ रुपये रखा है। भारतीयों में रोबिन उथप्पा ने अपना आधार मूल्य डेढ़ करोड़ रुपये रखा है।

इस बार 24 नए खिलाड़ियों को जोड़ा

नीलामी की शुरुआत सात बल्लेबाजों की नीलामी से होगी जिसमें आरोन फिंच, क्रिस लिन, जैसन रॉय, इयोन मॉर्गन और रोबिन उथप्पा शामिल हैं। अंतिम सूची में 24 नए खिलाड़ियों को जोड़ा गया है जिनके नामों की फ्रैंचाइज़ी टीमों ने सिफारिश की थी। इन नए नामों में वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज केसरिक विलियम्स, ऑस्ट्रेलिया के डेन क्रिस्टियन और लेग स्पिनर एडम जम्पा, बंगलादेश के पूर्व कप्तान मुशफिकुर रहीम और सरे के 21 वर्षीय बल्लेबाज विल जैक्स शामिल हैं। विलियम्स ने यूएई में लंकाशायर के खिलाफसत्र से पूर्व टी-10 मैच में मात्र 25 गेंदों में सैकड़ा ठोका था।

2 करोड़ के ब्रैकेट में सभी विदेशी

उथप्पा 1.5 करोड़ के ब्रैकेट में अकेले भारतीय

नई दिल्ली (वार्ता)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2020 के आगामी सत्र में कुल 332 खिलाड़ी नीलामी में भाग्य आज़माएंगे जिसमें दो करोड़ रूपये के अधिकतम बेस प्राइस में जहां सभी विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिली है, वहीं इसके बाद 1.5 करोड़ रूपये के दूसरे ब्रैकेट में रॉबिन उथप्पा अकेले भारतीय हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में इसकी जानकारी दी। अगले वर्ष आईपीएल-2020 के लिये नीलामी कोलकाता में 19 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। आईपीएल नीलामी के लिए शुरूआत में पंजीकृत खिलाड़ियों की संख्या 971 थी जिसे आठ फ्रेंचाइजियों की अंतिम सूची के बाद घटाकर 332 कर दिया गया है। कोलकाता में होने वाली नीलामी में कुल 186 भारतीय खिलाड़ी, 143 विदेशी खिलाड़ी और तीन एसोसिएट राष्ट्र के खिलाड़ी शामिल हैं।



अनकैप्ड खिलाड़ियों में 40 लाख रूपये का अधिकतम बेस प्राइस रखा गया है जिसमें कुल सात खिलाड़ी(6 विदेशी, 1 भारतीय), 30 लाख रूपये के बेस प्राइस में कुल 8 खिलाड़ी(3 विदेशी, 5 भारतीय) और 20 लाख रूपये के बेस प्राइस में कुल 183 खिलाड़ी(16 विदेशी, 167 भारतीय) शामिल हैं।

दो करोड़ के कैप्ड में सात विदेशी खिलाड़ी

कैप्ड खिलाड़ियों में दो करोड़ रूपये के उच्चतम ब्रैकेट में शामिल सभी सात खिलाड़ी विदेशी हैं जिनमें ग्लेन मैक्सवेल, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिशेल मार्श, डेल स्टेन और एंजेलो मैथ्यूज हैं। भारतीयों में उथप्पा ने अपना आधार मूल्य डेढ़ करोड़ रुपये रखा है और वह दूसरे 1.5 करोड़ रूपये के ब्रैकेट में शामिल कुल 10 खिलाड़ियों में अकेले भारतीय हैं। भारतीय खिलाड़ियों में पीयूष चावला, यूसुफपठान और जयदेव उनादकट का बेस प्राइस एक करोड़ रूपये है। इसके बाद 1 करोड़ रूपये के ब्रैकेट में कुल 23 खिलाड़ी (3 भारतीय, 20 विदेशी), 75 लाख रूपये के ब्रैकेट में 16 खिलाड़ी(सभी विदेशी) और 50 लाख रूपये के ब्रैकेट में कुल 78 खिलाड़ी(69 विदेशी, 9 भारतीय) शामिल हैं।

लगातार दूसरी हार के साथ सिंधू बाहर

ग्वांग्झू, (वार्ता)। गत चैंपियन भारत की पीवी सिंधू बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन फाइनल में गुरूवार को लगातार दूसरी हार झेलकर खिताबी होड़ से बाहर हो गयीं।

विश्व चैंपियन और इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण की विजेता सिंधू को गुरुवार को चीन की येन युफेई के हाथों ग्रुप ए के मुकाबले में 22-20, 16-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। साल के इस आखिरी टूर्नामेंट में अपने दूसरे मैच में सिंधू पहला गेम जीतने के बाद अगले दो गेम हार गयीं और उन्हें एक घंटे 12 मिनट में हार का सामना करना पड़ा। सिंधू बुधवार को पहले मैच में जापान की अकाने यामागुची से हार गयी थीं। यामागुची के खिलाफ भी सिंधू ने पहला गेम जीतने के बाद मैच गंवाया था।

इस बीच यामागुची ने इस ग्रुप के एक अन्य मुकाबले में चीन की ही बिंग जियाओ को एक घंटे 11 मिनट में 25-27 21-10 21-13 से हराया जिससे सिंधू की सारी उम्मीदें समाप्त हो गयीं। यामागुची और युफेई इस ग्रुप में लगातार दो मैच जीत चुकी हैं और उनका सेमीफाइनल में स्थान पक्का हो चुका है जबकि सिंधू और जियाओ लगातार दो मैच हारकर बाहर हो चुकी हैं।

कुंबले ने की नंबर-4 पर श्रेयस अय्यर को खेलाने की पैरवी

नई दिल्ली, (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच अनिल कुंबले ने टीम क्रम में नंबर चार की अहमियत बताते हुये इस स्थान पर युवा खिलाड़ियों को मौका दिये जाने की पैरवी की है। भारत और वेस्टइंडीज़ के बीच टी-20 सीरीज़ के बाद अब दोनों टीमें वनडे सीरीज़ में उतरेंगी। लेकिन एक बार फिर चर्चा बल्लेबाज़ी क्रम में नंबर-4 के स्थान पर किसी बेहतर विकल्प को लेकर की जा रही है। वेस्टइंडीज़ दौरे में युवा बल्लेबाज़ श्रेयस अय्यर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर चुके हैं और सफल भी रहे थे, ऐसे में कुंबले का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को श्रेयस को इस क्रम पर लंबे समय तक मौका देना चाहिये ताकि वह खेलने में सहज हो सकें। पूर्व कप्तान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, शिखर धवन अभी टीम के साथ नहीं हैं जिससे लोकेश राहुल के पास ओपनिंग करने का मौका है। हमने श्रेयस को भी बल्लेबाजी करते देखा है और वह नंबर चार पर बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं और बेहतर विकल्प हो सकते हैं। कुंबले ने साथ ही कहा कि वह भारतीय गेंदबाज़ों के मौजूदा प्रदर्शन से खुश हैं और वनडे में विंडीज़ के मजबूत बल्लेबाज़ों की चुनौती के लिये उन्हें अपनी शुभकामनाएं भी देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि विंडीज़ के खिलाफगेंदबाजी मजबूत रहे। विपक्षी टीम के पास कई आक्रामक बल्लेबाज़ हैं और पिच भी अच्छी होगी तो गेंदबाज़ों को अच्छा खेल दिखाना चाहिये।

वनडे सीरीज | बुमराह भारत की द. अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज़ की शुरूआत से ही टीम से बाहर है

भारतीय टीम के साथ नेट सत्र में हिस्सा लेंगे बुमराह

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया के तहत वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे वनडे से पूर्व भारतीय टीम के साथ नेट सत्र में हिस्सा लेंगे।

भारत और वेस्टइंडीज़ के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज़ 18 दिसंबर से शुरू होगी जिसका दूसरा मैच विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। भारत ने वेस्टइंडीज़ से तीन मैचों की टी-20 सीरीज़ 2-1 से जीत ली है। बुमराह भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज़ की शुरूआत से ही टीम से बाहर हैं। टीम प्रबंधन ने

उम्मीद जताई है कि वह अगले वर्ष न्यूजीलैंड दौरे तक फिट हो जाएंगे।

टीम प्रबंधन के अनुसार बुमराह भारतीय टीम के साथ नेट सत्र में हिस्सा लेंगे जो एक तय नियम है। किसी भी चोटिल खिलाड़ी के लिये राष्ट्रीय टीम में वापसी से पहले रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया में हिस्सा लेना अनिवार्य होता है। बुमराह के अलावा हार्दिक पांड्या भी पीठ की चोट के कारण रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। हालांकि समझा जाता है कि बुमराह का फिलहाल राष्ट्रीय टीम में वापसी करना संभव नहीं है और वह श्रीलंका के खिलाफभी सीरीज़ में नहीं खेल पाएंगे। अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले टी-20 विश्वकप में भारतीय उम्मीदों के लिये बुमराह की टीम में मौजूदगी खासी जरूरी मानी जा रही है। बंगलादेश और वेस्टइंडीज़ के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज़ में भारत ने एक एक मैच गंवाया था और मौजूदा स्थिति में भारतीय तेज़ आक्रमण में बुमराह की कमी साफदिखाई दे रही है।

अगस्त-सितंबर में टेस्ट मैच में खेले थे

26 साल के तेज़ गेंदबाज़ बुमराह टीम इंडिया की ओर से आखिरी बार किंग्सटन में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ अगस्त-सितंबर में टेस्ट मैच में खेले थे। उनका आखिरी वनडे जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में और आखिरी टी-20 फरवरी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरू में था। बुमराह ने 12 टेस्टों में 62 विकेट, 58 वनडे में 103 विकेट और 42 टी-20 में 51 विकेट लिये हैं।

घने कोहरे की चादर में लिपटी चिल्फीघाटी

वाहन चालकों को घाट से उतरने हो रही परेशानी

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। चिल्फीघाटी में कुछ इस तरह कोहरा जमने लगा है कि वाहन भी सही ढंग से दिखाई नही देते जिसके चलते अनहोनी घटना घटीत होने की अशंका बनी रहती हैं। कोहरे के कारण वाहन चालको को सही रूप से मार्ग भी नही दिख पाता और सडक़ो के किनारे लगाये हुये रेडियम भी कोहरे के चलते नही चमक पाते जिसके चलते वाहन चालको मे भय बना रहता हैं। चिल्फीघाटी में इन दिनों कड़ाके की ठंड पडऩे लगी है और कोहरा भी कुछ इस तरह बन रहा है कि कोहरे में वाहन भी ढक जा रहे हैं। प्राकृतिक की गोद में बसा हुआ यह घाटी सहज ही लोगो को अपनी ओर अकर्षित कर लेता है वही देश विदेश के सयलानी भी चिल्फीघाटी पहुंच रहे हैं। इस क्षेत्र में काडक़े कि ठंड पड रही है सुबह-सुबह खेत खलियानों मे ओस की बूंदे परत की तरह जमने लगी हैं।

जो बर्फ की तरह दिखाई देने लगता है हालांकि इसे बैगा आदिवासी खर्रा कहते है बैगा आदिवासी सर्द हवाओं से बचने उपाय कर रहे हैं। इसके साथ ही लोग अलाव का सहारा ले रहे है। कवर्धा के चिल्फीघाटी जैसे इलाकों में पेड़ के पत्तो पर ओस के बूंदे जमने लगी है। वही वनांचल क्षेत्र में चिल्फीघाटी प्राकृतिक सौंदर्य से तो भरा पूरा है ही और जब ठंड का समय आता है तो मानों ओस की बूंदे जमनी शूरू हो जाती है। वनांचल के बाशिंदे इन सर्द हवाओं में बचने रात्रि के समय अंगेठे का सहारा लेते है। वहीं घास में जमी ओस की बूंदे बर्फ की तरह दिखने लगती है।



चिल्फीघाटी का मनोरम दृश्य घाट के शुरू होने से पहले ही सर्द हवाओं का अहसास कराने लगता है। वही वनांचल के बाशिंदे इन सर्द हवाओं से बचने उपाय करते रहते हैं। चिल्फीघाटी सहज ही लोगों को आकर्षित करने लगती है तथा दूर दराज से यहां के मौसम का आनंद उठाने सयलानी भी पहुंचते है। मौसम में बदलाव आने के कारण तापमान में भी गिरावट आई है । यह नजारा वनांचल के खेत खलिहानों में व हरे-भरे पौधों के बीच आसानी से देखा जा सकता हैं।

मौसम बदला, शीत लहर सा एहसास

चिल्फीघाटी में इन दिनों तापमान 6 सेल्सियस व अधिकतम 10 से 12 डिग्री बना रहता है। मौसम बदलने से दिन भर शीत लहर चलने लगा है और शाम होते-होते तेज सर्द हवाएं बढ़ जाती है। वहीं नदी नालों के किनारे कोहरे के साथ-साथ ओस की बूंदे घासों में जमी हुई दिख जाती है और इस तरह तापमान गिरने के कारण ओस की ये बूंदे बर्फ का रूप ले रही है। ठंड से बचने वनांचल के बैगा आदिवासी आस लगाए बैठे है कि कोई स्वयं सेवी संस्था इन्हें गर्म कपड़े दे दे। जिससे इन्हें इस कड़ाके कि ठंड मं राहत मिल सके।

भारतीय नौसेना

अवसरों का महासागर

10 + 2 (बी. टैक) कैडेट प्रवेश योजना (स्थायी कमीशन)

कोर्स आरम्भ – जुलाई 2020 से

भारतीय नौसेना, अविवाहित पात्र पुरुष अभ्यर्थियों से जिन्होंने किसी बोर्ड से सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा (10 + 2 पैटर्न) अथवा इसके समकक्ष परीक्षा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित (पीसीएम) में न्यूनतम 70% कुल अंकों तथा अंग्रेजी (कक्षा 10वीं अथवा 12वीं में) में न्यूनतम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण की है, 10 + 2 (बी. टैक) कैडेट प्रवेश योजना के अधीन चार वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करती है।

आयु सीमा:

02 जनवरी-2001 एवं 01 जुलाई, 2003 के मध्य जन्म (दोनों तिथियां शामिल)

नोट:

(ए) उम्मीदवारों को 29 नवम्बर से 19 दिसम्बर, 2019 तक भर्ती वेबसाइट www.joinindianarmy.gov.in पर अपने आवेदन को प्रस्तुत एवं रजिस्टर करना है।

(बी) ऑनलाईन (ई-आवेदन): ई-आवेदन भरते समय यह सलाह दी जाती है कि संबंधित दस्तावेजों को सुलभता से उपलब्ध रखें जिससे वह अपने व्यक्तिगत विवरणों को सही भर सके।

(सी) मैट्रिक्युलेशन प्रमाणपत्र/ 12वीं प्रमाण पत्र में दिए गए अनुसार विवरणों को भरा जाना है।

(डी) फील्ड्स जैसे ई-मेल पता, मोबाईल नम्बर अनिवार्य फील्ड्स है।

(ई) सभी सुसंगत दस्तावेज (मूल को वरीयता), जन्म तिथि प्रमाण (10वीं/ 12वीं प्रमाणपत्रों के अनुसार), 10वीं की अंकतालिका, 12वीं की अंकतालिका JEE (Main)-2019 स्कोर कार्ड (अखिल भारतीय रैंक प्रदर्शित करता हुआ) तथा एक नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटोग्राफ JPG/ Tiff प्रारूप में मूल ही स्कैन की जानी चाहिए। आवेदन भरते समय उन्हें संलग्न करने के लिए।

(एफ) यदि किसी कारण से, कोई स्कैन किया गया दस्तावेज अपठनीय है, आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा।

(जी) ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र की एक प्रति प्रिंट करें तथा इसे एसएसबी साक्षात्कार हेतु शामिल होते समय मूल प्रमाण पत्रों/ दस्तावेजों के साथ रखें।

महत्वपूर्ण-

(ए) विस्तृत सूचना व चयन प्रक्रिया के बारे में पूर्ण विज्ञापन एम्पलायमेंट न्यूज दिनांक 23 नवम्बर 2019 में प्रकाशित किया जाएगा तथा www.joinindiannavy.gov.in में भी उपलब्ध होगा। अभ्यर्थी 29 नवम्बर से 19 दिसम्बर 2019 तक आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि पर नेटवर्क व्यस्तता से बचने के लिये जल्दी आवेदन करना उचित होगा।

(बी) अपने ऑनलाइन आवेदन अंतिम रूप से जमा कराने से पहले बेवसाइट पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ लेवें।

(सी) आपका आवेदन बाद की जांच के विषयाधीन होगा। किसी भी चरण पर अयोग्य/ अवैध पाए जाने पर आवेदन अस्वीकार कर दिये जाएंगे।

(डी) ऑनलाइन आवेदन के बंद होने के पश्चात, अपलोड किए जा चुके दस्तावेजों में किसी भी प्रकार के संशोधन करने को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(ई) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण पर आप द्वारा की गई घोषणा के गलत पता लगने पर आपकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

(एफ) **विज्ञापन में दिए गए निर्देश व शर्तें परिवर्तन के विषयाधीन है अत: इसे केवल मार्गदर्शन ही माना जाए।**

क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें

स्टेप 1: क्यूआर कोड स्कैनर एप डाउनलोड करें

स्टेप 2: क्यूआर कोड स्कैनर एप खोले तथा इसे स्कैन करे

स्टेप 3: यूआरएल खोले तथा निर्देशों का पालन करें

डीएवीपी-10701-11-0031-1920